अगहन मास, कृष्ण पक्ष 20 वर्ष, अंक 326 पृष्ठ 8 मूल्य 1.00

अखंड भारत संदेश

प्रयागराज से प्रकाशित

www.akhandbharatsandesh.net

नगर संस्करण प्रयागराज | रविवार 21 नवम्बर 2021 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

क्रियायोग संदेश

क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान संस्थान प्रयागराज

क्रिया योगः साँच (सच Truth) को आँच नहीं। आँच अज्ञानता (अविद्या Ignorance) समय, दूरी व सापेक्षता की अनुभूति है जो समस्त दुःखों का कारण है। अध्यात्मिक वैज्ञानिकों ने यह सिद्ध कर दिया है कि सामान्य तरीके से जीवन जीने पर सच की अनुभूति के लिए व्याधि रहित लगभग दस लाख वर्ष की आवश्यकता होती है, लेकिन क्रियायोग अभ्यास से सच की अनुभूति एक ही जन्म में सम्भव है।

1. प्राचीन उच्च मानव सभ्यता मे वर्णित यज्ञ, वर्तमान में विश्व विख्यात 'क्रियायोग' है।
2. क्रियायोग अभ्यास वेदपाठ है, पूर्ण ज्ञान की अनुभूति है।
3. क्रियायोग अभ्यास ईश्वर अनुभूति है।
4. क्रियायोग अभ्यास अतीत, वर्तमान व भविष्य से जुड़ना है।
5. क्रियायोग अभ्यास जीवन मृत्यु पर विजय है।

क्रियायोग से सभी प्रकार की समस्याओं का समाधान सुनिश्चित।

क्रियायोग हं ★ क्षं परमात्म अनुभूति का सर्वोच्च मार्ग

10 मिनट का अभ्यास 20 वर्ष का विकास

पीएम मोदी के संसदीय क्षेत्र वाराणसी को मिला गंगा किनारे बसे सबसे स्वच्छ शहर का खिताब

नई दिल्ली। केंद्र सरकार के वार्षिक सर्वेक्षण 2020 के अनुसार गंगा किनारे बसे सबसे स्वच्छ शहरों में सबसे शीर्ष स्थान वाराणसी का था। इतिहास से भी पुराना एवं सबसे पवित्र शहर वाराणसी को गंगा नदी के किनारे बसे सबसे साफ शहर बनाने में सबसे ज्यादा योगदान भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का रहा है। वाराणासी। हम सबके लिए यह बहुत ही गर्व की बात है की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संसदीय क्षेत्र वाराणसी को देश में गंगा किनारे बसा सबसे स्वच्छ शहर का खिताब प्राप्त हुआ है। आपको बता दें कि यह लगातार दूसरी बार है जब सबसे स्वच्छ शहर के लिए वाराणसी को चुना गया है। इससे पहले केंद्र सरकार के वार्षिक सर्वेक्षण 2020 के अनुसार गंगा किनारे बसे सबसे स्वच्छ शहरों में सबसे शीर्ष स्थान वाराणसी का था। इतिहास से भी पुराना एवं सबसे पवित्र शहर वाराणसी को गंगा नदी के किनारे बसे सबसे साफ शहर बनाने में सबसे ज्यादा योगदान भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का रहा है।

प्रधानमंत्री मोदी ने अपने संसदीय क्षेत्र में बसी गंगा के अस्सी घाट से स्वच्छ भारत मिशन की शुरूआत की थी। जिसके बाद से गंगा। के 84 घाटों की सफाई बहुत तेज रफ्तार से बेहतर होती चली गई और इन्हीं सबका का नतीजा ये है कि आज वाराणसी को यह पुरस्कार मिला है। गार्बेज फ्री सिटी और सफाई मित्र चैलेंज की श्रेणी में उल्लेखनीय योगदान के लिए नई दिल्ली के विज्ञान भवन में शनिवार को वाराणसी नगर निगम को राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। इस सम्मान को भारत के राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद के द्वारा दिया जाएगा। पुरस्कार लेने के लिए महापौर मृदुला जायसवाल नई दिल्ली पहुंच गई हैं।

भारत को विश्वगुरु बनाने के लिए भागवत ने दिया यह मंत्र

धर्म परिवर्तन करने की जरूरत नहीं

नई दिल्ली। छत्तीसगढ़ के कार्यक्रम में बोलते हुए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ प्रमुख मोहन भागवत ने भारत को विश्व गुरु बनाने को लेकर कहा, ₹हमें किसी का धर्म परिवर्तन नहीं करना है बल्कि जीना सिखाना है।

हम पूरी दुनिया को ऐसा सबक देने के लिए भारत भूमि में पैदा हुए हैं। हमारा संप्रदाय किसी की पूजा प्रणाली को बदले बिना अच्छा इंसान बनाता है।₹ मुंगेली जिले से होकर बहने वाली शिवनाथ नदी में स्थित मदकू द्वीप में 16 नवंबर से 19 नवंबर तक घोष शिविर का आयोजन किया गया था। शुक्रवार को इसके समापन के अवसर पर घोष प्रदर्शन का आयोजन किया गया, जिसमें आरएसएस प्रमुख ने हिस्सा लिया था। उन्होंने इस अवसर पर कहा, सत्यमेव जयते नानृतम्। सत्य की ही जीत होती है,

असत्य की नहीं। झूठ कितनी भी कोशिश कर लेकिन झूठ कभी विजयी नहीं होता है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के प्रमुख मोहन भागवत ने कहा है कि विश्व गुरु भारत के निर्माण के लिए हम सभी को मिलकर साथ चलना होगा। भागवत ने शुक्रवार को मुंगेली जिले के मदकू द्वीप में घोष शिविर के समापन समारोह में कहा, हम सभी को अपने पूर्वजों के उपदेशों को स्मरण करना है। हमारे पूर्वजों के पुण्य का स्मरण करा देने वाले इस क्षेत्र में संकल्प लेना है कि संपूर्ण विश्व को शांति सुख प्रदान करा देने वाला विश्वगुरु भारत गढ़ने के लिए हम सुर में सुर मिलाकर एक ताल में कदम से कदम मिलाकर सौहार्द और समन्वय के साथ आगे बढ़ेंगे।

भागवत ने कहा, यहां विविधता में एकता है और एकता में विविधता है। भारत ने कभी किसी का बुरा नहीं चाहा। पूर्व में हमारे पूर्वज यहां से पूरी दुनिया में गए और उन्होंने वहां के देशों को अपना धर्म (सत्य) दिया।

लेकिन हमने कभी किसी को बदला नहीं, जो जिसके पास था उसे उसके पास ही रहने दिया। हमने उन्हें ज्ञान दिया, विज्ञान दिया, गणित और आयुर्वेद दिया तथा उन्हें सभ्यता सिखाई। इसलिए हमारे साथ लड़ने वाले चीन के लोग भी यह कहते हुए नहीं सकुचाते कि भारत ने 2000 वर्ष पूर्व ही चीन पर अपनी संस्कृति का प्रभाव जमाया था, क्योंकि उस प्रभाव की याद ही सुखद है दुखद नहीं है। उन्होंने कहा कि दुनिया उसी को पीटती है जो दुर्बल है। स्वामी विवेकानंद ने कहा था कि दुर्बलता ही पाप है। बलशाली का मतलब है संगठित होना। अकेला व्यक्ति बलशाली नहीं हो सकता है। कलयुग में संगठन ही शक्ति मानी जाती है। हम सभी को साथ लेकर चलेंगे, हमें किसी को बदलने की आवश्यकता नहीं है। उन्होंने घोष प्रदर्शन को लेकर कहा, आपने अभी देखा होगा कि इस शिविर में सभी अलग-अलग वाद्य यंत्र बजा रहे थे। वाद्य यंत्र बजाने वाले लोग भी अलग थे। लेकिन सभी का सुर मिल रहा था। इस सुर ने हमें बांधकर रखा है। इसी तरह हम अलग अलग भाषा, अलग अलग प्रांत से हैं, लेकिन हमारा मूल एक ही है। यह हमारे देश का सुर है और यह हमारी ताकत भी है। और यदि कोई उस सुर को बिगाड़ने का प्रयास करे तो देश का एक ताल है, वह ताल उसको ठीक कर देता है।

राहुल गांधी का मोदी सरकार पर बड़ा हमला, कहा- अब चीनी कब्जे का भी मान लेना चाहिए सत्य

नयी दिल्ली। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार पर बड़ा हमला करते हुए चीन का मुद्दा उठाया है। उन्होंने कहा कि अब चीनी कब्जे का सत्य भी मान लेना चाहिए। दरअसल, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को राष्ट्र के नाम संबोधन में तीनों कृषि कानूनों को वापस लेने का ऐलान किया था। कांग्रेस और राहुल गांधी लगातार चीन के मुद्दे को लेकर मोदी सरकार पर निशाना साधते रहते हैं। आपको बता दें कि भारत और चीन के बीच पूर्वी लद्दाख का मसला हल करने के लिए लगातार सैन्य स्तर की वार्ता हो रही है और अब अगले दौर की वार्ता आयोजित करने पर सहमति बन गई है। माना जा रहा है कि भारत-चीन के बीच होने वाली अगली वार्ता में संघर्ष वाले स्थानों से सैनिकों को पूरी तरह से पीछे हटाने के मुद्दे पर चर्चा होगी।

रक्षा मंत्री ने पाकिस्तान को नाम लेकर तो चीन को इशारों में चेताया, बोले-

हमारी जमीन पर कब्जा करने की कोशिश की तो देंगे करारा जवाब

नई दिल्ली। रक्षा मंत्री ने पाकिस्तान को नाम लेकर तो चीन को इशारों में चेताया, बोले- हमारी जमीन पर कब्जा करने की कोशिश की तो देंगे करारा जवाब रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने पाकिस्तान को चेतावनी देते हुए कहा है कि अगर पाकिस्तान या देश विरोधी देश की शांति भंग करने की कोशिश करते हैं तो नया भारत मुंहतोड़ जवाब देगा। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शनिवार को कहा कि भारत अपने पड़ोसियों के साथ अच्छे रिश्ते चाहता है, लेकिन चेतावनी दी कि अगर किसी देश ने उसकी एक ईंच जमीन भी हड़पने की कोशिश की, तो उसे करारा जवाब मिलेगा। भाजपा के वरिष्ठ नेता सिंह उत्तराखंड में शहीद सम्मान यात्रा

के दूसरे चरण की शुरूआत करने पहुंचे थे, जो पिथौरागढ़ जिले में झौलखेत मूनाकोट से शुरू हुआ।

उन्होंने कहा, हम अपने पड़ोसियों के साथ अच्छा संबंध चाहते हैं। भारत ने कभी किसी देश पर हमला नहीं किया, न ही इसने किसी विदेशी भूमि पर कब्जा किया है। पड़ोसियों के साथ अच्छे संबंध भारत की संस्कृति रही है, लेकिन कुछ लोग इसे नहीं समझते हैं। मुझे नहीं पता कि यह उनकी आदत है या स्वभाव। पाकिस्तान का नाम लेते हुए केंद्रीय मंत्री ने कहा कि वह आतंकवादी गतिविधियों के माध्यम से भारत को अस्थिर करने का प्रयास करता रहता है और उसे कड़ा संदेश दे दिया गया है।

गहलोत मंत्रिमंडल के सभी मंत्रियों ने दिया इस्तीफा

पायलट के साथ हुई सुलह ! रविवार को हो सकता है शपथग्रहण समारोह

जयपुर, एजेंसी)। राजस्थान में शनिवार को बड़ा उलटफेर देखने को मिला। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत मंत्रिमंडल के सभी मंत्रियों ने इस्तीफा दे दिया है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक राजस्थान में रविवार शाम 4 बजे मंत्रिमंडल का विस्तान हो सकता है। ऐसे में शनिवार को पहले 3 मंत्रियों ने पद से इस्तीफा दिया था और शाम होते-होते सभी मंत्रियों ने इस्तीफा दे दिया। माना जा रहा है कि रविवार दोपहर 2 बजे कांग्रेस के सभी विधायक पार्टी मुख्यालय पहुंचेंगे और फिर शाम को 4 बजे राजभवन में मंत्रिमंडल विस्तार हो सकता है।

राजस्थान विवाद को सुलझाने के लिए स्वयं कांग्रेस अध्यक्षा सोनिया गांधी को आगे आना पड़ा और फिर उन्होंने एक-एक करके मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट से

मुलाकात की और सुलह का रास्ता तैयार किया। माना जा रहा है कि अशोक गहलोत और सचिन पायलट के बीच सुलह हो चुकी है। इसी के चलते सभी मंत्रियों ने इस्तीफा दे दिया और अब नए सिरे से रविवार को मंत्रिमंडल का विस्तार होगा। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की अध्यक्षता में शनिवार को मंत्रिमंडल हुई। सूत्रों ने बताया कि बैठक शाम करीब 6.50 बजे शुरू हुई। इस बैठक के बाद सभी मंत्रियों ने पद से इस्तीफा दे दिया है। सूत्रों ने बताया कि नए मंत्रियों के नाम पर सहमति बन चुकी है। वहीं एक कार्यक्रम में अशोक गहलोत ने चुटकी लेते हुए कहा कि हम सबको इंतजार है लॉटरी खुलने का।

राजस्थान में मंत्रिपद की अधिकतम संख्या 30 हो सकती है। ऐसे में रविवार को सभी पदों को भरा जा सकता है। जिसमें मुख्यमंत्री गहलोत को छोड़ दिया जाए तो 29 पदों पर गहलोत और पायलट खेमे के लोगों को कितने पद मिलेंगे। इसके बारे में तो पार्टी प्रदेश प्रभारी अजय माकन को पूरी जानकारी है और इसके बारे में समय-समय पर गहलोत ने बयान भी दिया है। राजनीतिक जानकारों के मुताबिक मंत्रिमंडल फेरबदल में पायलट खेमे के विधायकों के साथ-साथ पिछले साल राजनीतिक संकट में सरकार का साथ देने वाले विधायकों की अपेक्षाओं को पूरा करने की चुनौती पार्टी आलाकमान पर रहेगी। इन विधायकों में बसपा से कांग्रेस में आए 6 विधायक और 12 निर्दलीय विधायक भी हैं। संख्या बल के हिसाब से राज्य विधानसभा में कांग्रेस के 108 और भाजपा के 71 विधायक हैं। इसके अलावा 13 निर्दलीय विधायक हैं।

सिद्धू का जगा पाकिस्तान प्रेम तो भाजपा ने उठाए सवाल

नई दिल्ली। भाजपा ने करतारपुर साहिब के दौरे पर गए पंजाब कांग्रेस प्रमुख नवजोत सिंह सिद्धू द्वारा पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान को कथित तौर पर अपना बड़ा भाई बताने को चिंता का विषय करार दिया। इतना ही नहीं कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मनीष तिवारी ने नाम लिए बिना ही सिद्धू पर निशाना साध दिया। अक्सर विवादों में बने रहने वाले नवजोत सिंह सिद्धू ने पाकिस्तानी प्रधानमंत्री इमरान खान को बड़ा भाई बताकर एक नए विवाद को जन्म दे दिया। अभी कांग्रेस वैसे भी सलमान खुर्शीद की किताब के चलते सुर्खियों में थी लेकिन अब सिद्धू ने भाजपा को एक और मौका दे दिया। हालांकि सिद्धू को अपनी ही पार्टी के एक नेता का भी विरोध सहना पड़ा। हम बात रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह भी करेंगे। जिन्होंने पड़ोसियों के साथ बेहतर संबंध की बात कही और अंत में चर्चा आंध्र प्रदेश में हो रही बारिश की करेंगे। जिसमें अबतक 15 लोगों की मौत हो गई है।

भाजपा ने करतारपुर साहिब के दौरे पर गए पंजाब कांग्रेस प्रमुख नवजोत सिंह सिद्धू द्वारा पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान को

कथित तौर पर अपना बड़ा भाई बताने को चिंता का विषय करार दिया। इतना ही नहीं कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मनीष तिवारी ने नाम लिए बिना ही सिद्धू पर निशाना साध दिया। दरअसल, सिद्धू का एक वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है। जिसमें एक पाकिस्तानी अधिकारी इमरान खान की ओर से उनका स्वागत करते दिखे। इस पर सिद्धू ने कहा कि इमरान खान उनके बड़े भाई जैसे हैं और वह उन्हें बहुत प्यार करते हैं। इस वीडियो के सामने आने के बाद भाजपा ने कांग्रेस पर निशान साधते हुए कहा कि उसे हिन्दुत्व में बोकोहरम और आईएसआईएस जैसे आतंकी संगठन दिखते हैं जबकि खान (इमरान) उसे भाई जान नजर आते हैं। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता संबित पात्रा ने कहा कि यह करोड़ों हिंदुस्तानियों के लिए एक गंभीर विषय है, चिंता का विषय है। सिद्धू का बयान मात्र एक घटना नहीं है, बल्कि यह कांग्रेस पार्टी का एक तरीका बन गया है, जिसमें उनके नेता हिन्दुत्व को निशाना बनाते हैं और पाकिस्तान का महिमामंडन करते हैं।

वहीं मनीष तिवारी ने कहा कि इमरान खान किसी का भी बड़ा भाई हो सकता है लेकिन क्या हम इतनी जल्दी पुंछ के जवानों की शहादत भूल सकते हैं। उन्होंने कहा कि इमरान खान किसी का भी बड़ा भाई हो सकता है लेकिन भारत के लिए वो पाकिस्तान के आईएसआई-मिलिट्री गठबंधन का हिस्सा है जो दबे पांव पंजाब में हथियारों और नशीले पदार्थों को ड्रोन के जरिए भेजता है और जम्मू-कश्मीर एलओसी के पार रोजाना आतंकवादियों को। क्या हम पुंछ के जवानों की शहादत भूल सकते हैं। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने उत्तराखंड के पिथौरागढ़ जिले में पड़ोसियों के साथ संबंधों का जिक्र किया और कहा कि हम अपने पड़ोसियों के साथ अच्छा संबंध चाहते हैं। भारत ने कभी किसी देश पर हमला नहीं किया, न ही इसने किसी विदेशी भूमि पर कब्जा किया है। पड़ोसियों के साथ अच्छे संबंध भारत की संस्कृति रही है, लेकिन कुछ लोग इसे नहीं समझते हैं। मुझे नहीं पता कि यह उनकी आदत है या स्वभाव। वहीं उन्होंने शहीद सम्मान यात्रा के दूसरे चरण की शुरूआत की। उन्होंने कहा कि उत्तरांखड में सैन्य धाम भी बनेगा और अगर ऐसा होगा तो वो उत्तराखंड की धरती का पांचवां धाम होगा।

सिद्धू ही नहीं कांग्रेस पार्टी के बड़े भाई हैं इमरान? बयान के बचाव में उतरे मंत्री और सांसद

नई दिल्ली। पंजाब कांग्रेस के अध्यक्ष नवजोत सिंह सिद्धू एक बार फिर पाकिस्तान गए और जिसकी उम्मीद थी वही हुआ। एक बार फिर अपने बयानों की वजह से नवजोत सिंह सिद्धू विवादों में हैं। नवजोत सिंह सिद्धू गए तो गुरु दर्शन के लिए थे। लेकिन करतारपुर पहुंच कर इमरान की शान में कसीदे पढ़ने लगे। सिद्धू ने इमरान खान को बड़ा भाई बताया। वहीं बीजेपी ने इसे कांग्रेस की सोची समझी साजिश बताया है। लेकिन सिद्धू के बयान को लेकर कांग्रेस पार्टी के कई नेता समर्थन में उतर आए हैं। इसमें पंजाब से सांसद और राज्य सरकार के मंत्री भी शामिल हैं। करतारपुर में दर्शन के लिए पहुंचे सिद्धू का यहां पाकिस्तानी प्रतिनिधिमंडल ने स्वागत किया। फूल बरसाए गए और माला पहनाई गई। करतारपुर के सीईओ ने सिद्धू का स्वागत करते हुए कहा, इमरान खान की ओर से आपका स्वागत करता हूं। इस पर सिद्धू ने कहा, इमरान खान मेरा बड़ा भाई है। उसने मुझे बहुत प्यार दिया है। नवजोत सिंह सिद्धू ने सरहदें खोलने की अपली करते हुए भारत और पाकिस्तान के बीच व्यापार शुरू करने की हिमायत भी की।

मनीष तिवारी ने इमरान को लेकर सिद्धू पर कसा तंज कहा-

पुंछ के जवानों की शहादत कैसे भूल सकते हैं ?

नई दिल्ली। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मनीष तिवारी ने कहा कि पुंछ के जवानों की शहादत कैसे भूल सकते हैं। कांग्रेस नेता ने इमरान खान को टैग करते हुए यह ट्वीट किया। दरअसल, सिद्धू का एक वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है। जिसमें एक पाकिस्तानी अधिकारी इमरान खान की ओर से उनका स्वागत करते दिखे। पंजाब कांग्रेस प्रमुख नवजोत सिंह सिद्धू ने पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान को कथित तौर पर अपना बड़ा भाई बताया। जिसके बाद पार्टी के वरिष्ठ नेता मनीष तिवारी का बयान सामने आया। उन्होंने सिद्धू का नाम लिए बिना उन्होंने कहा कि इमरान खान किसी का भी बड़ा भाई हो सकता है लेकिन भारत के लिए वो पाकिस्तान के आईएसआई-मिलिट्री गठबंधन का हिस्सा है जो दबे पांव पंजाब में हथियारों और नशीले पदार्थों को ड्रोन के जरिए भेजता है और जम्मू-कश्मीर में नियंत्रण रेखा के पार रोजाना आतंकवादियों को। मनीष तिवारी ने कहा कि क्या हम पुंछ के जवानों की शहादत भूल सकते हैं। कांग्रेस नेता ने इमरान खान को टैग करते हुए यह ट्वीट किया। दरअसल, सिद्धू का एक वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है। जिसमें एक पाकिस्तानी अधिकारी इमरान खान की ओर से उनका स्वागत करते दिखे। इस पर सिद्धू ने कहा कि इमरान खान उनके बड़े भाई जैसे हैं और वह उन्हें बहुत प्यार करते हैं। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता संबित पात्रा ने कहा कि आज सिद्धू ने इमरान खान को बड़ा भाई कहकर संबोधित किया और कहा कि मैं उन्हें बहुत प्यार करता हूं। ये करोड़ों हिंदुस्तानियों के लिए चिंता का विषय है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी का ये एक प्रकार का तरीका है। सलमान खर्शीद, मणिशंकर अय्यर, राशिद अल्वी और इन सबके ऊपर राहुल गांधी, ये सभी हिंदू और हिंदुत्व को गाली देते हैं।

खबर संक्षेप

नर्स की लापरवाही से नवजात शिशु की मौत

डिलीवरी के दौरान अव्यवहार से तीमारदार नाराज, कार्यवाही की हुई मांग

कोरांव। सामुदाइक स्वास्थ्य केंद्र कोराव में नर्स की लापरवाही से डिलीवरी के दौरान शिशु की मौत हो गई। आरोप है कि रात्रि कालीन सेवा के समय करीब नो बजे रात बदरुन्निषा पत्नी सद्दाम हुसैन ग्राम अल्हवा थाना कोराव को आशा द्वारा सीएचसी में सुबह छ बजे दाखिल कराया था,जब डिलीवरी का वक्त हुआ तो ड्यूटी के समय प्रशव पीड़ा में नर्स तारावती अस्पताल छोड़ कर चली गई। जिससे उसकी मौत हो गई। तीमारदारों ने अस्पताल में हंगामा भी किया। इस संबंध में अधीक्षक डाक्टर के बी सिंह ने बताया कि तीमारदारों को बताया था नर्स ने कि कहीं और दिखा दीजिए। जबकि तीमारदारों ने बताया नर्स की लापरवाही है। और सभी से बिना मुंहमागी रकम सुविधा शुल्क नहीं मिलती तो इसी तरह लापरवाही करती है।उसकी सूचना सी एम ओ प्रयागराज से की गई। बदरुन्निशा की पहली डिलीवरी है।

होलागढ़ में महिला की हत्या में चार के खिलाफ मुकदमा दर्ज , तीन नामजद

अखंड भारत संदेश

प्रयागराज। होलागढ़ बाजार में शुक्रवार की रात गीता देवी की चाकू घोंपकर हत्या के मामले में चारों लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। गीता की हत्या पट्टीदारों ने भूमि विवाद में की थी। शनिवार को गांव में सन्नाटा छाया रहा। पूर्व विधायक अंसार अहमद पीड़ित परिवार से मिले और मदद का आश्वासन दिया।

होलागढ़ बाजार निवासी गीता देवी और पट्टीदार राज कुमार के बीच भूमि विवाद चल रहा था। शुक्रवार रात कुछ लोग बाउंड्रीवाल फांदकर घर में घुसे गीता देवी (55) को चाकू घोंपकर लहूलुहान कर दिया। उन्हें बचाने में बहु विनीता को भी चाकू लग गया था। दोनों को अस्पताल ले जाया गया लेकिन गीता देवी की मौत हो गई थी। शनिवार को गीता के बेटे सुनील के सरवानी की तहरीर पर पट्टीदारों राज कुमार, संतोष कुमार एवं जितेंद्र कुमार तथा एक अज्ञात के खिलाफ हत्या समेत कई धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया। पुलिस ने दो को पकड़ लिया है। उनसे पूछताछ की जा रही है। गांव में घटना को लेकर तरह तरह की चचाएँ थीं। पूर्व विधायक अंसार अहमद ने घर वालों से मुलाकात कर हर संभव मदद का भरोसा दिया। गीता की बेटी स्वाति ने बताया कि उसके भाई सुनील-सुशील एवं बहू विनीता को राजस्थान जाना था। घर में तैयारी चल रही थी।

हत्या के बाद रोते बिलखते परिजन।

दुकानदार से तमंचा सटाकर लूटा लाखों का माल

मेजा रोड। मेजा थाना क्षेत्र सिरसा चौकी अंतर्गत रामनगर बाजार में चिरैया मोड़ स्थित एक किराना दुकानदार व स्वर्णकार संजय सेठ के घर शुक्रवार की रात करीब 11 बजे पल्सर सवार से पहुंचे बदमाशों ने तमंचा सटाकर लाखों की लूट की। दुकानदार की सूचना पर पहुंची डायल 112 की टीम ने आवश्यक जानकारी जुटाई और मेजा थाने जाकर रिपोर्ट लिखाने को कहकर लौट गई। दुकानदार संजय सेठ के अनुसार, पल्सर वाहन पर सवार दो बदमाश डिलीवरी के लिए साबुन तेल लेने के बहाने दरवाजा खुलवाया। दरवाजा खुलते ही दुकानदार को तमंचा सटा दिया। घर के अंदर घुसकर चांदी, सोना और नकदी लेकर चंपत हो गए। दुकानदार के अनुसार बदमाश ढाई किलो चांदी और 12 ग्राम सोना के साथ 28 हजार नकदी लूट ले गए। घटना के बाद व्यापारियों में आक्रोश है।

गहने बेचने वाले के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

मेजा रोड। आभूषण एवं बर्तन दुकानदार को नकली गहने बेचकर रुपए ऐंठने वाले शातिर ठगों के खिलाफ दुकानदार ने पुलिस को लिखित तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाया। मेजा थाना क्षेत्र के उंचडीह बाजार निवासी बुद्धसेन वर्मा पुत्र मौजी लाल वर्मा ने बताया कि ओनौर गांव निवासी अंशु कुमार पांडेय पुत्र कामेश्वर नाथ पांडेय ने 1 माह पूर्व चांदी का बना 140 ग्राम का 5 लच्छा 4150 रुपये में बेचा था। दुकानदार ने जब सभी लच्छा की जांच कराया तो वह नकली गिलट के निकले। कुछ दिन बाद शातिर ठग अपने साथियों के साथ पुनः दुकान पर चांदी के पायल और करधनी बेचने आया जो नकली था। शातिर ठग को देखते ही दुकानदार ने पहचान कर पकड़ लिया और उससे पुराने पैसे की मांग करने लगा। ग्राहक पहुंचने पर दुकानदार को उनके साथ व्यस्त देख शातिर ठग और उसके साथी दुकान से भाग निकले। काफी दूर पीछा करने के बाद भी ठग और उसके साथियों का पता नहीं चला तो दुकानदार ने पुलिस को लिखित तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाया।

डीजल पेट्रोल के दाम जीएसटी के दायरे में लाये सरकार : सांसद रेवती रमण

करछना तहसील पर सांसद के नेतृत्व में धरना प्रदर्शन

एमएसपी दर से कम पर खरीद अपराध धोषित हो

अखंड भारत संदेस

प्रयागराज। 20 नवम्बर।भीषण मंहगाई से देश की 80% गरीब जनता आज त्राहि त्राहि कर रही हैं।इसलिए पेट्रोल-डीजल को जीएसटी के दायरे में लाया जाय जिससें बेलगाम मंहगाई पर अंकुश लग सके और गरीब जनता को राहत मिल सके।उक्त बातें राज्यसभा सांसद कुंवर रेवती रमण सिंह ने करछना तहसील पर धरना प्रदर्शन का नेतृत्व करते हुए हजारों की संख्या में उपस्थित क्षेत्रवासियों को संबोधित करते हुए कहा उन्होंने कहा कि मैं किसान अंदोलन में सैकड़ों की संख्या में शहीद हुए किसान भाईयों को दिल से श्रद्धांजलि देता हूँ कि उनकी शहादत व्यर्थ नहीं गई आज मोदी सरकार को मजबूर हो कर कृषि बिल जैसा काला कानून वापस लेना पड़ा उन्होंने ने संघर्षरत किसानों को बधाई देते हुए कहा कि जैसे पथरीली जमीन का सीना चीरकर अनाज पैदा करते हैं उसी तरह यह गूंगी बहरी पत्थर दिल भाजपा सरकार को भी आप लोगों ने पीछे हटने पर मजबूर कियाआपअन्नदाता को प्रणाम।सांसद ने राज्यपाल को संम्बोधित ज्ञापन में कहा कि सरकारी क्रय केंद्र पर एमएसपी मूल्य पर बिना भेदभाव के क्रय हो जो नहीं हो रहा है।सोसायटी पर डीएपी,यूरिया खाद की उपलब्धता सुनिश्चित हो जिससे किसान नकली खाद खरीदने के लिए मजबूर ना हो।किसानों की फसल आवारा पशु चर रहे हैं इसकी रोकथाम हो ,ग्राम पंचायत स्तर पर पशुबाड़े का निर्माण हो और उनके चारें की व्यवस्था हो।बंद पड़े सरकारी नलकूप को पुनः चालू कराया जाय।नलकूप का फिक्स बिजली बिल पहले की तरह लिया जाय। अधोषित विधुत कटौती बंद कर जले ट्रांसफार्मर को 3दिन में बदलेजाय जो महीनों में नहीं बदले जाते हैं।

थानों पर भय का माहौल है वादियों के साथ दुर्व्यवहार किया जा हैं तथा फर्जी मुकदमे में फसाने की धमकी दी जाती हैं जिसपर रोक लगनी चाहिए। सपा जिला उपाध्यक्ष विनय कुशवाहा ने कहा कि भारत की भोलीभाली जनता 2014 में 56इंच का सीना शैर समझ कर बहुमत दिया लेकिन कलर कितने दिन तक चलेगा आज जनता ने देख लिया कि शेर के भेष गीदड़ जिसकी वजह से सीमा पर जवान,गांव मे किसान मर रहा है शहर में नवजवान व व्यवसायी आत्महत्या करने को मजबूर हो रहे हैं।

धरना प्रदर्शन में पूर्व विधायक रामकृपाल कोल, करछना प्रमुख कमलेश द्विवेदी, चाका प्रमुख अनिल पटेल,कौधियारा प्रमुख इंद्र नाथ मिश्रा, डॉ विजय बाबू यादव जिला पंचायत सदस्य, पूर्व ब्लाक प्रमुख विजय राज सिंह उर्फ राजू सिंह, डी आर सिंह, संतोष पाण्डेय पूर्व प्रधान मेडरा, मिथिलेश द्विवेदी, प्रधान बसही हिमान्शु सिंह, राजूसिंह, विधानसभा अध्यक्ष सनिल अहमद, अमर सिंह पटेल राठौड़, राजेश्वर पाण्डेय, पप्पू दूध नाथ यादव, चंद प्रकाष तिवारी, ज्ञान चंद यादव क्षेत्र पंचायत सदस्य, शिव बाबू सिंह, राम नंद यादव, लवकुश मौर्या, इसराइल, नंदा निषाद, श्रीकांत ,मनोज यादव, मंजू यादव, हंसराज सिंह,समीर पाण्डेय, राजेश यादव, रामबाबू पाल,विजय बहादुर पटेल आदि बडी संख्या में सपा कार्यकर्ता शामिल रहे।

करछना तहसील पर सांसद के नेतृत्व में हुआ धरना प्रदर्शन

ज्ञापन सौंपते

पूर्व प्रधानाचार्य के निधन पर शोक

जसरा। साहित्य संवर्धन संस्थान जसरा की ओर से एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में जसरा के पूर्व प्रधानाचार्य व कवि लक्ष्मी नारायण गुप्त श्रीश के निधन पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन संस्थान के अध्यक्ष विजय चितौरी की अध्यक्षता में की गई। जिसमें उपस्थित लोगों ने दो मिनट का मौन रखकर श्रीश जी को श्रद्धांजलि अर्पित की। इसी तरह श्री ईश्वरदीन छेदीलाल इंटर कालेज जसरा में विद्यालय के प्रबंधक बाबू विश्वनाथ प्रसाद गुप्त की अध्यक्षता में विद्यालय प्रांगण में की गई। जिसमें विद्यालय के बच्चे व शिक्षकों ने दो मिनट का मौन रखा। इस अवसर पर कवि लखन प्रतापगढ़ी, कार्यवाहक प्रधानाचार्य सुनील कुमार साहू, कुलभूषण मिश्र, अचलेन्द्र जायसवाल, विकास केसरी, डा देवेन्द्र नाथ शुक्ल, चन्द्रशेखर, नरेन्द्र कुमार, डा अमरनाथ, शंकरलाल साहू सहित,रंगनाथ गुप्त, राजेश द्विवेदी, राकेश श्रीवास्तव, राकेश सिंह, जगदीश सिंह तोमर, प्राची पांडेय सहित दर्जनों लोग मौजूद रहे।

किसान हित का हनन कर रही है भाजपा सरकार राजू चौबे

अखंड भारत संदेश

भाकियू भानू का आमरण अनशन 24 से,सौंपा ज्ञापन

कोरांव। विधानसभा कोरांव क्षेत्र अंतर्गत किसानों को खाद किल्लत धान क्रय केंद्रों को संचालन सुचारू रूप से न होना लंबे समय से बहराइचा बघोल में पुल की मांग को शासन द्वारा अनसुना करना और खाली पड़ी सरकारी जमीनों पर भूमाफियाओं द्वारा अवैध ढंग से कब्जा करना समेत अन्य मुद्दों को लेकर भारतीय किसान यूनियन भानू के पदाधिकारियों ने राजेश पाण्डेय मंडल उपाध्यक्ष भाकियू भानू के नेतृत्व में तहसीलदार कोरांव डॉक्टर विशाल शर्मा को ज्ञापन सौंपा। इस मौके पर किसान नेता राजेश पांडे ने बताया की किसानों की मांग शासन प्रशासन को लोग अनसुना करते रहे है जिससे कारण मजबूर होकर किसान यूनियन भानू के लोग 24 नवंबर दिन बुधवार से तहसील परिसर कोरांव में पवन कुमार चतुर्वेदी(राजू चौबे) जिलाध्यक्ष भारतीय किसान यूनियन भानू के नेतृत्व में आमरण अनशन का निर्णय लिया गया है।

इस मौके पर किसान नेता राजू चौबे ने कहा की सहकारी समितियों में खाद की अनुपलब्धता के कारण बाजार में काला बाजारी हो रही है जिससे किसानों का शोषण हो रहा है और जिम्मेदार पदों पर बैठे लोग के कानो में जूं नही रेंग रही है यहां तक की जनता जिनको बड़ी उम्मीदों से अपना जनप्रतिनिधि बनाया था वह भी किसानों के गंभीर समस्या के प्रति उदासीन बने हुए है जिसके कारण किसानों के अधिकारों का हनन हो रहा है जो की निंदनीय है और जब तक किसानों के समस्या का निवारण नही हो जाता है तब तक भारतीय किसान यूनियन भानू के लोगो द्वारा आमरण अनशन किया जाएगा। इस मौके पर मुख्य रूप से पिंटू चौबे जिला पंचायत सदस्य प्रमोद मिश्रा पयासी सर्वेश पांडे रविंद्र

सिंचाई संघ 23 को घेरेगा सिंचाई भवन लखनऊ : विनोद पाण्डेय

अखंड भारत संदेश

करछना। सिंचाई संघ उत्तर प्रदेश के आवाहन पर प्रथम चरण के आंदोलन करने के बाद भी विभाग द्वारा केंद्रीय पदाधिकारियों से वार्ता कर उनकी पांच सूत्री मांगों पर सकारात्मक निर्णय न लेने के कारण संघ ने द्वितीय चरण का आंदोलन 23 नवंबर को प्रमुख अभियंता कार्यालय एवं विभागाध्यक्ष के कार्यालय के समक्ष धरना देने का निर्णय लिया है। विभाग एवं शासन द्वारा संघ की मांगों पर सकारात्मक निर्णय लेकर के संघ से वार्ता कर समस्याओं का समाधान नहीं किया गया तो उसी समय सदन के निर्णय के अनुसार माननीय मंत्री जी जल शक्ति विभाग उत्तर प्रदेश सरकार का ध्यान आकर्षित करने हेतु उनके आवास पर जाएगा इतने पर भी विभाग एवं शासन सकारात्मक निर्णय नहीं लिया तो 24 नवंबर से सिंचाई भवन प्रमुख एवं विभागाध्यक्ष के कार्यालय के समक्ष लखनऊ संघ द्वारा क्रमिक अनशन किया जाएगा इस क्रमिक अनशन को किसी भी दिन आमरण अनशन में परिवर्तित किया जा सकता है। बैठक में अध्यक्षता अध्क्षमण्डल के अध्यक्ष आर के चौधरी ने किया बैठक का संचालन महामंत्री विनोद कुमार पांडे ने किया अपने वक्तव्य में महामंत्री ने 5 सूत्री मांगों में प्रमुख रूप से पुरानी पेंशन बहाल करना वर्क चार्ज दैनिक वेतन भोगी अंशकालीन संघ के सदस्यों की सेवाएं माननीय सर्वोच्च न्यायालय के आदेश के क्रम में विनियमित होने के पूर्व की सेवाएं और कारी मानते हुए पुरानी पेंशन से आच्छादित किया जाए 1953 54 से बनी नलकूप चालक सींचपाल सीच पर्यवेक्षक सेवा नियमावली दशकों से विभाग एवं शासन के मध्य पत्राचार में लंबित है जिसको वरीयता देते हुए योग्यता बढ़ाकर तत्काल प्रख्यापित कराई जाए सहित अन्य मांगों को पढ़ कर सुनाया गया और पुष्टि की गई बैठक को संबोधित करने वालों में प्रमुख रूप से अवधेश कुमार सिंह आर के चौधरी और रणंजय भारती शिशुपाल सिंह नमो नारायण राय विजय सिंह संजय कुमार यादव राजेश्वर शुक्ला राजेश्वर प्रसाद सिंह राजेश मिश्रा अरुण सिंह आदि ने अपने विचार व्यक्त किए।

मांगो को लेकर रणनीति पर एक जुट संघ के पदाधिकारी

जसरा में रेलवे क्रॉसिंग पर दिन भर लगा रहा जाम

अखंड भारत संदेश

यातायात को बनाए रखने के लिए लगाए गए होमगार्ड/पीआरडी जवान रहते हैं निष्क्रिय

रेलवे क्रॉसिंग के दोनों ओर पुलिस के सिपाही लगाए जाने की है जरूरत

जसरा। जसरा रेलवे फाटक पर भीषण जाम लगने से दूर दराज शहरों को आने जाने वाले यात्री व स्थानीय नवीन मंडी समिति को सब्जी ले जाने वाले किसान, ग्रामीण,विद्यार्थी घंटों जाम में फंसकर अपना कीमती समय गंवा रहे हैं। वही फाटक के दोनों ओर यातायात नियंत्रित करने के लिए लगाए गए पीआरडी व होमगार्ड के जवान पूरी तरह से निष्क्रिय है तथा यातायात नियंत्रित करने में विफल रहते हैं। शनिवार को प्रयागराज बांदा राजमार्ग पर स्थित जसरा रेलवे फाटक के दोनों ओर सुबह से ही जाम लगा हुआ है। जाम के कारण क्रॉसिंग के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लगी रही। जिसमें दूसरे शहरों को आवागमन करने वाले यात्री, ग्रामीण व छात्र-छात्राएं जाम में घंटों फंसे रहते हैं। घंटो जाम लगने के कारण लोगों का कीमती समय प्रतिदिन खराब हो रहा है। जिससे राहगीर व यात्री परेशान हैं । वहीं कुछ माह पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष विभव नाथ भारती के निर्देश के बाद क्रॉसिंग के दोनों ओर होमगार्ड व पीआरडी के एक एक जवान को यातायात नियंत्रित करने के लिए लगाया गया था लेकिन यह सब लोग यातायात नियंत्रित करने में असफल रहते हैं। होमगार्ड के जवानों का कहना है कि वाहन चालक इनकी बातों को अनसुना करके क्रॉसिंग के दोनों ओर कई कतार लगाकर खड़े हो जाते हैं जिससे फाटक खुलने के बाद बेतरतीब ढंग से खड़े हुए वाहनों के कारण प्रतिदिन जाम की स्थिति बन जाती है व क्रॉसिंग पर घंटों जाम लगा रहता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि अगर क्रॉसिंग के दोनों ओर यूपी पुलिस के सिपाहियों को लगा दिया जाए तो क्रॉसिंग पर लगने वाले जाम से लोगों को निजात मिल सकती है। लोगों ने बताया कि क्रॉसिंग के दोनों ओर बैंक है जहां पर पुलिस के सिपाही बैंक ड्यूटी के लिए तैनात रहते हैं। लेकिन पुलिस के जवान रेलवे क्रॉसिंग पर लगने वाले जाम पर ध्यान नहीं देते। स्थानीय लोगों ने उच्चाधिकारियों से मांग की है कि जसरा रेलवे क्रॉसिंग के दोनों ओर यातायात नियंत्रित करने के लिए पुलिस के जवान तैनात किये जांय जिससे यात्रियों को क्रॉसिंग पर लगने वाले जाम से निजात मिल सके।

1- घंटों फंसी रहती हैं एम्बुलेंस बताते चलें कि जसरा फाटक डबल रूट होने के कारण घंटो लोगों को फंसना पड़ता है। प्रयागराज की सांसद डा०रीता बहुगुणा जोशी व स्थानीय विधायक से क्षेत्र के लोगों ने फाटक पर ओवरब्रिज बनाने के लिए कहा लेकिन नगाड़ खाने में तूती की आवाज कहाँ की कहावत चरितार्थ हो रही है।

रुक्मणी विवाह उत्सव का प्रसंग सुन मंत्रमुग्ध हुए श्रोता भक्तजन

अखंड भारत संदेस

करछना। क्षेत्र के सुलमई गांव में जन कल्याण हेतु चल रही सात दिवसीय संगीतमय श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ कथा में कथा सुनने के लिए भक्त लोगों की भीड़ जुट रही है। लोग कथा सुन भाव विभोर हो रहे हैं। कथा के व्यास पीठ पर कथावाचक के रूप में विराजमान अयोध्या धाम से पधारे गुरु दयालु महाराज जी ने कथा के छठवें दिन शनिवार को रुक्मणी विवाह उत्सव का प्रसंग सुनाकर भक्त श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। उन्होंने भगवान श्री कृष्ण और रुक्मणी की लोगों के सामने सुंदर झांकी भी प्रस्तुत की । इसके पूर्व कथा व्यास ने महारास कथा कंस उद्धार कथा उद्धव गोपी संवाद आदि कथाओं का विस्तार पूर्वक में कथा कही । उन्होंने कथा श्रवण पर विशेष बल देते हुए बताया कि कथा में शिरकत करने से यज्ञ के बराबर लोगों को पुण्य फल प्राप्त होता है। और कथा सुनने वाले के माता और पिता का जीवन धन्य हो जाता है। उन्होंने कहा कि कथा कल्पतरु के समान है। सभी भक्तजनों को इसकी छाया अवश्य ग्रहण करनी चाहिए। मुख्य श्रोता यजमान रमाशंकर तिवारी ने कथा व्यास सहित आचार्य जनो का माल्यार्पण कर स्वागत व अभिनंदन किया। कथा के आयोजक सुनील कुमार तिवारी व संयोजक अवनीश कुमार तिवारी ने कथा श्रवण के लिए आए सभी श्रद्धालुओं के प्रति आभार जताया। इस मौके पर रामनरेश तिवारी गंगा प्रसाद तिवारी तारकेश्वर नाथ लाला राम कैलाश तिवारी कमला प्रसाद तिवारी शर्मा सुरेंद्र दुर्गा प्रसाद सचिन सौरभ तनु रोशन शिवम आदि भक्त रहे।

न्यूज झरोखा

सपा प्रमुख के आदेशा पर जसरा, शंकरगढ़ सपा ब्लाक अध्यक्ष का हुआ परिवर्तन

लालापुर। समाजवादी पार्टी जिला कार्यालय से प्राप्त समाचार के अनुसार सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश एवं सपा प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल की अनुमति से जिला कार्यालय में सपा जिलाध्यक्ष योगेश चंद्र यादव की उपस्थिति में बारा विधानसभा क्षेत्र से तहसील उपाध्यक्ष सुधीर सिंह (मानपुर)जसरा से सपा ब्लाक अध्यक्ष बृजेश यादव के स्थान बलबीर सिंह पटेल को एवं शंकरगढ ब्लाक अध्यक्ष प्रमोद सिंह पटेल की जगह राजकरन सिंह पटेल को नया ब्लाक अध्यक्ष बनाया गया है। दोनों नये ब्लाक अध्यक्षों को सपा जिला अध्यक्ष योगेश चंद्र यादव ने मनोयन पत्र सौंपकर अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करने एवं लगन निष्ठा, मजबूती से पार्टी को मजबूत बनाने का आह्वान किया । इस अवसर सपा बारा विधानसभा अध्यक्ष भागीरथी बिंद,सपा बारा महासचिव अर्जुन सिंह पटेल,सपा बारा कोषाध्यक्ष मान सिंह यादव दुर्गा प्रसाद कुशवाहा,जिले के नेता कार्यकर्ता पदाधिकारी गण उपस्थित रहे।

भाजपा के त्रिदेव कमल खिलाकर पुनः बनाऐगे भाजपा सरकार : दिलीप चतुवेर्दी

घूरपुर। विश्व की सबसे बड़ी पार्टी के कार्यकर्ता और मोदी योगी जैसा राष्ट्र को समर्पित नेता होने पर मुझे गर्व है जिसके पूरे देश और प्रदेश के कैबिनेट मे एक भी भ्रष्टाचार का आरोप ना हो और दिन-रात आम नागरिकों के सेवा उत्थान और विकास मे लगा हो उक्त बातें शनिवार को कौंधियारा मंडल के मोतीलाल नेहरू डिग्री कालेज में मुख्य वक्ता भारतीय जनता पार्टी के जिला मीडिया प्रभारी दिलीप कुमार चतुवेर्दी ने पदाधिकारियों एव कार्यकताओं को सम्बोधित करते हुए कही और बताया कि भाजपा के त्रिदेव पन्ना प्रमुख,बीएलो-2 और बूथ अध्यक्ष आगामी विधानसभा चुनाव 2022 मे कमल खिलाने का कार्य करेगें। जौनपुर मे होने वाले बूथ अध्यक्ष सम्मेलन मे देश के रक्षा मंत्री का सम्बोधन पार्थेय बूथ अध्यक्षो को मिलेगा।आगामी योजनाओं मे 21 और 27 को मतदाता पुनरीक्षण,पन्ना प्रमुख,बढे बूथों का गठन,और सदस्यता आदि बिषयो पर प्रकाश डाला गया। बैठक की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष शिव प्रसाद केसरवानी ने करते हुए मौजूद कार्यकर्ताओ एवं पदाधिकारियो का आभार जताया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से मंडल प्रभारी वेदांत पाठक, महामंत्री लालचंद शुक्ला, अंबिका तिवारी, रोचक मिश्रा, सुरेश चतुवेर्दी, अरुण सिंह पटेल, हरि महेंद्र कुशवाहा, गौरीशंकर बिंद आदि कार्यकर्ता के साथ मंडल पदाधिकारी,शक्ति केन्द्र प्रभारी,संयोजक,बूथ अध्यक्ष आदि के साथ दर्जनो कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

तीनों कृषि बिल वापस लिए जाने पर कांग्रेसियों में जश्न

सहसों। केन्द्र सरकार द्वारा किसानों के दबाव के चलते तीनों कृषि बिल वापस किए जाने पर कांग्रेसियों ने जश्न मनाया। बाबूगंज बाजार में तीनों कृषि बिल वापस लिए जाने पर कांग्रेसी कार्यकताओं ने किसानों के साथ मिलकर कांग्रेस पार्टी के पूर्व जिला उपाध्यक्ष अशफाक अहमद के नेतृत्व में मिठाइयां और फल बांटे और खुशी जाहिर की। अस्फाक अहमद ने कहा कि भाजपा का अहंकार चकनाचूर हो गया और किसानों की विजय हुई। कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता देवराज उपाध्याय ने कहा कि किसानों के हित के लिए कांग्रेस पार्टी सदैव लड़ती रही है और भविष्य में भी किसानों के लिए कांग्रेस पार्टी तत्परता के साथ लड़ती रहेगी। किसानों के लिए चाहे समर्थन मूल्य की बात हो चाहे बिजली के बिल हाफ करने के बाद हो अथवा उर्वरक और डीजल के मूल्यों में कमी करने की बात हो कांग्रेस सदैव काम करने के लिए तैयार खड़ी है। भाजपा को इस आंदोलन में जो 700 किसान शहीद हुए हैं उनके परिवार को मुआवजा देने के लिए, एमएसपी के मुद्दे पर कांग्रेस लड़ती रहेगी। यह बिल रद्द होना किसानों की जीत है। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से मोहम्मद सईद, राम प्रकाश शुक्ला, असगर अली, जगतपाल पटेल, मंसूर अहमद, हैदर अली , शेर अली, रंजीत यादव, मोहनलाल मिश्रा, गिरीश चंद्र पाल, विनोद पाल, तहजीब उल हसन, राम सिंह पाल, राहुल पाल, मकसूद आदि उपस्थित रहे।

महंगाई के खिलाफ क्रांति एवं भाजपा के खिलाफ विद्रोह है प्रतिज्ञा यात्रा : संजय तिवारी

प्रतापपुर। प्रतिज्ञा पदयात्रा शनिवार को अतरसुइया गांव से प्रारंभ हुई और सबके घर में प्रियंका गांधी का प्रतिज्ञा पत्र व्यक्तिगत रूप से दिया गया।हजारों घरों में डोर टू डोर जाकर कांग्रेस के नेताओं और कार्यकताओं ने कांग्रेस का प्रतिज्ञा पत्र वितरण किया। उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव एवं प्रतापपुर विधानसभा में प्रतिज्ञा यात्रा का नेतृत्व कर रहे संजय तिवारी ने बताया कि प्रत्येक घर में महंगाई के खिलाफ प्रतिज्ञा यात्रा एक क्रांति है भाजपा के खिलाफ विद्रोह है।उत्तर प्रदेश सरकार और केंद्र सरकार के खिलाफ लोग खुलकर बोलने लगे है और प्रियंका गांधी का चेहरा प्रत्येक वर्ग जाति धर्म और संप्रदाय का बनकर उभरा है।जो गरीबों की आवाज बन कर उत्तर प्रदेश में छा गया है विशेषकर प्रतापपुर में नेतृत्व परिवर्तन तो होगा ही होगा जनता का झुकाव सीधे कांग्रेस की ओर 70% लोगों ने व्यक्त किया। संजय तिवारी ने कहा कि इंदिरा गांधी का परिवार ही महंगाई कम कर सकता है गरीबों का कल्याण कर सकता है जनहित की बात कर सकता है गरीब लड़कियों को शिक्षित कर सकता है कार्यक्रम में ब्लॉक अध्यक्ष कमलेश पांडेय, आदर्श प्रजापति, एहतेशाम अहमद, राजेश भारतीय, राजकिशोर भारतीय उपस्थित थे।

बनवासी समाज की बिटिया की शादी में प्रधान ने किया आर्थिक मदद

जंघई। प्रतापपुर क्षेत्र के पिलखिनी ग्राम सभा की प्रधान शशिकला बच्चन मिश्रा के द्वारा पिलखिनी गांव के डॉक्टर बनवासी की पुत्री सरिता बनवासी की शादी में 11 हजार रुपए की आर्थिक मदत के साथ साथ जरूरत की सामाग्री दिया गया। सरिता बनवासी का विवाह दिनांक 20 नवंबर को होना सुनिश्चित है जिसकी सूचना मिलते ही पिलखिनी ग्रामसभा के प्रधान गांव के वरिष्ठ जनों के साथ डॉक्टर बनवासी के यहा पहुंची और जरूरत की सामग्री के साथ साथ 11 हजार रुपए का आर्थिक सहयोग भी किया। बता दें कि बच्चन मिश्रा एवं उनके भाई कोलोनियल फिल्म के प्रोड्यूसर पिंटू मिश्रा ने यह संकल्प लिया है कि ग्रामसभा पिलखिनी में जो भी जरूरतमंद परिवार है वे चाहें जिस समाज एवं धर्म के हो उनकी शादी में प्रधान पिलखिनी एवं कोलोनियल फिल्म के प्रोड्यूसर 11 हजार रुपए की आर्थिक मदत करेंगे।शनिवार को डॉक्टर वनवासी की पुत्री की शादी में मदत किया जिससे क्षेत्र में इस कार्य की सराहना जगह जगह हो रही है। डॉक्टर बनवासी ने कहा की बच्चन मिश्रा एवं पिंटू मिश्रा हमारे लिए किसी भगवान से कम नहीं है उन्होंने कहा की हम सदैव आप भाइयों का आभारी रहेंगे। इस अवसर पर राजमणि मिश्रा टोपी, रमाकांत दुबे, भोला शंकर मिश्र, अरुण कुमार यादव, प्रमोद मिश्रा, जितेंद्र मिश्रा, राजू मिश्रा, क्षेत्र पंचायत सदस्य शिव बालक एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे।

खबर संक्षेप

ऑनलाइन बुकिंग कैंसिल कराने में 70 हजार की चपत

प्रयागराज। साइबर ठगों ने धूमनगंज की एक युवती को शिकार बनाया है। उसके बैंक खाते से 70 हजार रुपये ऑनलाइन ट्रांसफर कर लिया। धूमनगंज पुलिस मामले की जांच कर रही है। मुंडेरा की रहने वाली प्रीति पांडेय ने धूमनगंज थाने में एफआईआर कराई है कि उसकी बहन नेहा चौधरी ने फ्लिपकार्ट पर एक समान ऑनलाइन बुक किया था। बाद में उसे कैंसिल कराने के लिए कस्टमर केयर पर संपर्क किया। इस दौरान वह साइबर ठगी की शिकार हो गई। साइबर शातिर ने एक मोबाइल नंबर दिया और कहा कि उसे कॉल करके अपने बैंक अकाउंट की जानकारी दे दें। गूगल पे व यूपीआई के बारे में जानकारी मांगी। इसके बाद उसने ओटीपी भी पूछ लिया। इतना करते ही युवती के खाते से 70 हजार रुपये ऑनलाइन ट्रांसफर हो गए।

16 साल की सेवा पूरी करने वाले सिपाही पाएंगे दरोगा के समान वेतन : हाई कोर्ट

अखंड भारत संदेश

प्रयागराज। पुलिस विभाग में 16 वर्ष की सेवा पूरी कर चुके कांस्टेबल अब दरोगा के समान वेतन पाएंगे। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने प्रदेश के हजारों कांस्टेबलों को राहत देते हुए वर्ष 1998 या उसके पूर्व नियुक्त पुलिसकर्मियों को उनकी प्रशिक्षण अवधि की सेवा को जोड़ते हुए दरोगा को मिलने वाला द्वितीय प्रोन्नति वेतनमान ग्रेड पे रुपया 4200 देने को लेकर आठ सप्ताह में आदेश पारित करने का शासन को निर्देश दिया है।

प्रदेश के विभिन्न जिलों में तैनात कांस्टेबलों की ओर से दाखिल दर्जनों याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए यह आदेश न्यायमूर्ति सरल श्रीवास्तव ने दिया। कांस्टेबल रामदत्त शर्मा और सैकड़ों अन्य की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता विजय गौतम और अतिप्रिया गौतम ने दलील दी कि हाईकोर्ट के पूर्व आदेशों और उसके बाद जारी कई शासनादेशों के बावजूद विभाग उनके प्रशिक्षण अवधि की सेवा को द्वितीय प्रोन्नत वेतनमान देने के लिए नहीं जोड़ रहा है। जबकि वे इसके लिए पूरी तरह से हकदार

हैं। याचिका दाखिल करने सिपाहियों की नियुक्ति वर्ष 1998 में हुई थी। परन्तु उन्हें न तो द्वितीय वेतनमान दिया जा रहा था और न ही उनकी प्रशिचण अवधि को सेवा में जोड़ा जा रहा था। वरिष्ठ अधिवक्ता गौतम का कहना था कि प्रदेश सरकार द्वारा जारी शासनादेश 21 जुलाई 2011 के तहत वे सभी पुलिस कर्मी जिन्होंने विभाग में 16 वर्ष की सेवा पूरी कर ली है, उन्हें उनके प्रशिक्षण अवधि की सेवा को जोड़ते हुए द्वितीय प्रोन्नति वेतनमान ग्रेड पे 4200 रुपये दरोगा को मिलने वाला वेतनमान दिया जाना चाहिए। याचिका में कहा गया था कि लाल बाबू शुक्ला केस में हाईकोर्ट द्वारा प्रतिपादित विधि सिद्धांत के अनुसार याची सिपाहियों की प्रशिक्षण अवधि की सेवा को जोड़ा जाना चाहिए। कहा यह भी गया था कि अपर पुलिस महानिदेशक, मुख्यालय द्वारा 17 मार्च 2012 के शासनादेश में यह कहा गया है कि प्रदेश पुलिस के कार्यकारी बल में आरक्षी पद का ग्रेड पे दो हजार, मुख्य आरक्षी का 2400, दरोगा का ग्रेड पे 4200- तथा इंस्पेक्टर का ग्रेड पे 4600 अनुमन्य है। कहा गया था कि सभी याचीगण 16 वर्ष की संतोष जनक सेवा पूरी कर चुके हैं। अतः वे दरोगा पद का ग्रेड पे 4200 रुपया प्रशिक्षण अवधि की सेवा को जोड़ते हुए पाने के हकदार हैं। कोर्ट ने उक्त आदेश के साथ याचिका को निस्तारित कर दिया है।

अलीगढ़ जहरीली शराब कांड की आरोपी रेणू शर्मा की जमानत मंजूर

प्रयागराज। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने अलीगढ़ में जहरीली शराब से हुई मौतों के मामले में आरोपी रेणु शर्मा की सशर्त जमानत मंजूर कर ली है। रेणू पर अलीगढ़ के जवान थाने में गैर इरादतन हत्या, खाद्य अपदूषण, धोखाधड़ी और एक्साइज एक्ट की धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया गया है। वह 29 मई 2021 से जेल में बंद है। रेणू की जमानत अर्जी पर न्यायमूर्ति राजबीर सिंह ने सुनवाई की। याची का कहना था कि वह निर्दोष है और उसे फर्जी आरोपों में फंसाया गया है। उसका नाम प्राथमिकी में नहीं है। सह अभियुक्त कपिल के बयान के आधार पर उसका नाम जोड़ा गया। घटना में उसकी कोई सीधी भूमिका नहीं बताई गई है। उस पर सहअभियुक्तों को शराब की बिक्री में सहयोग करने का आरोप है। याची के खिलाफ कोई साक्ष्य नहीं है। वह महिला है और कई प्रकार की बीमारियों से पीड़ित है। कोर्ट ने घटना के तथ्यों और परिस्थितियों को देखते हुए जमानत मंजूर कर ली है। याची पर शर्त लगाई है कि यदि वह जमानत प्रावधानों का उल्घंन करेगी तो उसकी जमानत निरस्त की जा सकेगी।

बूंदाबांदी से बढ़ सकती है ठंड गर्म कपड़ों की कर लें व्यवस्था

अखंड भारत संदेश

प्रयागराज। लौटते मानसून ने देश के दक्षिणी हिस्सों में बारिश करने और भूमध्य सागर में पछुआ हवाओं का दबाव बढ़ने से प्रयागराज और उसके आसपास के जिलों में मौसम ने भी अचानक करवट बदली है। शनिवार की सुबह से ही आसमान में बादल छाए रहे। दोपहर और शाम को बूंदाबांदी भी की। बादलों के रहने से मौसम में गर्भी भी महसूस की गई। रात का तापमान एक दिन पहले के मुकाबले 4.4 डिग्री सेल्सियस बढ़कर शनिवार को 19 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया। हालांकि, दिन के तापमान में ज्यादा कमी नहीं हुई है। दिन का तापमान मात्र 0.2 डिग्री सेल्सियस ही लुढ़का है। मौसम विभाग के मुताबिक शनिवार की सुबह से आसमान में बादल छाए रहे। हल्की ठंडी हवाएं भी चलती रही। इससे लोगों को दिन में और दिनों के मुकाबले हल्की ठंड महसूस हुई। लोग गर्म कपड़ों में नजर आए। बादल दिन भर सूर्य देवता के साथ लुकाछिपी करते रहे। मौसम विभाग के मुताबिक दिन का तापमान शुक्रवार के मुकाबले शनिवार को 0.2 डिग्री सेल्सियस गिरावट आई है। दिन का तापमान 28.7 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। जबकि, रात के तापमान में 4.4 डिग्री सेल्सियस की बढ़ोत्तरी दर्ज की गई। मौसम विज्ञानी प्रो. एचएन मिश्रा ने बताया कि मौसम अभी दो से तीन दिनों तक ऐसे ही रहेगा। संभावना है कि भूमध्य सागर की ओर से आने वाली पछुआ हवाओं का दबाव और बढ़े जिससे ठंड और कड़क होगी। सर्दी बढ़ने के साथ कोहरा भी पड़ेगा।

सीबीआई ने 154 लोगों के बयान को बनाया आधार, तीनों आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल

अखंड भारत संदेश

प्रयागराज। महंत नरेंद्र गिरि को आत्महत्या के लिए आनंद गिरि ने मजबूर किया था। आनंद की ब्लैकमेलिंग के कारण नरेंद्र गिरि इतना परेशान हो गए कि उन्होंने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। सीबीआई ने शनिवार को सीजेएम की अदालत में आनंद, आद्या, और संदीप तिवारी के खिलाफ चार्जशीट दाखिल कर दी। सुसाइड पूर्व वीडियो, सुसाइड नोट, तमाम आडियो क्लिप और 154 लोगों के बयान को सीबीआई ने चार्जशीट का आधार बनाया है।

महंत नरेंद्र गिरि खुदकुशी प्रकरण में सीबीआई ने करीब दो महीने की जांच के बाद शनिवार को आनंद गिरि, आद्या तिवारी और संदीप तिवारी के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल कर दिया। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट हरेंद्र नाथ ने आरोप पत्र देखने के बाद कहा कि चार्जशीट पर संज्ञान लिए जाने के पर्याप्त आधार उपलब्ध हैं। जेल से वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से पेश हुए आरोपियों ने भी इस पर कोई आपत्ति नहीं दर्ज कराई।

सीबीआई की चार्जशीट में सुसाइड से पहले के वीडियो, सुसाइड नोट और ऑडियो क्लिप को आधार बनाया गया है। इसके अलावा मठ के कर्मचारियों, साधु संतों तथा अन्य लोग, जो नरेंद्र गिरि और आनंद गिरि से जुड़े हुए थे, ऐसे 154 लोगों के बयान भी इसमें शामिल हैं। चार्जशीट के मुताबिक आनंद गिरि की ब्लैकमेलिंग से नरेंद्र गिरि इतने परेशान हो गए थे, उन्हें और कोई रास्ता नहीं सूझा।ब्लैकमेलिंग और परेशान किए जाने के पर्याप्त सुबूत भी मिले हैं। संदीप और आद्या, लगातार आनंद गिरि से संपर्क में थे। सीबीआई ने धारा 306 और 120 बी के तहत तीनों को दंडित करने की अदालत से याचना की है। आरोपियों की ओर से अधिवक्ता हरिकृष्ण, सुनील पांडेय, विनीत विक्रम सिंह ने अपना पक्ष प्रस्तुत किया।

स्वच्छ सर्वेक्षण में छह पायदान नीचे आया प्रयागराज

अखंड भारत संदेश

प्रयागराज। स्वच्छता के मामले में शहरियों के लिए मायूस करने वाली खबर है। केंद्र सरकार की ओर से शनिवार को जारी स्वच्छ सर्वेक्षण 2020 की रैंकिंग में प्रयागराज छह पायदान नीचे खिसक गया है। प्रयागराज को 26वां स्थान मिला है। जबकि, पिछले वर्ष प्रयागराज का 20वां स्थान था। हालांकि, जीएफसी रैंकिंग में प्रयागराज ने प्रथम स्थान हासिल किया है। जबकि स्वच्छ सर्वेक्षण रैंकिंग 2020 में स्थान पाले वाले यूपी के 18 जिलों में प्रयागराज को पांचवां स्थान मिला है।

केंद्र सरकार की ओर से जारी रिपोर्ट में प्रयागराज के मुकाबले लखनऊ, गाजियाबाद, कानपुर और आगरा रैंकिंग में आगे हैं। प्रदेश की राजधानी लखनऊ 12वें स्थान पर है। हालांकि, वाराणसी चार पायदान पीछे है। वाराणसी को 30वां स्थान मिला है। प्रयागराज को कुल 3613.72 स्कोर मिले हैं। इससे यूपी

प्रयागराज को 26वां स्थान मिला है जबकि पिछले वर्ष प्रयागराज का 20वां स्थान था

में प्रयागराज का पांचवां स्थान हैं। इसके पीछे कई वजहें बताई जा रही हैं। कहा जा रहा है कि कूड़े का सेग्रीगेशन, लीगेसी वेस्ट का वैज्ञानिक विधि से निस्तारण न हो पाना, सी एंड डी वेस्ट प्लांट का संचालन न होना आदि कमियां है।इस वजह से इसकी रैंकिंग में गिरावट आई है। रिपोर्ट के मुताबिक सर्वेक्षण में शहर के 1256 लोगों को शामिल किया गया था। महापौर अभिलाषा गुप्ता ने स्वच्छ सर्वेक्षण-2020 में प्रदान किए गए योगदान के लिए आभार जताया। साथ ही लोगों से स्वच्छ सर्वेक्षण 2021 में सुधार के लिए सहयोग की अपील की। कहा कि बिना लोगों के सहयोग के रैंकिंग में सुधार नहीं हो सकता है।

जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनी बिरसा मुंडा की जयंती

पंजीकृत श्रमिकों के पुत्र व पुत्रियों को बटी साइकिल

विधायक ने 1099, छात्र छात्राओं को श्रम विभाग से साइकिल का कराया वितरण

उप श्रमायुक्त ने ई श्रम कार्ड लोगों को बनवाने का किया आह्वान

शहजादे

सायकिल वितरित करते विधायक एवं उप श्रमायुक्त

कोरांव। देश में लोकतंत्र को परिभाषित करने का काम भाजपा सरकार कर रही है। हर व्यक्ति को समान अधिकार देते हुए ऊंच-नीच के भेदभाव को खतम कर समतामूलक समाज की स्थापना पर बल दे रही है।

यह बातें कोरांव भाजपा विधायक राजमणि कोल ने धौखर गांव में अपने परमसुख आदिवासी इंटर कॉलेज के प्रांगण में श्रम विभाग उत्तर प्रदेश की ओर से आयोजित संत रविदास शिक्षा सहायता योजना के तहत पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के पुत्र व पुत्रियों को साइकिल सहायता वितरण कार्यक्रम को संबोधित करने के दौरान बतौर मुख्य अतिथि ने कही। विधायक ने आगे कहा कि दूर संचार क्रांति पूर्व प्रधानमंत्री स्व0 अटल बिहारी बाजपेई की देन है। विधायक राजमणि कोल ने उपस्थित लोगों को संबोधित कर श्रम विभाग द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ एवं पंजीयन श्रम पोर्टल के जरिए खुद करते हुए लेने की अपील की। विधायक ने 2022 के विधानसभा चुनाव में पुनः घर-घर राशन पहुंचाने एवं प्रत्येक गरीब परिवारों को मकान देने वाली सरकार बनाने की अपील की। विधायक राजमणि कोल सपा बसपा कांग्रेस पर पलटवार करते हुए कहा कि बहुजन समाज पार्टी को समाज को विखंडित करने वाली पार्टी बताया। साल तक सत्ता में रहने वाली साइकिल वितरण समारोह में भगवान बिरसा मुंडा की जन्म जयंती को जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाया गया। विधायक राजमणि कोल ने बिरसा मुंडा के जीवन चरित्र पर प्रकाश डालते हुए कहा कि गरीब मजदूर परिवार में जन्मे बिरसा मुंडा ने अपने समाज को जगाने के साथ-साथ देश के उत्थान के लिए अनेकों कार्य किए, किंतु पूर्ववर्ती कांग्रेश सपा व बसपा की सरकारों ने उनके योगदान को ही भुला दिया था। भारतीय जनता पार्टी की सरकार भगवान बिरसा मुंडा की जयंती मनाने का काम करते हुए भगवान बिरसा मुंडा के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का काम कर रही है। विधायक राजमणि कोल ने 1200 छात्र छात्राओं को साइकिल का वितरण किया। साइकिल वितरण समारोह में उपस्थित डिप्टी लेबर कमिश्नर राकेश द्विवेदी ने श्रम विभाग द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी। साइकिल वितरण समारोह को भारतीय जनता पार्टी के जिला उपाध्यक्ष अजीत प्रताप सिंह किसान संघ काशी प्रांत के मंत्री भोला सिंह मुन्ना, ब्लाक प्रमुख कोरांव मुकेश कोल, चेयरमैन कोरांव नरसिंह कुमार केसरी उर्फ गोपाल जी, पूर्व ब्लाक प्रमुख रामअवध कुशवाहा, तारा शंकर पांडेय आदि ने संबोधित कर श्रम विभाग द्वारा चलाई जा रही योजनाओं समेत भाजपा सरकार की नीतियों व उपलब्धियों का बखान किया। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों में सहायक लेबर कमिश्नर गौतम गिरी, लाला राम वर्मा, श्रम प्रवर्तन अधिकारी गण राजेश मिश्र, रामकृष्ण केसरी, राम कैलाश कोल,, संजय सिंह पटेल, अनिल मिश्र, शिवाकांत पांडेय, नीरज पांडे नयन मिश्र विधायक पीआरओ रामाश्रय शुक्ल, समेत भारी संख्या में छात्र व छात्राएं तथा उनके अभिभावक व क्षेत्रीय लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन हरे कृष्ण द्विवेदी उर्फ बबुआन द्विवेदी ने किया।

नदी नहीं संस्कार है गंगा देश का श्रृंगार है : दुकान जी

अखंड भारत संदेश

प्रयागराज। राष्ट्रीय नदी गंगा जो देश के अनेको लोगों के जीवकोपार्जन का एक मात्र वो साधन है जो अनेको परिवार का भरण-पोषण करती हैं हमे अम्रित जल प्रदान करती उसे हमे हर हाल में बचाने के लिए संकल्प लेना होगा कि इसे प्रदूषण होने से बचाने के लिये देश के नागरिकों को आगे आना होगा नमामि गंगे राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन राष्ट्रीय नदी गंगा को बचाने के लिए लिये हर प्रयास मे लगी है अब हमारा कर्तब्य है कि सभी ईसमे सहभागिता करे कि वो अविरल निर्मल बहती रहे उसमे किसी प्रकार की गन्दगी न करे उसमे माला फूल हवन सामग्रि घर मे किये गये पूजा पाठ भगवान की तस्वीरें पुरानी कथा भजन की पुस्तके कोई

गंगा को स्वच्छ बनाने के लिए लोगों को जागरूक करते दुकान जी

मूर्ति न डाले गंगा मे स्नान के समय साबून का प्रयोग कपड़े न धोये न निचोडे स्नान के पहले दातून मन्जन न करे आसपास साफ स्वच्छ बनायें रखें उसमे सिर्फ. अपने पाप धोये न की गन्दगी लाखों परिवार को पालने रोजगार देने वाली जहाँ न सोर्स न डिग्री न ही घूस की जरूरत वो हमारे पेट परिवार को पाल रही है ऐसे अपने राष्ट्रीय नदी को बचाये।

रजिस्ट्रार कानूनगो को प्रतिकूल प्रविष्टि दो लेखपाल की होगी विभागीय जांच

अखंड भारत संदेश

प्रयागराज। सदर तहसील में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस पर जिलाधिकारी संजय कुमार खत्री ने पात्रों को योजनाओं का लाभ दिलाने में लापरवाही बरतने पर रजिस्ट्रार कानूनगो जगदेव चौधरी को प्रतिकूल प्रविष्टि दे दी। इसके अलावा दो लेखपाल ऋषिकेश श्रीवास्तव और अंशुमान सिंह के खिलाफ जांच कर विभागीय कार्रवाई के निर्देश उन्होंने दिए।तहसील हॉल में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में डीएम के समक्ष कुल 127 शिकायतें आई। इसमें सर्वाधिक 63 शिकायतें राजस्व विभाग से जुड़ी आई। इसके अलावा पुलिस विभाग की 16 और अन्य विभागों की 48 शिकायतें डीएम के समक्ष आईं। इस दौरान 11 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया। यहां डीएम ने अफसरों से कहा कि किसी भी प्रकार लापरवाही या उदासीनता न बरती जाए।उन्होंने कहा कि प्रत्येक दशा में शिकायतों का निस्तारण निर्धारित समय सीमा में अनिवार्य रूप से सुनिश्चित किया जाए। सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर तेलियरगंज की भुल्लन देवी ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत उन्होंने आवेदन किया था। लाभार्थियों की सूची में नाम आने के बाद भी उनकी समस्या का निस्तारण नहीं किया गया। डीएम ने पीओ डूडा को तत्काल कार्रवाई के लिए कहा। इसी तरह कंधईपुर धूमनगंज के हरीशचंद्र ने मौके पर जमीन कब्जे की शिकायत की। डीएम ने एसडीएम सदर को मौके पर जाकर कार्रवाई के लिए कहा। अलोपीबाग के हद्रय नारायण शुक्ला ने पैतृक संपत्ति में हिस्सा दिलाने के लिए प्रार्थना पत्र किया। इसी तरह पीपलगांव के मंजीत कुमार दबंगों की शिकायत की। इस पर एसडीएम सदर सौरभ भट्टा को क्षेत्रीय एसओ के साथ जाकर कार्रवाई करने के लिए कहा गया। संपूर्ण समाधान दिवस पर डीआईजी सर्वश्रेष्ठ त्रिपाठी ने पुलिस विभाग के लोगों को निर्देश दिया कि जितनी भी समस्याएं आई हैं, उसका निस्तारण कराकर रिपोर्ट प्रेषित करें।

कार्यालय ग्राम पंचायत डीहा करछना, प्रयागराज

टेण्डर/कोटेशन

मनरेगा/चतुर्थ राज्य वित्त/14वां/15वां वित्त योजनाअन्तर्गत ग्राम पंचायत डीहा विकास खण्ड करछना में अद्योलिखित कार्यो के आगणन /प्राकलन के अनुसार यथा आवश्यक मात्रा में सामग्री कार्य स्थल पर आपूर्ति भाड़ा सहित पहुंचाकर आपूर्ति हेतु आपूर्तिकर्ता से सील बन्द लिफाफे में टेन्डर/कोटेशन अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में दिनांक 20–11–2021 से दिनांक 25–11–2021 को अपराह्न 3 बजे तक आमंत्रित किया जाता है। उक्त तिथि के बाद प्राप्त किसी भी टेन्डर/कोटेशन पर विचार नहीं किया जायेगा आपूर्तिकर्ता अपना कोटेशन/टेन्डर उक्त तिथि तक जमा कर सकते हैं नियम व शर्ते किसी भी समय कार्यालय कार्यदिवस में देखी जा सकती है तथा टेन्डर फार्म की बिक्री उक्त अवधि में कार्यालय समय 10 से 12 बजे तक प्रत्येक कार्यदिवस पर की जायेगी। किसी एक व समस्त टेन्डर/कोटेशन को निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत डीहा में निहित होगा। टेन्डर/कोटेशन दिनांक 30–11–2021 को अपराह्न 4 बजे पूर्व निर्धारित कमेटी के समक्ष खोला जायेगा। टेन्डर/कोटेशन फार्म कार्यालय में ग्राम पंचायत विकास अधिकारी के पास दिनांक 30–11–2021 कार्यालय अवधि में समय 3. 30 अपराह्न तक जमा किया जा सकता है। निम्नलिखित कार्य पर पर जिस–जिस सामग्री की आवश्यकता है उसका विवरण कार्यलय/नोटिस बोर्ड पर चस्पा है उत्तर प्रदेश माल एवं सेवाकर अधिनियम के अन्तर्गत अनुमन्य जी.एस.टी. का भुगतान किया जायेगा। जिसके जमा करने का दायित्व आपूर्तिकर्ता का होगा साथ ही जी.एस.टी जमा चालान की आपूर्तिकर्ता द्वारा स्वप्रमाणित प्रति भुगतान के एक माह के अन्दर अपरिहार्य रूप से जमा करना होगा उसके उपरान्त ही अगला भुगतान किया जायेगा उस भुगतान पर ही उक्त नियम व शर्ते लागू रहेगी। इसके विपरीत स्थिति पाने पर भविष्य के उक्त फर्म को काली सूची में डालने हेतु यथोचित विधिक कार्यवाही कर दी जायेगी।

क्र0	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (लाख में) सामग्री अंश	सामग्री अंश आपूर्ति की अवधि
1.	कल्लू यादव के घर से गुलाब आदिवासी के घर तक इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य	4.98 लाख	15 दिन
2.	डीहा में पंचायत भवन बाउण्ड्रीवाल निर्माण कार्य	2.43 लाख	15 दिन
3.	डीहा में सौरभ सिंह के घर से शिव बहादुर के घर तक इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य	4.98 लाख	15 दिन

प्रेम चन्द्र
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत डीहा
वि0 ख0 करछना, प्रयागराज।

शिव ओम चौधरी
ग्राम पंचायत विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत डीहा
वि0 ख0 करछना प्रयागराज।

गंदगी के अंबार में शुरू होगा मसुरिया धाम का ऐतिहासिक मेला

अखंड भारत संदेश

लालापुर,प्रयागराज। थाना क्षेत्र के अमिलिया गांव स्थित एक पखवाड़े तक चलने वाला मसुरिया धाम का ऐतिहासिक मेला प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी 23 नवंबर से शुरू हो रहा है।परंतु अभी तक बिजली विभाग व जलनिगम विभाग द्वारा कोई व्यवस्था नही की गई।मेला क्षेत्र में चारों तरफ गंदगी का अंबार लगा हुआ है, हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी सफाई की कोई ब्यवस्था नहीं की गई है। बताया जा रहा है की मंदिर के सामने मुड़कट है जिसमे मानमानी रेट लिया जाता है, किसी 200 तो किसी से 300 तक वसूली की जाती है।लोगों ने बताया है कि इसकी बोली होती है और ठीका राजा की तरफ से दिया जाता है। ठीकेदार की माने तो सात से आठ लाख दिया जाता है। इसी तरह वाहन स्टैंड की बोली होती है,और नाई के मुंडन का भी ठीका लाखों से कम नहीं होता है। दुकानदारों से साफ सफाई के नाम पार भी वसूली की जाती है। लेकिन मेला प्रशासन की तरह से मेले में व्यवस्था शून्य के बराबर होती है।लालापुर क्षेत्र के अमिलिया तरहार गांव स्थित मसुरिया माता का मेला 23 नवंबर से

मेले से हर वर्ष लाखों में होती है राजा की कमाई, वाहन स्टैंड, मुड़कटा, नई बाड़ा में रेट बोर्ड लगा के लिया जायेगा पैसा : एसडीएम बारा ने मेले की व्यवस्था के लिए पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों को जारी किया गया पत्र

अवैध वसूली, जुआं खेलवाना या मेला क्षेत्र में किसी भी अपराध को संरक्षण देने पर होगी कार्यवाही : सीओ बारा

शुरू हो रहा है।मेले में प्रतिदिन हजारों की संख्या में प्रयागराज, चित्रकूट, कौशाम्बी, फतेहपुर, रीवा मध्यप्रदेश से श्रद्धालू इकट्ठा होते है और रात्रि निवास के बाद मसुरिया माता का दर्शन पूजन करते है।जिसको देखते हुए लालापुर थानाध्यक्ष मनीष त्रिपाठी ने 30 उपनिरीक्षक,50 मुख्य आरक्षी,80

इसी गंदगी के अम्बार पर लगेगा मसुरिया धाम का ऐतिहासिक मेला

आरक्षी/म व ट्रैफिक पुलिस के 4 उपनिरीक्षक 6 मुख्य आरक्षी,8 आरक्षी घुड़सवार पुलिस 8,फायर सर्विस,पीएसी बल 2 प्लाटून, जल पुलिस व 50 होमगार्ड की मांग किये है।साथ ही उपजिलाधिकारी बारा सौम्या गुरुरानी ने बिजली,स्वास्थ्य, जलनिगम, परिवहन विभाग को पत्र लिखकर मेले की व्यवस्था की तैयारियों को लेकर पत्र लिखा है।परंतु मेले व्यवस्था का जायजा लेने कोई भी विभाग आज तक नही पहुंचा।ग्राम प्रधान देवेंद्र उपाध्याय ने बताया कि ग्राम पंचायत निधि से पूर्व कार्यकाल समय में ही मंदिर परिक्रमा परिसर के आस पास ईंट लगा दिया गया है, जिससे परिक्रमा मार्ग में श्रद्धालुओं को कीचड़ से आवागमन में दिक्कत न उत्तपन्न हो।

किसान आंदोलन में शहीद हुए सात सौ किसानो को मोमबत्ती जलाकर जिला कांग्रेस ने दी श्रद्धांजलि

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। शनिवार को उ0प्र0कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में तीन काले कृषि कानूनों के विरोध में आंदोलन रत किसानों में 700 किसानों के शहीद हो जाने पर शहीद किसानों को श्रृद्धाञ्जली अर्पित करने हेतु कांग्रेस जनों ने आज स्थानीय अम्बेडकर प्रतिमा के नीचे मोमबत्ती जलाकर शहीद हुए सात सौ किसानों को श्रृद्धाञ्जली अर्पित की। इस अवसर पर मौजूद कांग्रेस के साथियों को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष डॉ0लालजी त्रिपाठी ने कहा कि शहीद किसानों को शहीद का दर्जा दिया जाना चाहिए और हर मृतक के परिवार को 50 लाख की आर्थिक सहायता दी जानी चाहिए, जिससे उनके बच्चों का पालन-पोषण व शिक्षा- दीक्षा सही ढंग से हो सके। उ0प्र0कांग्रेस कमेटी महासचिव व प्रतापगढ़ प्रड्डारी मा0मुकुंद तिवारी ने कहा कि हमारे नेता मा0राहुल गांधी ने तीनों कृषि कानूनों को वापस कराने का वादा किसानों से किया था, अंततः सरकार को झुकना पड़ा है, हमारे नेता राहुल गांधी की बात सच साबित हुई है, इसी लिए हम सड्डी कांग्रेस के साथी विजय दिवस मना रहे हैं। उ0प्र0कांग्रेस कमेटी सचिव व प्रतापगढ़ प्रड्डारी मा0रंजीत सिंह सलूजा ने कहा कि किसानों का आंदोलन अंततः रंग लाया, 700 किसानों के बलिदान ने जिद्दी व हठी सरकार के दम्ड्ड को चूर कर दिया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री की घोषणा से आंदोलनरत किसान आंदोलन समाप्त नहीं करेंगे, जब तक कि टरढ सहित अन्य मांगें बिल लेकर लोकसड्डा व राज्यसड्डा में बहुमत से पास कर विवादित कानून को खत्म नहीं किया जाता। इस अवसर पर डा0वी0के0सिंह, इरफान अली, वेदान्त तिवारी, नरसिंह प्रकाश मिश्र, फतेह बहादुर सिंह, अजीत सिंह, मो0इश्तियाक, मो0दिलशाद, करुण पांडेय, महेंद्र शुक्ल, प्रेम शंकर द्विवेदी, अब्दुल रहमान, आकाश मिश्र, श्याम शंकर तिवारी, सरोज कश्यप, रामधन यादव सहित अनेक कांग्रेस जन मौजूद रहे।

कांग्रेस किसानों के साथ मनाएगी विजय दिवस

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा कृषि कानूनों को वापस लिए जाने के बाद अपनी विजय मानते हुए कांग्रेस के जिलाध्यक्ष लालजी त्रिपाठी ने शनिवार को जिला कांग्रेस कमेटी के कार्यालय में प्रेस प्रतिनिधियों से बात करते हुए कहा कि तीनों कृषि कानून को वापस लिए जाने से उनकी पार्टी खुश है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी के संघर्ष के विजय स्वरूप इसे मान रही है। जिलाध्यक्ष लाल जी त्रिपाठी ने कहा कि पन्द्रह लाख रुपए लोगों के खाते में ड्डोजे जाने की घोषणा हवा हवाई रही। श्री त्रिपाठी ने कहा कि किसानों के शहादत ने साबित कर दिया कि सरकार ने हट करके गलत निर्णय लेकर किसानों के ऊपर इस कानून को थोपा था। उन्होंने आंदोलन के मारे गए 700 किसानों को श्रद्धांजलि अर्पित किया। कांग्रेस जिला अध्यक्ष ने कहा कि सरकार की साजिश की पोल खुल गई है। कथनी और करनी में जमीन आसमान का अंतर है। श्री त्रिपाठी ने कहा कि विजय दिवस मनाते हुए कांग्रेस किसानों के साथ है। किसानों की जायज मांगों में वह सदैव उनके साथ खड़े रहेंगे। प्रेस वार्ता के दौरान रणजीत सिंह सलूजा, नर्सिंग प्रकाश, डॉ बीके सिंह, मोहम्मद रहमान, रोहित शुक्ला, इरफान, वेदांत तिवारी सहित कई लोग मौजूद रहे।

संस्कार ग्लोबल स्कूल ने यातायात माह के तहत शहर में निकाली जन जागरूकता रैली

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। शनिवार को संस्कार ग्लोबल स्कूल टेउंगा के बच्चों ने यातायात माह के तहत शहर में जनजागरूकता रैली निकाली। रैली को एएसपी पूर्वी डा. सुरेन्द्र प्रताप सिंह,सीओ सिटी अड्डाय पाण्डेय ने पुलिस लाइन से हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। रैली में करीब एक हजार बच्चे शामिल हुए। हांथ में तख्ती लिए और नुक्कड़ नाटक से लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया। विद्यालय के निदेशक संजय सिंह,प्रिंसिपल स्मृति सिंह,टीएसआई नरेन्द्र सिंह,राहुल श्रीवास्तव, अविनाश सिंह आदि बच्चों के साथ रैली में शामिल रहे। रैली पुलिस लाइन से निकलकर राजापाल टन्की, ट्रेजरी चौराहा, कचहरी रोड होते हुए अम्बेडकर चौराहा पहुंची। वहां छात्र -छात्राओं ने रोड सिग्नल,हेलमेट की आवश्यकता, सीट बेल्ट,शराब पीकर वाहन न चलाने,गाड़ी चलाते समय मोबाइल पर बात न करने आदि के बारे नुक्कड़ नाटक के द्वारा जगरूकत किया। शिवम त्रिपाठी,संगीत दूबे, प्रदीप शर्मा,अंकिता सिंह,शुड्डाम सोनी, मनोज शुक्ल, दीक्षा ओझा आदि उपस्थित रहे।

दुर्घटना मे अधेड़ की मौत, अज्ञात चालक के खिलाफ गैरइरादतन हत्या का केस

अखंड भारत संदेश

लालगंज, प्रतापगढ़। दुघर्टना मे अधेड़ की मौत पर पुलिस ने अज्ञात चालक के खिलाफ गैरइरादतन हत्या का केस दर्ज किया है। जेठवारा थाना के नौबस्ता निवासी शेरबहादुर की पत्नी गुड़िया ने पुलिस को दी गई तहरीर मे कहा है कि उन्नींस नवंबर की शाम सात बजे वह किठावर बाजार रिश्तेदारी जा रहा था। वहां सगाई कार्यक्रम से लौटते समय लालगंज कोतवाली के नेशनल हाइवे के ढकवा मोड़ पर पिकप वाहन ने उसके पति की बाइक मे जोरदार टक्कर मार दी। दुघर्टना मे पति शेर बहादुर 40 गंड्डीर रूप से घायल हो गया। गंड्डीर अवस्था मे शेर बहादुर को प्रयागराज मेडिकल कॉलेज परिजन इलाज को लेकर गये। वहां एसआरएन मे चिकित्सकों ने शेरबहादुर को मृत घोषित कर दिया। मृतक शेर बहादुर अपने पीछे पुत्रियां आरती 20, कांती 16 तथा पुत्र शिवम 14 तथा शुड्डाम 12 निराश्रित छोड गया है। शेर बहादुर की मौत की जानकारी होते ही परिजनों मे कोहराम मच

कुण्डा ब्लाक के रैयापुर जूनियर हाईस्कूल में आज होगा सांसद खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ

अखंड भारत संदेश

कुंडा प्रतापगढ़। सांसद खेल प्रतियोगिता का शुड्डारंड्ड रविवार को सुबह 10:00 बजे होगा। सांसद कौशांबी विनोद सोनकर के मीडिया प्रड्डारी ड्डूपेन्द्र पाण्डेय ने बताया कि ड्डाजपा के राष्ट्रीय सचिव एवं कौशाम्बी सांसद विनोद सोनकर के प्रयास से क्षेत्र के युवाओं में खेल की प्रतिड्डा निखारने हेतु सांसद खेल प्रतियोगिता का रविवार को सुबह 10 बजे शुड्डारंड्ड होगा। कौशाम्बी विकास परिषद द्वारा कराये जा रहे इस प्रतियोगिता में लोकसड्डा क्षेत्र के सड्डी ब्लाक में 21 नवम्बर से प्रतियोगिता होगी। कुण्डा ब्लाक के रैयापुर स्थिति किसान हितैसी जूनियर हाईस्कूल में ड्डाजपा नेता शिव प्रकाश मिश्र सेनानी ,कालाकांकर ब्लाक के मदन मोहन मालवीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कालाकांकर में पूर्व सांसद राजकुमारी रत्ना सिंह, बाबागंज ब्लाक के अमर बहादुर शिक्षण एवं प्रशिक्षण संस्थान बहोरिकपुर हीरागंज में सदस्य जिला पंचायत बाबागंज क्षमा सिंह एवं पूर्व प्रत्याशी पवन गौतम एवं बिहार ब्लाक का ब्लाक मुख्यालय बिहार में ड्डाजपा जिलाध्यक्ष हरिओम मिश्र उद्घाटन करेंगे। बता दें कि शनिवार तक सड्डी ब्लाक मुख्यालयों में रजिस्ट्रेशन किया जा रहा था। खिलाड़ियों ने बढ़ चढ़ कर रजिस्ट्रेशन कराया। क्षेत्र में पहली बार इस तरह की प्रतियोगिता कराई जा रही है। इससे लोगों में उत्साह है।

एएसपी ने किया औचक निरीक्षण, लगाई फटकार

लालगंज, प्रतापगढ़। जिले के अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी रोहित मिश्र ने शनिवार को दोपहर कोतवाली का औचक निरीक्षण किया। एएसपी ने निरीक्षण के दौरान मातहतो को फरियादियो के प्रार्थना पत्रो पर समयबद्ध निस्तारण सम्बन्धी कार्रवाई के निर्देश दिये। एएसपी ने अड्डिलेखो का ड्डी अवलोकन करते हुए वांछितो की गिरफ्तारी ड्डी कराये जाने मे पुलिसकर्मियों को ढिलाई न बरतने की हिदायत दी। महिला हेल्पडेस्क का निरीक्षण करते हुए एएसपी रोहित ने महिलाओं के उत्पीडन से जुड़े मामलो मे कार्रवाई से संबंधित निस्तारण आख्या न देख नाराजगी जताई। कैम्पस मे कुछ पुलिसकर्मियों को बिना नेमप्लेट देख ड्डी एएसपी ड्डाड़क उठे। लापरवाह पुलिसकर्मियों को एएसपी की फटकार ड्डी झेलनी पड़ी। उन्होने पुलिसकर्मियो को वीट मे रात्रि गश्त के दौरान कडी सर्तकता बरतने के निर्देश दिये। इस मौके पर सीओ रामसूरत सोनकर व कोतवाल कमलेश पाल ने एएसपी को वांछित जानकारियों से अवगत कराया।

कार्तिक पूर्णिमा के पर्व पर हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने गंगा में लगाई आस्था की डुबकी

अखंड भारत संदेश

परियावा। कार्तिक पूर्णिमा के पावन पर्व पर कालाकांकर मानिकपुर,बाबा हौदेश्वर नाथधाम के पवित्र गंगाजल में ड्डारी संख्या में श्रद्धालुओं ने आस्था की डुबकी लगाई और मां गंगा की पूजन अर्चन कर परिवार के सुख सम्रद्धि की कामना किया गंगातट किनारे तीनो तीर्थ स्थल पर मेला लगा रहा सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए कुंडा मानिकपुर नवाबगज की पुलिस मुस्तैदी से डटी रही। महिलाओं की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए मानिकपुर पुलिस मेले का ड्डमण करती रही। मानिकपुर मेले में राजमार्ग पर छोटे बड़े वाहनों के चालको को आने जाने के दौरान परेशानी का सामना करना कार्तिक पूर्णिमा पर मानिकपुर में लगने वाले मेला का शुड्डारंड्ड गुरुवार की शाम मां ज्वाला देबी मंदिर ट्रस्ट के सचिव डॉ0 विजय कुमार यादव व थाना प्रड्डारी सुड्डाष कुमार यादव ने मां ज्वाला देबी की पूजन अर्चन कर सकुशल मेला सम्पन्न होने की पूजन अर्चन किया। मेले में सड्डी प्रकार की दुकाने लगी रही बच्चों के लिए रंग बिरंगे गुब्बारे मेला की शोड्डा बढ़ा रहे थे। मेले में गरमा गरम गुड़ की बनी जलेबी को खरीदने वालों की ड्डीड़ देखने को मिली पुलिस प्रशासन चाक चौबंद रही मानिकपुर मेले में तिल रखने की जगह नही दिखाई दे रही थीं। स्नान का पर्व दोपहर तक चलता रहा। मानिकपुर में बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं की बसों को मलेट्री ग्राउंड व आलापुर लाला का बाजार की तरफ से आने वाले वाहन को मानिकपुर से पहले सड़क किनारे खड़ी करा दिया गया।संग्रामगढ़ बाजार में स्नान व मेले में जाने वाले छोटे बड़े वाहनों से अच्छा खासा बीच बीच मे जाम लग जाता रहा जिसमे पुलिस को काफी मसक्कत करनी पड़ी पश्चिमी अपर पुलिस अधीक्षक रोहित मिश्रा मानिकपुर मेले में पहुँचकर अपने मातहतों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया।

भारत सनातन परंपरा का संवाहक मृत्यंजय देश रहा है : रमेश जी

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। सिक्ख धर्म के संस्थापक गुरुनानक देव जी की 552 वीं जयन्ती प्रकाश पर्व पर अमृत महोत्सव के आयोजन के क्रम में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ,काशी प्रान्त के प्रान्त प्रचारक रमेश जी ने बाबागंज गुरुद्वारा में जाकर मत्था टेका एवं अरदास किया। गुरुद्वारा समिति के मंजीत सिंह गोविंद एवं मंजीत सिंह छाबड़ा ने सरोपा पहना कर उनका सम्मान किया` इस अवसर पर सिक्ख समाज को संबोधित करते हुए प्रान्त प्रचारक ने कहा कि ड्डारत सनातन परंपरा का संवाहक मृत्युंजय देश रहा है जिसके निर्माण में सिक्ख समाज की महती ड्डूमिका है` गुरुपुत्रों का ड्डारत और धर्म की रक्षा के लिए बलिदान सम्पूर्ण विश्व मे राष्ट्रधर्म हेतु समर्पण अतुलनीय है` गुरुओं की महान परंपरा सिक्ख धर्म के साथ ड्डारत की पहचान से जुड़ी हुई है` गुरुओं के बताए मार्ग पर चलकर ही अमृत महोत्सव के स्वत्व जागरण का उद्देश्य पूरा हो सकता है` गुरु नानक देव जिनकी आज जयन्ती है वह समाज की पीड़ा को अंगीकार कर दुखों से मुक्ति दिलाने वाले सच्चे महापुरुष थे` उनका संपूर्ण जीवन मानवता एवं प्रेम का अनूठा उदाहरण है` गुरु नानक ने मनुष्य में आध्यात्मिक चेतना को प्रवृत्त कर ईश्वर से जोड़ने की महत्वपूर्ण ड्डूमिका निड्डायी` गुरु नानक देव ने हमें बताया कि ईश्वर की निगाह में न कोई छोटा है न बड़ा जो व्यक्ति अपने अहंकार को त्यागकर अपने को ईश्वर को समर्पित कर देता है, ईश्वर पिता के समान उसका पालन पोषण करता है` इस प्रकार गुरुओं की बानी हमारे लिए पथ प्रदर्शक का कार्य करती है` इस अवसर पर सिक्ख समाज के साथ डॉ पीयूषकांत शर्मा,चिंतामणि द्विवेदी, प्रतोष, डॉ सौरड्डा पांडेय, प्रड्डाशंकर पांडेय, दिनेश अग्रहरि आदि उपस्थित रहे।

प्रकाश पर्व पर बाबागंज गुरुद्वारा में टेका मत्था व किया अरदास

वांछित धराया, गया जेल

लालगंज, प्रतापगढ़। कोतवाली पुलिस ने दलित उत्पीड़न तथा हत्या के प्रयास के एक वांछित आरोपी को शनिवार की सुबह धर दबोचा। कोतवाली के दरोगा जयकिशुन ने जसमेढ़ा गांव के समीप से शिवम सिंह पुत्र रामसिंह को सुबह हिरासत मे ले लिया। पुलिस ने आरोपी को दोपहर बाद जेल ड्डोज दिया। घटना को लेकर गांव के लल्लू के पुत्र रामधन सरोज ने पन्द्रह नवंबर को अज्ञात आरोपियो के खिलाफ हत्या के प्रयास समेत कई गंड्डीर धाराओं मे केस दर्ज कराया था। पुलिस को घटना की जांच मे पकडे गये आरोपी शिवम सिंह के खिलाफ घटना मे शामिल होने का तथ्य मिला। जांच के दौरान शिवम के खिलाफ आरोप पाये जाने पर पुलिस ने उसे धर दबोचा।

उमरवैश्य समाज के सामूहिक विवाह में 16 जोड़ों का हुआ जयमाल

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। जिला उमरवैश्य समाज सड्डा द्वारा आयोजित 14वाँ सामूहिक विवाह की शोड्डायात्रा निकाली गई। जिसमें समाज के कोने-कोने से आए समाज के लोग व सांसद संगम लाल गुप्ता व विधायक राजकुमार पाल, एडिशनल एसपी पूर्वी, सीओ सिटी, संतोष शाह, रोशनलाल, रामजी, गुलाबचंद, शोड्डानाथ, मनोज, मदनलाल, श्री राम विलास, दीपक सड्डासद, महादेव, शंकर लाल, विमल जी, मध्य प्रदेश से रंजीत मोदी व बिहार आदि 10 प्रांतों के समाज के पदाधिकारीगण बराती बने। यात्रा महुली से निकलकर चिलबिला बाजार में ड्डमण कर श्री पैलेस पहुंची। रास्ते में जगह-जगह बारातियों के लिए जलपान की व्यवस्था की गई थी। बारात में हाथी, घोड़े के साथ हजारों की संख्या में बारात चल रही थी पहुंचने के बाद समाज सड्डा के संरक्षक रोशनलाल उमरवैश्य, अध्यक्ष गुलाबचंद, महामंत्री शोड्डानाथ ने दूल्हो कि अगुवानी की बारात पहुंचने के बाद सड्डी दूल्हो ने द्वारपूजा का कार्यक्रम हुआ। रोशनलाल उमरवैश्य ने बताया की 16 वर कन्यो का जय माल कराया गया है विवाह रात में होगा व विदाई कल सुबह कराई जाएगी।

श्रीमद भागवत कथा के समापन पर अनवरत चला भंडारा

अखंड भारत संदेश

परियावां। नवाबगज थाना क्षेत्र के परियावां पाइकगंज बाजार में 13 नवम्बर से चल रहा सात दिवसीय श्रीमद ड्डागवत कथा का समापन शुक्रवार की रात को श्रीकृष्ण रुकमणी विवाह, कलियुग का कल, राजा परीक्षित की कथा के साथ संपन्न हुआ जिसमें आचार्य श्री पंकज कृष्ण जी महराज ने अपने यजमान रिटायर प्रोफेसर राम सनेही जायसवाल से शनिवार को हवन पूजन अर्चन कराकर श्रीमद ड्डागवत कथा का समापन किया हवन का कार्यक्रम दोपहर को समाप्त होने पर छोटी छोटी कन्याओं को कचौड़ी सब्जी चटनी व बूंदी के साथ प्रसाद ग्रहण कराया कन्याओं के प्रसाद ग्रहण करने के बाद अनवरत ड्डांडारे का कार्यक्रम शुरू किया गया जो देर रात तक चलता रहा ड्डांडारे में सहयोग करने वाले डॉ सुरेश जायसवाल, श्रीमती मिथलेश देबी, सुधीर जायसवाल, कल्लू जायसवाल,बिल्लू जायसवाल, सचिन जायसवाल, रमेश जायसवाल श्रीमती मोना जायसवाल, राजा बाबू, अश्वनी मोदनवाल, अजय जायसवाल, दिलीप जायसवाल, रिशु जायसवाल, आदि लोग रहे।

किसानों को मोदी सरकार की नीति और नीयत पर नहीं है रंच मात्र भरोसा : प्रमोद तिवारी

अखंड भारत संदेश

लालगंज, प्रतापगढ़। शनिवार को नगर स्थित क्षेत्रीय विधायक आराधना मिश्रा मोना के कैम्प कार्यालय पर पत्रकार वार्ता मे सीडब्ल्यूसी मेंबर प्रमोद तिवारी ने आत्मविश्वास के साथ कहा कि किसानो के इस आंदोलन मे सबसे महत्वपूर्ण समर्थन सड़क पर उतरकर उत्तर प्रदेश मे विरोध पक्ष का नेतृत्व कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने किया। आंदोलन का समर्थन करते हुए कहा कि मोदी सरकार आखिर न्यूनतम समर्थन मूल्य की ड्डी इसी समय घोषणा क्यूं नही कर रही है। वार्ता के दौरान प्रमोद तिवारी ने ड्डाजपा सरकार पर तंज कसा कि मोदी सरकार ने तीनों काले कृषि कानून को वापस ले लिये जाने की घोषणा अपना अस्तित्व बचाने के लिए करने को मजबूर हुई है। इस मौके पर प्रतिनिधि ड्डागवती प्रसाद तिवारी, मीडिया प्रड्डारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल, चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी, सांगीपुर प्रमुख अशोक सिंह बब्लू, आशीष उपाध्याय, छोटे लाल सरोज, सुधाकर पाण्डेय, ददन सिंह, कमल सिंह, पप्पू तिवारी, कुंवर ज्ञानेंद्र सिंह, त्रिड्डु तिवारी, सत्येंद्र सिंह आदि रहे।

खबर संक्षेप

शांति भंग के आरोप में तीन गिरफ्तार

करारी कौशांबी। महेवा घाट थाना पुलिस ने शांतिभंग के आरोप में तीन लोगों को गिरफ्तार कर अदालत में चालान कर दिया है महेवाघाट थाना पुलिस ने बताया कि एनसीआर संख्या 58/21 धारा 323 504 आईपीसी के अंतर्गत नामजद चार अभियुक्तों में से तीन अभियुक्त अंतर्गत धारा 151 107/ 116 दंड प्रक्रिया संहिता के तहत गिरफ्तार कर चालान न्यायालय किया गया है।

समूह ने वितरित कराया गर्भवती महिलाओं को दाल तेल दलिया

कड़ा कौशांबी। कड़ा ब्लॉक के ग्रामसभा ताजमल्लहन आंगनवाड़ी केंद्र 1 में शनिवार को स्वयं सहायता समूह की महिलाओं ने गर्भवती महिलाओं को दाल तेल दलिया आदि सामान वितरण किया है शासन के निर्देश पर पात्रों को योजना का लाभ दिया जाता है इसी योजना के तहत स्वयंसेवी संस्थान के सहयोग से आंगनवाड़ी कार्यकत्री ने पात्र महिलाओं को योजना का लाभ दिलाया इस अवसर पर जितनी भी पात्र महिलाएं थी उन्होंने आंगनवाड़ी केंद्र पर आकर दाल तेल दलिया प्राप्त किया इस अवसर पर हाईया माता स्वयं सहायता समूह ताजमललाहन की सचिव सुनीता देवी और आंगनवाड़ी कार्यकत्री अंजू देवी द्वारा सामान वितरित कराया गया।

पुलिस बैरियर से टकराकर बाइक सवार युवक की दर्दनाक मौत

युवक की मौत के बाद कई लोगों की लापरवाही निकलकर आ रही है सामने

सड़क पर लगा पुलिस बैरियर से टकराया बाइक सवार

दुर्घटना के बाद चक्का जाम करते ग्रामीण

अखंड भारत संदेश

कौशाम्बी। पिपरी थाना क्षेत्र के मनौरी ओवर ब्रिज पर शोपीस लाइट लगी होने के कारण लोगों को रात के अंधेरे में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। इस विषय को लेकर मनौरी वासियों ने संबंधित लोगों को मौखिक शिकायत की है लेकिन संबंधित लोगों ने उनकी शिकायतों को निस्तारण करने के बजाए नजर अंदाज कर अपने कार्य सिद्धि में लगे रहे। इसी का नतीजा है कि बीती रात मनौरी ओवरब्रिज पर अंधेरा होने के कारण एक बड़ा हादसा हो गया है जिसमे एक युवक की घटनास्थल पर दर्दनाक मौत हो गई है। बाइक सवार युवक मनौरी से होकर गोहमलवा गांव जा रहा था लेकिन मनौरी ओवरब्रिज पार करते समय अंधेरा होने के कारण युवक की बाइक पुलिस बैरियर से टकरा गई और युवक को गंभीर चोट लग गई है जिसके कारण युवक की घटनास्थल पर दर्दनाक मौत हो गई है। युवक की मौत की खबर परिजनों के बीच पहुंचते ही कोहराम मच गया, रोते बिलखते हुए परिजन घटनास्थल पर जा पहुंचे। युवक के परिजन जब तक युवक को इलाज के लिए ले जाते उससे पहले युवक दम तोड़ चुका था। युवक की मौत के बाद कई लोगों की लापरवाही सामने निकलकर आ रही है। युवक की मौत के बाद घटनास्थल पर पहुंची स्थानीय पुलिस लिखा - पढ़ी कर लाश पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार पूरामुफ्ती थाना क्षेत्र के गोहमलवा गांव निवासी शिवलोचन पुत्र श्यामलाल किसी काम से मनौरी गया था। मनौरी से वापस गांव लौटते समय मनौरी ओवर ब्रिज पर उसकी बाइक पुलिस बैरियर से टकरा गई जिससे उसकी मौत हो गई है। बताया जाता है कि मनौरी ओवरब्रिज पर बालू लदे वाहनों से वसूली के लिए पिपरी पुलिस ने बैरियर लगा दिया है और यह बैरियर बाइक सवार के लिए काल बन गया है जिससे टकराकर युवक की मौत हो गई। परिजनों के मुताबिक युवक अपने पिता का इकलौता पुत्र था और वह अपने पीछे एक पुत्री व दो पुत्र को छोड़ गया। अब सवाल उठता है कि पुल पर बैरियर लगाने वाली पुलिस का युवक की मौत में कितना दोष है और पुलिस बैरियर से टकराकर युवक की मौत के मामले में पिपरी पुलिस पर क्या कार्यवाही होगी।

आक्रोशित ग्रामीणों ने किया चक्का जाम

कौशाम्बी। पिपरी थाना के मनौरी रेलवे ओवरब्रिज में पुलिस बैरियर से टकराकर सड़क हादसे में बाइक सवार शिव लोचन पुत्र स्व श्याम लाल निवासी गोहमलवा की मौत होने के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने सड़क पर शव रखकर चक्का जाम कर दिया है चक्का जाम होने की जानकारी मिलने पर तहसील और पुलिस आला अधिकारी मौके पर पहुंचे हैं ग्रामीण मुआवजा दिए जाने की मांग कर रहे थे अधिकारियों ने चक्का जाम कर रहे ग्रामीणों को समझा-बुझाकर मुआवजा दिलाए जाने का आश्वासन देकर जाम समाप्त कराया है।

दहेज की डिमांड पूरी ना होने पर बारात लाने से इंकार

तीन लाख 51 हजार रुपये बरीक्षा में दे चुका है बालिका का पिता दस लाख रुपए शादी में खर्च करने की थी योजना

कौशाम्बी। दहेज की डिमांड न पूरी होने पर एक युवक के परिजनों ने शादी करने से इंकार कर दिया है परीक्षा सगाई की रस्म पूरी हो चुकी है बेटी के पिता ने तीन लाख 51 हजार रुपए बरीक्षा में खर्च कर दिया है और शादी तक 10 लाख रुपए खर्च करने की उसकी योजना थी लेकिन अधिक डिमांड की मांग को लेकर लड़के के पिता के शादी से इनकार करने पर मामले की शिकायत बालिका पक्ष ने पुलिस से की है मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र की एक बालिका का रिश्ता कोखराज थाना क्षेत्र में तय हुआ था। जानकारी के मुताबिक मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र के बसोहनी गांव निवासी संतलाल पुत्र महाराज दीन ने अपनी बेटी प्रियंका की शादी कोखराज थाना क्षेत्र के मालक रेजमा गांव निवासी सत्यदेव पुत्र राम विशाल के साथ तय की थी शादी के पूर्व की सभी औपचारिकताए पूर्ण हो चुकी हैं बेटी के पिता का कहना है कि तीन लाख 51 हजार रुपए बरीक्षा में दिया जा चुका है शादी तक में दस लाख रुपए खर्च करने की योजना थी लेकिन लड़के के पिता राम विशाल की और अधिक डिमांड बढ़ गई है 28 नवंबर को बेटी के घर बसोहनी बारात जानी थी जिससे बेटी का पिता शादी की तैयारी में लगा हुआ था इसी बीच लड़के के पिता ने दहेज की और डिमांड की जब बालिका के पिता संतलाल ने अतिरिक्त अधिक दहेज देने से इंकार कर दिया तो लड़के के पिता ने 18 नवंबर को बेटी के पिता को फोन करके बारात आने से इंकार कर दिया है लड़के के पिता द्वारा बारात से इनकार किए जाने से लड़की पक्ष के होश उड़ गए और उसने मामले की सूचना कोखराज थाना पुलिस को देकर परिजनों समेत दहेज लोभियों पर कार्यवाही की मांग की है।

40 करोड़ की परियोजना के मालिक डिप्टी सीएम अपने जनपद की सड़कों को नहीं करा पाए गड्ढा मुक्त : इंद्रजीत

इंद्रजीत सरोज की चुनावी सभा में साफ झलक रही थी बदले की भावना

अखंड भारत संदेश

कौशांबी। चायल विधानसभा क्षेत्र के मखऊपुर मे एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए उत्तर प्रदेश सरकार के पूर्व काबीना मंत्री सपा नेता इंद्रजीत सरोज ने उत्तर प्रदेश की योगी सरकार और केंद्र की मोदी सरकार पर जमकर भड़ास निकाली है उन्होंने मोदी योगी को झूठ बोलने वाला बताते हुए दोनों सरकारों द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं सहित महंगाई पर विस्तार से चर्चा करते हुए योजनाओं को फ्लॉप बताया है। सभा के माध्यम से इंद्रजीत सरोज ने चायल विधायक संजय गुप्ता को भू माफिया बताया उन्होंने कहा कि समाजवादी की सरकार बनने पर इनके भी अवैध निमार्णों पर बुलडोजर चलाया जाएगा जैसे इस सरकार में तमाम सपा नेताओं के मकानों में बुलडोजर चलाई गई है वैसे ही ऐसे भू माफियाओं पर समाजवादी की सरकार बनने के बाद बुलडोजर चलाकर इसका बदला लिया जाएगा जिसके लिए आप लोगों की मतों की आवश्यकता है जिससे समाजवादी सरकार बनाकर ऐसे भूमि माफियाओं पर आप कार्रवाई करा सकें सपा नेता इंद्रजीत सरोज ने मतदाताओं को जागरूक करते हुए कहां कि मुट्ठी भर वाले वोट के मतदाताओं ने जलेबी बनाने वाले को विधायक बना दिया आप दलित व पिछड़ों के पास अधिक वोटे हैं आप तो जिसे चाहे सत्ता में बैठा सकते हैं। अब आपकी जरूरत समाजवादी सरकार बनाने की है जिससे इन भू माफियाओं व जलेबी बनाने वालों से बदला लिया जा सके वहीं पर डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य को आड़े हाथ लेते हुए उन्होंने कहा कि 40 करोड़ की परियोजनाओं का मालिक इतनी बड़ी परियोजना होने के बाद भी इस गृह जनपद के डिप्टी सीएम ने अपने जनपद के सड़कों को अभी तक गड्ढा मुक्त नहीं करा पाए हैं इंद्रजीत सरोज की चुनावी सभा में साफ तौर से बदले की भावना बदले की भावना झलक रही थी।

चुनावी जनसभा में इन्द्रजीत सरोज को सुनने आये लोग

टैलेंट हंट खेल की दूसरी प्रतियोगिता का आयोजन सम्पन्न

अखंड भारत संदेश

कौशाम्बी। जिला शतरंज स्पोर्ट्स एसोसिएशन के तत्वावधान में टैलेंट हंट खेल की दूसरी प्रतियोगिता का आयोजन आशा किरण पब्लिक स्कूल शिवपुर बसुहार में 20 नवंबर को आयोजित किया गया है इस कार्यक्रम में 60 खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया कार्यक्रम के उपरांत में प्रतिभावान खिलाड़ियों को आशा किरण पब्लिक स्कूल के प्रधानाचार्य द्वारा पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया है। यह प्रतियोगिता 5 चरण में की गई परिणाम के अनुसार बालक वर्ग में पहला स्थान आदित्य सिंह दूसरे स्थान पर विवेक मिश्र तीसरा स्थान प्रियन्शी यादव और चौथा स्थान श्रेयस को मिला है पांचवां स्थान गोविन्द कुमार को मिला है बालिका वर्ग में पहला स्थान सुमी मिश्रा को दूसरे स्थान पर हिमान्सी मिश्रा और तीसरा स्थान सोनाजा मिश्रा को मिला है चौथा स्थान श्रेया सिंह को और पांचवां स्थान- मुस्कान को मिल्स है सचिव ने बताया कि टैलेंट हंट के माध्यम से जिले में नये योग्य खिलाड़ियों का जिसके प्रथम और द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों को नेशनल प्रशिक्षकों द्वारा तैयार किया जायेगा पुरस्कार वितरण समारोह में विघालय के प्रधानाचार्य शेष नारायण पाण्डेय द्वारा खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया गया इस आयोजन के अवसर पर जिला शतरंज स्पोर्ट्स विभाग के जिला स्तरीय अधिकारी राघवेंद्र शुक्ला सुनील कुमार केसरवानी पीयूष पाठक सहित इलाके के गणमान्य लोग शिक्षक और ग्रामीण मौजूद रहे हैंआयोजन का संचालन नेशनल आर्बिटर मोहित जायसवाल ने किया सचिव ने बताया 3 टैलेंट हंट प्रतियोगिता सी पी पायलट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बेनी राम कटरा में 27 नवम्बर को आयोजित की जाएगी।

प्रतियोगिता में शामिल छात्राएं

प्रतिभावान खिलाड़ियों को आशा किरण पब्लिक स्कूल के प्रधानाचार्य द्वारा किया गया पुरस्कृत

27 नवंबर को सीपी पायलट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बेनी राम कटरा में फिर आयोजित होगी टैलेंट हंट प्रतियोगिता

सांसद ट्रॉफी खेल महोत्सव प्रतियोगिता का ब्लॉक स्तरीय उद्घाटन समारोह आज

कौशांबी। जिले में कौशांबी विकास परिषद द्वारा आयोजित सांसद खेल महोत्सव सांसद ट्रॉफी का दिनांक 21 नवंबर 2021 को ब्लॉक स्तरीय प्रतियोगिता का उद्घाटन होगा बता दें कि 20 दिवसीय खेल महोत्सव में प्रमुख रूप से चार प्रकार के खेल शामिल किए गए हैं वालीबाल ,कबड्डी, क्रिकेट व दौड़ जिसमें 16 वर्ष से 25 वर्ष तक के पुरुष व महिला वर्ग शामिल होंगे ब्लॉक स्तर में 21 नवंबर 21 को उद्घाटन व 27 नवंबर 21 को समापन व पुरस्कार वितरण होगा लोकसभा स्तर पर उद्घाटन 29 नवंबर 21 व समापन पुरस्कार वितरण समारोह 5 नवंबर 21 को होगा बता दें कि 15 नवंबर से 20 नवंबर तक ऑनलाइन या ऑफलाइन पंजीकरण के माध्यम से टीमों का चयन किया गया उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में ब्लॉक स्तर पर मूरतगंज ब्लॉक के अंतर्गत भवंस मेहता डिग्री कॉलेज मैदान भरवारी में खेल प्रतियोगिता उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि सांसद विनोद सोनकर शामिल होंगे कड़ा ब्लॉक के फसाया तालाब मैदान जीआईसी में मुख्य अतिथि विधायक सिराथू शीतला पटेल कौशांबी ब्लॉक आदर्श इंटर कॉलेज मैदान सराय अकिल मुख्य अतिथि संतोष सिंह पटेल चायल ब्लॉक मेला मैदान बलीपुर टाटा में मुख्य अतिथि चायल विधायक संजय गुप्ता नेवादा ब्लाक सरदार वल्लभभाई पटेल इंटर कॉलेज मैदान सराय अकिल में संपन्न होगा जिसके मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष कल्पना सोनकर होंगी मंझनपुर ब्लॉक स्थान पॉलिटेक्निक टेवा मैदान मुख्य अतिथि अमरनाथ मौर्य सरसवा ब्लॉक मिनी स्टेडियम मैदान पश्चिम सरीरा में खेला जाएगा उद्घाटन के मुख्य अतिथि मंझनपुर विधायक विधायक लाल बहादुर होंगे सिराथू ब्लॉक विट्ठल भाई इंटर कॉलेज मैदान उदाहींन खुर्द मुख्य अतिथि भारतीय जनता पार्टी की जिला अध्यक्ष अनीता त्रिपाठी होगी उक्त आशय की जानकारी सांसद के मीडिया प्रभारी राजेंद्र पांडेय ने दी।

पात्रों के खाते में अब सीधा पहुंच रहा सरकार का पैसा : सुरेश पासी

कौशाम्बी। गन्ना एवं चीनी मिल विकास राज्य मंत्री सुरेश पासी ने कहा कि सरकार गरीबों के हित के लिए अनेकों योजनाएं चला रही है। योजनाओं का लाभ जनता को मिले इसके लिए सरकार सीधा पात्रों के खाते में पैसा भेज रही है। अब कोई बिचौलिया बीच में दलाली नही खा सकता है।राज्यमंत्री सुरेश पासी ने यह बातें शनिवार को मंझनपुर तहसील के तियरा जमालपुर गांव में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि पिछली सरकारों में योजनाओं का लाभ बीच में बिचौलिए खा जाते थे। नरेंद्र मोदी जब पहली बार प्रधानमंत्री बने तो उन्होंने भ्रष्टाचार समाप्त करने के लिए जनधन खाता खुलवाया। अब गरीबों को शौचालय, प्रधानमंत्री आवास, किसान सम्मान निधि, पेंशन आदि योजनाओं के लाभ का पैसा सीधा उनके बैंक खाते में पहुंच रहा है उन्होंने आगे कहा कि पहले स्कूल में बच्चों के ड्रेस आदि की गुणवत्ता की बराबर शिकायतें मिल रही थी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने निर्देशित किया है कि ड्रेस के बजाय बच्चों के खातों में पैसा दिया जाय। उन्होंने कहा कि सपा सरकार गुंडागर्दी चरम पर थी। भाजपा सरकार में सांसद अतीक अहमद जैसे तमाम गुंडे जेल में हैं। अतीक अहमद व उनके चंगु मंगू तक का अवैध घर जेसीबी से धराशायी कर दिया गया। अखिलेश यादव पर कटाक्ष करते हुए उन्होंने कहा कि अखिलेश ने कहा था कि सपा सरकार बनती है तो राम मंदिर के बगल में बाबरी मस्जिद बनवाएंगे। अंत में उन्होंने जनता से अपील किया कि मां लक्ष्मी कमल पर विराजमान होकर आती हैं। इसलिए सभी लोग कमल का बटन दबाकर भाजपा प्रत्याशी को जिताएं। इस मौके पर विधायक लाल बहादुर ने क्षेत्र में कराए गए विकास कार्यों की लोगों को जानकारी दी।

मौत का गड्ढा उदासीन नगर पालिका

कौशांबी। जनपद मुख्यालय मंझनपुर नगरपालिका के कस्बे के अंदर कर्बला के बगल वाली सड़क में सड़क के बीचो बीच पुलिया निर्माण के समय ठेकेदारों ने बड़ा सा गड्ढा छोड़ दिया है जिससे यह गड्ढा मौत का गड्ढा बन चुका है इस गड्ढे में कई बार साइकिल और बाइक सवार गिरकर घायल हो चुके हैं बीते महीने तांगा की घोड़ी भी इस गड्ढे में गिरकर घायल हो चुकी है आम जनता के मौत का यह कुआं बन चुका है कई बार मामले की जानकारी स्थानीय नागरिकों ने नगर पालिका परिषद मंझनपुर के अधिशासी अधिकारी को दी लेकिन अधिशासी अधिकारी ने नाला के ऊपर के बड़े गड्ढे को बंद नहीं कराया है बरसात के दिनों में कर्बला के बगल की सड़क में एक फिट से अधिक पानी भर जाता है जिससे सड़क पर निकलने वालों को गड्ढे का अनुमान नहीं हो पाता और सड़क के बीच का यह गड्ढा मौत का कारण बन सकता है लेकिन नगरपालिका के अधिकारियों को क्या मतलब है नगर वासियों की मौत हो जाए उनके ठेंगे पर है।

सपा के विजय यात्रा से डरकर भाजपा ने लिया काला कानून वापस

अखंड भारत संदेश

करारी कौशाम्बी। समाजवादी पार्टी के नेता ने कहा है कि समाजवादी पार्टी की विजय यात्रा से डरकर भाजपा सरकार ने किसानों पर बनाए गए तीन कृषि कानून के अध्यादेश को वापस लेने की घोषणा की है उन्होंने कहा कि यह भाजपा सरकार किसान विरोधी थी और किसान विरोधी रहेगी सपा नेता ने कहा कि भाजपा सरकार से किसानों का हित होने वाला नहीं है अमीरों की भाजपा ने भूमि अधिग्रहण व काले कानूनों से गरीबों-किसानों को ठगना चाहा था भाजपा ने किसानों के खेतों में कील लगाई, बाल खींचते कार्टून बनाए जीप चढ़ाई लेकिन सपा की पूर्वांचल की विजय यात्रा के अपार जन समर्थन से डरकर भाजपा की केंद्र सरकार ने काले-कानून वापस ले ही लिए सपा नेता ने कहा कि भाजपा बताए सैंकड़ों किसानों की मौत के दोषियों को सजा कब मिलेगी सपा नेता शिवा यादव जिलासचिव जिलाध्यक्ष शिक्षक महासभा ने मोदी सरकार द्वारा तीन कृषि कानून को वापस लेने की घोषणा करने के बाद उक्त बातें कही है।

हर मतदाता अपना नाम मतदाता सूची में कराए अंकित

कौशाम्बी। उप जिला निवार्चन अधिकारी जयचन्द्र पाण्डेय ने जनपद के समस्त पात्र मतदाताओं को सूचित किया है कि भारत निवार्चन आयोग द्वारा जारी कायर्क्रमानुसार अहर्ता तिथि 01 जनवरी 2022 के आधार पर विधानसभा निवार्चन क्षेत्रों की निवार्चक नामावलियों का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण हेतु दावे आपत्तियां 01 नंबर 2021 से 30 नंबर 2021 तक प्राप्त की जाएगी तथा 21 नंबर 2021 को तृतीय एवं 27 नंबर 2021 को चथुर्थ विशेष अभियान की तिथयां निधार्रित हैं, जिसमें जनपद के समस्त मतदान केन्द्रों पर पदाभिहित अधिकारी एवं बूथ लेबिल अधिकारी अनिवार्य रूप से उपस्थित रहकर दावे आपत्तियां प्राप्त करेंगे। जनपद स्तरीय अधिकारियों द्वारा समस्त मतदान केन्द्रों का भ्रमण किया जायेगा। उन्होंने मतदाताओं का पंजीकरण कराने हेतु समस्त मान्यता प्राप्त राजनैतिक दल एवं जन-सामान्य से सहयोग प्रदान करने की अपील भी की है।

न्यूज झरोखा

मरने के बाद भी दुनिया देखेगा बृद्ध

कौशाम्बी। चायल तहसील क्षेत्र के रकसराई गांव का एक बृद्ध मरने के बाद भी दुनिया देख सकेगा उसके इस नेक कार्य पर लोगों ने वृद्ध की मौत पर सराहना की है बताते चलें कि कुछ लोग होते है जो जिन्दा रहते समाज के लिए कुछ न कुछ सामाजिक कार्य करते रहते है और मरने के बाद भी कुछ ऐसा करके जाते है जिसके कारण समाज हमेसा उन्हें याद करता है। इसी प्रकार कौशाम्बी जिले के चायल तहसील क्षेत्र के ग्राम रकसराई निवासी भोलानाथ वैश्य ने जीवित रहते ही नेत्रहीनों के लिये अपनी आँखें दान करने का निर्णय किया था 19 नवंबर को भोलानाथ वैश्य की मृत्यु हो गई भोलानाथ बैश्य की मृत्यु के उपरान्त उनके निर्णय को पूर्ण करते हुए उनके परिजनों ने नेत्र बैंक के अस्पताल को फोन करके भोलानाथ वैश्य की मृत्यु की सूचना दी जिस पर अस्पताल के चिकित्सकों की टीम उनके घर पहुंची और उनके नेत्र को निकाल कर सुरक्षित कर लिया है अब भोलानाथ वैश्य की मृत्यु के उपरांत उनकी आंखें जिन्हें लगाई जाएगी उनकी आंखों से भोलानाथ वैश्य मरने के उपरांत भी दुनिया देख सकेंगे।

तहसील चायल में डीएम एसपी ने सुनी जनसमस्यायें

सम्पूर्ण समाधान दिवस : 82 शिकायतों में मौके पर 09 शिकायतों का निस्तारण

चायल कौशाम्बी। जिलाधिकारी सुजीत कुमार एवं राधेश्याम विश्वकर्मा ने सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर तहसील चायल में जनसमस्यायें सुनी एवं सम्बन्धित अधिकारियों को समयान्तर्गत एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 82 शिकायतें प्राप्त हुई जिसमें से 09 शिकायतों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतें-भूमि विवाद, अवैध कब्जा, विद्युत, कृषि एवं पैमाइश आदि से संबंधित थी इस अवसर पर उप जिलाधिकारी राम दरस राम चायल क्षेत्राधिकारी श्यामा कांत, तहसीलदार दीपिका सिंह, नायब तहसीलदार मोहिब अहमद सहित तहसील स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित थे।

अमनी लोकीपुर में लगा गंदगी का अंबार, सफाई कर्मी नदारद

चायल कौशाम्बी। मूरतगंज विकासखंड के अंतर्गत ग्राम सभा अमनी लोकीपुर के मजरा अमृतनगर की दलित बस्ती मे एक साल से सफाईकर्मी नही आ रहा है सफाई कर्मी के ना आने से इस मजरे की नालियां गंदगी से बजबजा रही है गांव के ही मक्खन लाल, उमाशंकर, अमित, आदि ने स्वयं ही साफ सफाई का काम शुरू कर दिया। ग्रामीणों के अनुसार गांव में तैनात सफाई कर्मी बीते वर्ष से सफाई करने गांव नही आया अमृत नगर में सफाई कर्मी के ना आने से गन्दगी का अम्बार लगा है नालिया लगा हुआ है और नालियां चोक हो गयी है बजबजा रही नालियों से निकलने वाले बैक्टीरिया के प्रकोप से मलेरिया टाईफाइड, डेंगू आदि जैसे भंयकर बीमारी जन्म ले रही हैं बीमारियों के चलते गांव के कई लोग परेशान हैं सफाई कर्मी के गांव ना आने की ग्राम प्रधान से शिकायत कर गांव के नालियों को साफ सफाई के लिए कहा लेकिन अभी तक कोई कार्यवाही नही हो सकी है लंबे समय से बिना ड्यूटी के वेतन ले रहे सफाई कर्मी के कारनामे की ओर ग्रामीणों ने आला अधिकारियों का ध्यान आकृष्ट कराते हुए सफाई कर्मी को नियमित गांव में सफाई करने का निर्देश देने की मांग करते हुए बीते एक वर्षो से गायब रहने वाले सफाई कर्मी पर कठोर कार्यवाही की मांग की है।

फत्ते पुरवा में वर्षों से नहीं पहुंचा सफाई कर्मी

बेनीराम कटरा कौशांबी। चायल तहसील क्षेत्र के नेवादा विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत बरियावा के मजरा फत्ते पुर्वा में तैनात सफाई कर्मी सफाई करने कभी इस मजरा में नहीं पहुंचा है जिससे फत्तेपुरवा मजरा में गंदगी का अंबार लगा हुआ है नालिया बजबजा रही है नालियों से उड़ने वाले दुर्गंध के चलते गांव वालों का जीना मुहाल है गांव में बीमारियां फैलने की आशंका बताई जाती है कई बार ग्रामीणों ने सफाई कर्मी के न आने की शिकायत एडीओ पंचायत नेवादा से की लेकिन सफाई कर्मी की गैर हाजिरी में सुधार नहीं हो सका गांव के लोगों ने आला अधिकारियों का ध्यान आकृष्ट कराते हुए फत्ते पुरवा में सफाई कर्मी की नियमित तैनाती किए जाने की मांग की है।

बाल बाल बंचे अधिशासी अधिकारी अझुवा और उनका परिवार

अझुवा कौशाम्बी। आदर्श नगर पंचायत अझुवा में बतौर अधिशासी अधिकारी तैनात सूर्य प्रकाश गुप्ता और परिजन बीती देर रात बड़ी दुर्घटना से बाल बाल बंच गए हैं।अधिशाषी अधिकारी अझुवा सूर्यप्रकाश गुप्ता ने बताया कि वह परिजनों समेत एक शादी समारोह में सम्मिलित होने गए थे वापस लौटते समय प्रयागराज के ब्लॉक बहरिया बाई पास मार्ग पर एक आवारा गौवंश खड़ा था अचानक भारी गौवंश सड़क की दूसरी तरफ भागने लगा जिससे सामने ही गैवंश उनकी कार से भिड़ गया भला हो गाड़ी का एयर बैग खुल गया हलांकि गाड़ी चकनाचूर हो गयी वही ईओ और उनका परिवार बाल बाल बंच गया दुर्घटना की खबर पर नगर पंचायत अझुवा के पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि सपा नेता वरिष्ठ समाजसेवी ओमप्रकाश कुशवाहा ने उनका हाल चाल लेकर ईश्वर को धन्यवाद दिया है।

दंबगों ने किया देवी देवताओं के स्थान को किया कब्जा

कौशाम्बी। चायल तहसील क्षेत्र में दंबगों के हौसले बुलंद हो चुके हैं और दंबगई के बाल पर देवी देवताओं के स्थान को भी जबरन कब्जा कर लिया गया हैं लेकिन योगी सरकार का फरमान है कि सुरक्षित भूमि पर कोई अतिक्रमण न होने पाए लेकिन फिर भी सार्वजनिक भूमि पर जबरदस्ती कब्जे हो रहे हैं वही दूसरी तरफ चायल तहसील क्षेत्र में चरवा थाना क्षेत्र के बरियावा चौकी अंर्तगत सट्ई मजरा जलालपुर साना गांव में देवस्थान की भूमि को कब्जा कर लिया गया है वही फरियादी कई महीनों से थाना व तहसील के चक्कर काट रहा है लेकिन अभी तक देवस्थान की भूमि दंबगों के कब्जे से मुक्त नही हुई हैं। जानकारी के मुताबिक चायल तहसील के चरवा थाना क्षेत्र के सट्ई मजरा जलालपुर साना निवासी रवि गुप्ता पुत्र राम प्रसाद गुप्ता जो कि देवस्थान की रखवाली करता है वह 22 अक्तूबर को उपजिलाधिकारी चायल को प्रार्थना पत्र देकर देवस्थान को दंबगों से मुक्त करने के लिए न्याय की गुहार लगा चुका है।

सम्पादकीय

सुधार न रोके सरकार

इसमें कोई दो राय नहीं है कि कृषि क्षेत्र में सुधार जरूरी हैं। इसीलिए सरकार कृषि कानून लेकर आई थी। अब इन्हें वापस लेने से यह संदेश जा सकता है कि केंद्र ने आर्थिक बदलाव का रास्ता छोड़ दिया है। वह भी पिछली सरकारों की तरह राजनीतिक दबाव के आगे घुटने टेकने लगी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तीन कृषि कानूनों को वापस लेने का ऐलान किया है। साल भर से चले आ रहे तनाव को खत्म करने के लिहाज से इस कदम का स्वागत किया जा सकता है। सरकार 29 नवंबर से शुरू होने जा रहे शीतकालीन सत्र में अब इन कानूनों को वापस लेने के लिए विधेयक लाएगी। कृषि कानूनों को वापस लेने की मांग को लेकर आंदोलन कर रही संस्था संयुक्त किसान मोर्चा ने प्रधानमंत्री की घोषणा का स्वागत करते हुए कहा कि उनका आंदोलन सिर्फ तीन काले कृषि कानूनों के खिलाफ नहीं था। किसान सभी कृषि उत्पादों के लिए आकर्षक कीमतों की गारंटी चाहते हैं। उसने सरकार से इलेक्ट्रिसिटी अमेंडमेंट बिल भी वापस लेने की मांग की है। वैसे, प्रधानमंत्री के ऐलान से पहले इस साल 12 जनवरी को सुप्रीम कोर्ट ने अगले आदेश तक तीनों कृषि कानूनों के अमल पर रोक लगा दी थी। उसने एक एक्सपर्ट कमिटी भी बनाई थी, जिसे इन कानूनों पर किसानों और सरकार की राय लेनी थी। इस कमिटी ने 19 मार्च को अदालत को सीलबंद लिफाफे में अपनी रिपोर्ट सौंप दी थी, लेकिन अदालत की ओर से आगे कोई कार्यवाही नहीं हुई। दूसरी तरफ, सरकार ने भी इन कानूनों पर लगी अस्थायी रोक को हटवाने की कोशिश नहीं की।

बीजेपी का इन कानूनों को लेकर राजनीतिक रूप से भी बहुत कुछ दांव पर लगा था। उसकी अगुआई वाली सरकार साल भर तक इन कानूनों को किसानों के हित में बताती रही। इसके लिए अलग-अलग तर्क देती रही। इसलिए अब इन्हें वापस लिए जाने के बाद आलोचकों को यह कहने का मौका मिला है कि उत्तर प्रदेश, पंजाब, उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश और गोवा में होने जा रहे चुनावों को देखते हुए उसने यह फैसला किया है। किसान आंदोलन में विशेष रूप से पंजाब, पश्चिमी उत्तर प्रदेश और हरियाणा के किसानों की बड़ी भागीदारी रही है। नरेंद्र मोदी सरकार ने अपने पहले कार्यकाल में विपक्षी दलों के भारी विरोध को देखते हुए भूमि सुधार पर अध्यादेश वापस लिया था। तब एक सवाल यह भी उठा था कि इससे आर्थिक सुधारों की प्रगति पर बुरा असर पड़ेगा। यह सवाल इस बार भी उठ रहा है। इसमें कोई दो राय नहीं है कि कृषि क्षेत्र में सुधार जरूरी हैं। इसीलिए सरकार कृषि कानून लेकर आई थी। अब इन्हें वापस लेने से यह संदेश जा सकता है कि केंद्र ने आर्थिक बदलाव का रास्ता छोड़ दिया है। वह भी पिछली सरकारों की तरह राजनीतिक दबाव के आगे घुटने टेकने लगी है। यह संदेश देश की इकॉनमी के लिए बुरा होगा। इसलिए सरकार को इस धारणा को खत्म करना चाहिए। इसके लिए उसे दूसरे मोर्चों पर सुधार की गाड़ी आगे बढ़ानी होगी। कृषि कानूनों का अनुभव यह भी बताता है कि विभिन्न पक्षों से संवाद और सहमति हासिल करना पहली प्राथमिकता होनी चाहिए। यहां सरकार से चूक हुई। इस सबक को अमल में लाया जाए तो बहुत मुमकिन है कि आगे चलकर बेहतर तरीके से बदलाव लाए जा सकेंगे।

कृषि कानून वापस होने से जीता कोई भी हो, हारा तो देश का किसान ही है

अशोक मधुप

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कानून वापस लेने की घोषणा से कांग्रेस सहित देश का विपक्ष परेशान है कि उसके हाथ से एक बड़ा मुद्दा छिन गया। तीनों कृषि कानून काफी समय से लंबित थे। भाजपा से पूर्ववर्ती सरकारें इन पर चिंतन और मनन कर रही थीं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के तीनों कृषि कानून वापिस लेने की घोषणा पर आंदोलनरत किसान नेता इसे अपनी जीत मान रहे हैं। कुछ कह रहे हैं कि इससे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और सरकार की छवि खराब हुई है। भाजपाई खुश हैं कि इससे उन्हें किसानों का विरोध नहीं झेलना होगा। इस राजनैतिक शतरंज की बाजी में चाहे किसी दल को लाभ मिले या न मिले पर सबसे बड़ा नुकसान किसान का हुआ है। अब कोई भी राजनैतिक दल, कोई भी सरकार किसान हित के कानून बनाते हुए डरेगी। किसान हित की बात करते कई बार सोचेगी। इस लड़ाई में जीता कोई भी हो पर वास्तव में हारा तो किसान है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कानून वापस लेने की घोषणा से कांग्रेस सहित देश का विपक्ष परेशान है कि उसके हाथ से एक बड़ा मुद्दा छिन गया। तीनों कृषि कानून काफी समय से लंबित थे। भाजपा से पूर्ववर्ती सरकारें इन पर चिंतन और मनन कर रही थीं। उनकी इच्छा शक्ति नहीं थी। इसलिए वह लागू नहीं कर पाई। भाजपा ने यह सोचकर ये कृषि कानून बनाए कि इनका किसानों के साथ उन्हें लाभ मिलेगा। पर हुआ उल्टा। उन्हें ये कानून वापस लेने पड़े। बकौल कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर हम आंदोलनकारी किसान नेताओं को अपनी बात सही से नहीं समझा पाए। एक बात और क्या तीनों कृषि कानून में सब गलत था? क्या कुछ भी किसान हित में नहीं था? क्या कोई सरकार ऐसा कर सकती है? इस पर सोचना किसी ने गवारा नहीं किया।

किसी ने कहा है कि एक झूठ को इतनी बार बोलो, इस तरह बोलो कि वह सच लगने लगे। सच बन जाए। इस मामले में ऐसा ही हुआ भी। किसानों के लाभ के लिए बने कृषि कानून लगातार बोले जा रहे झूठ के कारण किसान विरोधी लगने लगे। कानून लागू करने के बाद किसान आंदोलन को देखते हुए सरकार ने बार-बार किसान नेताओं से कहा कि वे कानूनों की कमियां बताए, सरकार संशोधन करेगी। सुधार करेगी। किसान नेता ने कभी कमी नहीं बताई। उनकी एक ही रट रही कि सरकार तीनों कानून वापस ले। आंदोलनकारियों के बीच कुछ ऐसे लोग आ गए थे जो इस मामले को निपटने देना नहीं चाहते थे। एक तरह से हालात यह बनते जा रहे थे कि सरकार बल प्रयोग करे। गोली चलाए। किसान नेता चाहते थे कि आंदोलन वापस हो या सरकार लाठी-गोली चलाए। सरकार इससे बचना चाहती थी। जो हालत 26 जनवरी पर किसान प्रदर्शन के दौरान थे, वैसे ही अब थे। इसीलिए ये सब टलता रहा। आ रही सूचनाओं, सूचना तंत्र की मिल रही खबरों के आधार पर सरकार पीछे हट गई। उसने किसान कानून वापस लेने की घोषणा कर दी। प्रधानमंत्री मोदी तथा भाजपा के नेतृत्व को लगा कि इससे मामला टल जाएगा। लेकिन ऐसा होने वाला लगता नहीं। विपक्ष और आंदोलनकारी नेता इसे चुनाव तक गरमाए रखना चाहते हैं। बसपा सुप्रीमो मायावती ने मांग की है कि सरकार किसान आंदोलन में मरने वाले सात सौ किसानों के परिवार को मुआवजा और परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी दे। कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने आंदोलन के दौरान शहीद हुए प्रत्येक किसानों के परिजनों को 25-25 लाख रुपये का मुआवजा देने की। यही बात कई अन्य विपक्षी नेता कह रहे हैं। किसान नेता राकेश टिकैत और संयुक्त किसान मोर्चा के सदस्य शिवकुमार शर्मा कक्काजी का कहना है कि कानून वापस होने के बाद ही वह आंदोलन खत्म करेंगे। वे किसान की उपज का न्यूनतम मूल्य निर्धारित करने के लिए कानून बनाने तक आंदोलन जारी रखने की बात कह रहे हैं। राकेश टिकैत ने मांग की है कि सरकार एमएसपी पर उनसे बात करे। इस पर बात होगी तो और कुछ मामला उठ जाएगा। किसान नेता एसपी सिंह का कहना है कि सरकार ने बहुत देर से फैसला लिया। हमारे 700 से अधिक किसान आंदोलन की भेंट चढ़ चुके हैं। उनकी शहादत हुई है। हमने बहुत कुछ खोया है। इसलिए सरकार के लिए तीनों कृषि कानूनों को वापस लेना भर काफी नहीं है। उसे इस आंदोलन में अपनी जान गंवाने वाले किसानों को मुआवजा देने की घोषणा भी करनी होगी। कुछ बिजली बिल माफ करने की मांग कर रहे हैं। हालत यह हो गई है कि जितने मुंह हैं, उससे ज्यादा नई मांग हो रही है। किसान नेताओं की इस प्रतिक्रिया से लग रहा है कि अभी बहुत आसानी से सब कुछ पटरी पर आने वाला नहीं है। कांग्रेस और विपक्ष भी अभी इस मुद्दे को खत्म नहीं होने देगा। एक बात और पश्चिम उत्तर प्रदेश का किसान विशेषकर जाटों का बड़ा मुद्दा अभी नहीं उठा। पिछले चुलाव में जाट आरक्षण की मांग उठी थी। तब भी कहा गया था कि भाजपा जाटों को आरक्षण दे, नहीं तो उसका बायकाट किया जाएगा। अब फिर चुनाव आने को है, जाट समाज इसे फिर गरमाएगा। अभी वह किसान आंदोलन की वजह से चुप है। इस पूरे आंदोलन की खास बात ये है कि किसान नेता सक्रिय हैं, विपक्ष सक्रिय है, सक्रिय नहीं है तो किसान। खामोश है तो किसान। उसकी ये खामोशी, उसकी ये चुप्पी उसे अब लंबे समय तक नुकसान पहुंचाएगी। उसके हित की योजनाएं बनाते समय सरकारें डरेंगी। देखा जाये तो इस आंदोलन में जीता कोई भी हो, हारा तो बस देश का किसान है।



किसान आन्दोलनः सफलता का गुरुमंत्र...

मोदीजी द्वारा किसान कानूनों की वापसी की घोषणा होते ही बहुत सारे ग्रुप्स, पार्टियां और संगठन के मुंह में भी लार भर आया है जैसे शेर के शिकार पर गीदड़ों और लकड़बग्घे शिकार के जूठन मिलने की लालच में उस क्षेत्र को चारों तरफ से लार टपकाते घेर लेते हैं। लिस्ट मे. पहला नाम तो टिकैत का ही है जो कृषिकानूनों के बाद और मलाई खाने के लिये आन्दोलन जारी रखने का एलान कर रहा हैङ्कमोदी ने वापसी की घोषणा इस गति से की कि जैसे टिकैत के मुंह से एकाएक निवाला छीन लिया हो। दूसरा नम्बर गजवा ए हिन्द वाले मुल्लाओं और मौलानाओं का है जिन्हे शालीन बाग आन्दोलन में मुंह की खानी पड़ी थी और अब कृषिकानूनों की वापसी के बाद उन्हे लगने लगा है कि शेर थक गया है और अब वे फिर से उअअ, ठफ्ठ आदि की आंधी चलाकर देश को नफरत की आग में झोंककर मोदीजी को झुका लेंगे और अपना गजवा ए हिन्द का मन्तव्य पूरा करवा कर देश को इस्लामी देश बना लेंगे। तीसरे लोग हिन्दुओं का वह वर्ग है जो आरक्षण और रउ-रळ ॅ३ की वजह से वाकई पीड़ित और दुखी हैंङ्क उनके आन्दोलन में दम जरूर है पर आन्दोलन सफल होने की उम्मीद न के बराबर है क्योकि वे हिन्दू हैं, वे समझदार हैं, देश के साथ गद्दारी या देश का नुकसान किसी भी कीमत पर नहीं करना चाहेंगे, वे किसान आन्दोलनजीवियों या शालीन बाग वालों की तरह कमीनेपन की हद तक नहीं गिर पायेंगे, न हत्या, तोड़फोड़, देश जलाने या लालकिले पर चढ़कर देश के सम्मान को जरा भी ठेस पहुंचा ने का सोचेंगे। सबसे बड़ी बात तो यह भी है कि उनके पास न तो खालिस्तानियों और इस्लामिक देशों की तरफ से अकूत फंड है, न तो आतंकिस्तानियों या खलिस्तानियों की तरह से देश को बरबाद करने की तमन्ना है या मोदीजी को सत्ता पर से उखाड़ फेंकने की चाह और न ही उस तरह का फालतू समय जैसा कि किसान आन्दोलन वाले छद्म किसानों के पास था जो हजारों अउ टेंटो और ट्रेक्टरों पर सवार होकर जहाँ चाहे जा सकते थे और विदेशी फन्ड के जोर पर बड़े बड़े आन्दोलनजीवी नगर बसा कर सभी सुख सुविधा और ऐश से रह रहे थे या इस्लामिक आन्दोलन के दौरान 500/- प्रति दिन प्रति व्यक्ति देकर महीनों हाईवेज को घेर कर आवागमन ठप करा सकते हैं। इसलिए तीसरी कैटिगरी वाले तो बिचारे हैं और मोदीजी को ला एण्ड एड्मिनिस्ट्रेशन की दृष्टि से उनसे कोई खतरा नहीं हो सकता हां बहुत से ये पीड़ित या तो बीजेपी को वोट नहीं देंगे या फिर नोटा की राह इख्तियार कर सकते हैं। मोदीजी को असली चिन्ता कैटेगरी एक और दो की तरफ से हो सकती है क्योंकि उनकी नीचता, अफवाहें फैलाने की महारत, देशद्रोही प्रवृत्ति और आतंकी क्रियाकलाप उनके पिछले आन्दोलनों में पूरे देश ने देखा है , उनका विदेशी कनेक्शन और देश के ठगबंधन पार्टियों का उनको दिया गया बढ़ावा भी किसी से छुपा नहीं।

- सुरेश तिवारी

नौकरशाही के झासे में है सरकार, उर्वरक के लिये मोहताज हुआ किसान

विनोद के. शाह

मप्र में किसानो के लिये खाद व्यवस्था संभालने वाले सरकार के विभागीय अधिकारी फसल बौनी तक प्रदेश सरकार एंव किसानो को अंधेरे में रखे हुये है। राज्य के जिम्मेदार अधिकारी अक्टूबर माह के अंत तक राज्य में खाद की पर्याप्त उपलब्धता की बात कर रहे थे। जबकि हकीगत यह है कि सरकारी अफसरो का झूठा सरकार एंव अन्नदाता दोनो पर ही भारी रहा है। राज्य में फसल कटाई के बाद हुई बरसात से राज्य का पचास फीसदी किसान अक्टूबर माह मे बौनी के लिये तैयार था। लेकिन बीज बौने किसानो को पर्याप्त खाद नही मिल सकी है। जब पूरे प्रदेश में किसान के आक्रोश से हालात बिगडने लगे तब मोर्चा संभालने मुख्यमंत्री शिवराजसिह को ही आगे आना पडा है।

प्रदेश के मुख्यमंत्री ने केन्द्र सरकार से 32 रैक उर्वरक की मात्र तुरंत उपलब्ध कराने के साथ ही, कालाबजारी करने वालो को शक्ति से कुचलने की बात भी कही,तो हालात सुधरे है। लेकिन इसके पहले राज्य में उर्वरक की जमकार कालाबजारी हो चुकी है। राज्य के 40 फीसदी किसानो को अक्टूबर माह में खुले बाजार से मॅहगे दामो में उर्वरक खरीदकर बौनी करने को मजबूर होना पडा है। इसमें कोई दो राय नही है कि पूर्व में उपलब्ध खाद अक्टूबर माह में सहकारी समिति एंव विपणन संघ के कर्मचारियों के माध्यम से कालाबजारियों तक पहुँचा है। विपणन संघ द्धारा राजनैतिक दबाब में सभी सहकारी समितियो को समानता के आधार पर वितरण न करके कुछ ही सह?कारी समितियों तक वितरित किया है। वही राजनैतिक दबाब में कुछ चुनिंदा समितियों को तय कोटे से अधिक उर्वरक प्रदाय किया गया है। जबकि अक्टूबर माह के अंत तक अनेको सहकारी समितियौ ऐसी भी रही है,जिन्हे खाद की एक भी बोरी राज्य विपणन संघ द्धारा उपलब्ध नही कराई गई थी। चालू अबधि में राज्य में दलहनी,सरसो एंव लम्बी अबधि के गेहूँ की 50 फीसदी से अधिक बौनी हो चुकी है। लेकिन प्रदेश के नौकरशाह यह स्वीकारने ने कतई तैयार नही है कि मप्र में उर्वरक का कोई संकट रहा है। मंत्रालय स्तर के अधिकारी मुख्यमंत्री सहित पूरी सरकार से कह रहे है कि प्रदेश में खाद का कोई टोटा है ही नही है, ब्लकि किसान खाद का आवश्यकता से अधिक संग्रह कर रहा है। यही बात जिला स्तर पर भी जिम्मेदार अधिकारी कर रहे है। लेकिन इसके विपरीत सत्य जो सबके सामने है,उपचुनाव वाले क्षेत्र को छोडकर प्रदेशभर में किसान खाद के लिये हैरान–परेशान रहा है। सहकारी समितियो के बाहर लम्बी–लम्बी कतारे,कतारो में खडे बीमार,बुर्जग एंव महिलाओ की दर्दभरी तस्वीरे राज्य के नौकारशाहो के झूठ को उजागर करने के लिये पर्याप्त है।

मप्र में राज्य विपणन संघ के पास खाद भंडारण एंव वितरण का जिम्मा है। चालू रवी सीजन के लिये राज्य विपणन संघ को साढे चार लाख टन यूरिया,चार लाख टन डीएपी,03 लाख 90 हजार टन मिश्रित खाद एनपीके का भंडारण 01 अगस्त से 15 सितंबर की अबधि में सहकारी समितियों में करना था। इसके लिये राज्य सरकार सरकार छः सौ करोड रुपये की राशि बतौर बैंक गारंटी अग्रिम रुप में राज्य विपणन संघ को प्रतिबर्ष उपलब्ध कराती आ रही है। लेकिन अर्न्तराष्टीय स्तर पर बडी डीएपी की कीमतो एंव इसके तुरन्त बाद केन्द्र सरकार की सब्सिटी में बडौत्तरी,एनपीके खाद में मूल्य बृद्धि के द्धष्टिगत राज्य विपणन संघ की नीयत अधिक मुनाफा कमाने की थी। इस कारण जानबूझकर राज्य की सभी सहकारी समितियो में अग्रिम रुप में उर्वर?क का भंडारण नही किया गया था। अब जबकि सरकार के आकडे से राज्य में उर्बरक की उपलब्धता गत बर्ष की तुलना में 53 हजार टन की अधिक मात्रा द्धष्टीगोचर हो रही है। राज्य विपणन संघ अब भी सत्य पर पर्दा डालने में लगा है। खाद न मिलने से आक्रोशित किसान आन्दोलित हुये थे। स्थानीय स्तर पर किसानो को चक्काजाम,धरना सहित रेल ट्रैक जाम जैसे आन्दोलन करने को मजबूर होना पडा है। चुनावी जिलो को छोड राज्य के शेष सभी जिलो में खाद की आसान उपलब्धता नही है। पिछले कुछ बर्षो से राज्य सरकार बारिश के दिनो में सहकारी समितियो के माध्यम से राज्य के किसानो को ब्याज मुक्त राशि पर अग्रिम खाद उपलब्ध कराती आ रही है। इस नीति से राज्य सरकार की भंडारण पर खर्च होने वाली करोडो रुपये की राशि की बचत हो रही थी। लेकिन राज्य विपणन संध की चालू बर्ष में मुनाफा कमाने की नीति राज्य शासन को आर्थिक नुकशान पहुँचाने के साथ संकट में डालने वाली भी रही है। राज्य सरकार के अधिकारी स्वदेशी एनपीके खाद को डीएपी का उत्तम बिकल्प बताने के साथ उसकि भरपूर उपलब्धता की बात अवश्य कर रहे है। लेकिन सहकारी समितियो के पास किसानो को देने एनपीके खाद भी उपलब्ध नही है। एनपीके,सिंगल सुपर फास्फेट एंव यूरिया का मिश्रण डीएपी के बिकल्प बन सकते है, लेकिन इस मिश्रण को किसान कैसे उपयोग में लाना है, ऐसी जागरुकताभरी जानकारी उपलब्ध कराने में राज्य का कृषि विभाग पूर्णता नाकाम बना हुआ है। राज्य सरकार ने खाद की कालाबजारी एंव इसके अनावश्यक प्रयोग को रोकने सीजन से पूर्व

ई वाउचर जैसी व्यवस्था लागू करने की बात भी कर रही थी। योजना में राज्य के किसानो के पास उपलब्ध कृषि भूमि के आधार पर तय मात्रा की खाद किसानो को देना थी। लेकिन राज्य की सुस्त प्रशासनिक व्यवस्था योजना को अमलीजामा पहनाने में नाकाम होती दिखाई दे रही है। चालू बर्ष में राज्य का 25 फीसदी किसान अपना पिछला सहकारी समिति का कर्ज अदा न करने के कारण डिफाल्टर की श्रेणी में है। सरकारी समितियॉ ऐसे कर्जधारियों को किसी भी प्रकार से खाद नही दे रही है। इसके के कारण गत बर्ष की तुलना में सहकारी समितियौ के पास खाद–ग्राहको की संख्या कम रही है,जबकि सरकार की माने तो प्रदेश के सरकारी रिकार्ड में खाद की उपलब्धता गत बर्ष की तुलना में अधिक है। ऐसे में बडा सबाल यह है कि आखिर राज्य का खाद कहॉ गया? सरकार एंव अन्नदाता को अंधेरे में रखकर,गुमराह करने वाले जिम्मेदार अधिकारियो एंव कर्मचारियो पर दंड की कार्यवाही आवश्यक है। तभी प्रदेश के किसानो को शोषित होने से बचाया जा सकेगा।

अंडमान की उस जेल में

संतोष उत्सुक

कुछ समय पहले सपरिवार पोर्टब्लेयर जाने का मौका मिला। यहां की सेल्यूलर जेल में बरसों कैद रहे अनेक स्वतंत्रता सेनानियों बारे में मेरे दोनों बच्चों ने भी पढ़ा था। कालापानी की ऐतिहासिक जेल में जैसे ही हम घुसे, वहां पर्यटकों की भीड़ दिखी। पर्यटक फोटो खिंचवा रहे थे। यह जगह अब एक प्रसिद्ध पर्यटक स्थल बन चुकी है। वहां हर जगह फटॉग्रफी कॉम्पिटिशन सा चल रहा था। मैं जेल में घूमने लगा। अंडमान के इस जेल परिसर में अंग्रेजों के प्रशासनिक और शातिर दिमाग की छाप स्पष्ट दिखती है। साढ़े तेरह बाई सात फुट की सैंकड़ों कोठरियां अब खामोश हैं। वीर सावरकर जिस कोठरी में रखे गए थे, उसे सभी पर्यटक बहुत गौर से देख रहे थे, और वहां भी फोटो सेशन चल रहा था। जेल के प्रांगण में एक ऐतिहासिक फोटो गैलरी भी है जिसमें विस्मृत ऐतिहासिक घटनाओं के बोलते चित्र हैं। ये तस्वीरें इतिहास को हमारे सामने लाकर खड़ा कर देती हैं। जेल प्रांगण में नारियल और सुपारी के लहलहाते वृक्ष और फूलों से खिलखिलाते पौधे थे। बाहर हर तरफ फैला समुद्र है जो पर्यटकों की जेलयात्रा को अझेल नहीं होने देता। जेल प्रांगण में शाम को भारत सरकार के संगीत एंव नाट्य विभाग का म्यूजिक एंड लाइट शो था। शाम को हम भी वहां पहुंचे और टिकट लेकर बाकी पर्यटकों की तरह मेनगेट से अंदर गए। वहां अधिकतर लोग अपनी पसंद की बैठने की जगह खोज रहे थे तो उनके बच्चे इधर-उधर फुदक रहे थे। कुछ बच्चे लड़ भी रहे थे, लेकिन अपने-अपने मोबाइलों की कैद में जकड़े अभिभावक अपनी कैद के आनंद में रमे हुए थे। हमने भी जगह देखकर आसन ग्रहण किया। शो पहले हिंदी में, फिर अंग्रेजी में हुआ। मशहूर कलाकार मनोहर सिंह, ओमपुरी और टॉम आल्टर की आवाजों ने क्रांति के समय की क्रूर घटनाओं के विवरण को मर्मस्पर्शी बना दिया। ध्वनि और प्रकाश के माध्यम से वहां पर कुछ ऐसा माहौल बना कि हर किसी को अपने दिल से देश की धड़कन आती सुनाई देने लगी। सबको पहले ही बता दिया गया था कि इस शो की रेकॉर्डिंग अनुशासनात्मक कारणों से मना है, फिर भी पर्यटकों ने रेकॉर्डिंग करनी शुरू कर दी। कई बार जेल के कर्मचारियों ने आकर मना किया, फिर भी कई लोग रेकॉर्ड करते ही रहे। कितनों ने चुपके से अपने मोबाइल से ही ये रेकॉर्डिंग कर डाली।

यहां लगा कि जिस तरह से 15 अगस्त और 26 जनवरी हर कोई मनाता है, वैसे ही आजादी के आंदोलन पर बना यह कार्यक्रम भी सबको देखना चाहिए। हममें से बहुत लोग भूल चुके हैं कि किस तरह से यहां पर हमारे अपने अपना सर्वस्व न्योछावर कर आए। शो में दिखाया गया कि उन्होंने कितने अमानवीय जुल्म सहे। लेकिन कोई भी जगह या मौका हो, हम हिंदुस्तानी बिना बोले तो रह ही नहीं सकते। लोगों की खुसर-पुसर वाली बातचीत होती रही। एक कर्मचारी ने आकर मना किया, तब भी होती रही। लेकिन जैसे-जैसे आजादी का यह शो अपनी ऐतिहासिक यात्रा में आगे बढ़ा, धीमे-धीमे सभी चुप होते गए। कार्यक्रम खत्म हुआ। वहां पर मौजूद लगभग हर भारतीय की आंखें तरल थीं और मन में कुछ घुमड़ रहा था। बगल बैठी एक पर्यटक युवती भर्राई आवाज में बोली, ङ्कहर हिंदुस्तानी को एक बार यहां जरूर आना चाहिएङ्क। हो सकता है कि उसका मंतव्य भ्रष्ट नेताओं और अफसरों से रहा हो, या फिर अपना इतिहास भूल चुके लोगों से। लेकिन सब कुछ जानने के बावजूद मुझे लगा कि अभी कितना कुछ बचा है जानने को।

किसानों के संघर्ष के जज्बे ने दिलाई यह जीत, एक किसान आंदोलनकारी बता रहे हैं इस कामयाबी का क्या है मतलब

पुरुषोत्तम शर्मा

26 नवंबर को भारत के वर्तमान ऐतिहासिक किसान आंदोलन को शुरू हुए एक वर्ष होने जा रहा है। पिछले वर्ष 26 नवंबर 2020 को जब हम दिल्ली चले, तो हम नहीं जानते थे कि हमें एक वर्ष तक दिल्ली की सीमा और सड़क पर रहकर लड़ना पड़ेगा। लेकिन हां, हम इतना तो जरूर जानते थे कि हमारी लड़ाई इतनी छोटी भी नहीं है। इसलिए हमने आपस में तय किया कि अपनी ट्रॉलियों में एक माह का राशन, बर्तन, ईंधन और बिस्तर साथ लेकर चलें। मगर जैसा कि गुरु नानकदेव जी के 20 रुपये का पहला लंगर आज 450 वर्ष बाद भी पूरी दुनिया के पीड़ितों, भूखों को खिलाने के बाद चल रहा है, वैसे ही किसानों के इस आंदोलन में लाए गए एक माह के राशन का लंगर लाखों लोगों को खिलाने के बाद भी अनवरत जारी है। किसान आंदोलन के मोर्चों को जमाने में किसानों की संकल्प शक्ति के साथ ही इन लंगरों का भी बड़ा योगदान रहा है।

यह आंदोलन एक साल से टिका है और लगभग सात सौ शहादतों के बाद भी किसानों के अंदर हर रोज लड़ने के लिए नया उत्साह पैदा करता रहा है। इसके कारणों को जानने के लिए इस किसान आंदोलन के दो चर्चित चेहरों के भाषणों के इन अंशों को जरूर पढ़ा जाना चाहिए। एक दिन किसान महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष और पंजाब के जुझारू किसान नेता रुलदू सिंह मानसा ने टिकरी बॉर्डर के मोर्चे से अपने संबोधन में किसानों से कहा, ह्यकिसान वीरो! मैंने पंजाब में किसानों से कह दिया है कि फूलों के हार तैयार रखें। अगर हम जीत के आए तो हार हमारे गले में डाल देना। और अगर हम शहीद हो कर आए तो हार हमारे शव पर डाल देना। हम सिर्फ इन्हीं दो स्थितियों में लौटेंगे। इसलिए याद रखें, किसी युद्ध को जीतने के लिए सेना के पास दो चीजें जरूर होनी चाहिए, पहला खाने को राशन, जो हमारे पास जरूरत से ज्यादा है। दूसरा हथियार।

हमारा हथियार इस आंदोलन में शामिल पांच सौ से ज्यादा किसान संगठनों के झंडे हैं। इसलिए चिंता मत करो! जीत तुम्हारी ही होगी। इसी बीच एक दिन सिंघु बॉर्डर के मंच से बीकेयू और इस आंदोलन के सबसे वरिष्ठ नेता बलबीर सिंह राजेवाल ने अपने संबोधन में किसानों से कहा, ह्यसाथियो! मैं आंदोलनों में इतने वर्षों से सक्रिय हूं। मैंने आज तक कभी भी कम्युनिस्टों के साथ काम नहीं किया। कम्युनिस्टों के बारे में मैं सोचता था कि न जाने वे कैसे लोग होंगे, कैसे जीव होंगे। पर इस आंदोलन में मुझे पहली बार कम्युनिस्टों के साथ काम करने का मौका मिला है। सच कहूं तो मुझे इनके साथ काम करने में बड़ा स्वाद आ रहा है। ये जब मीटिंग में होते हैं तो बाल की खाल उतार लेते हैं। पर जब एक बार कोई सामूहिक फैसला हो जाता है तो सब मुस्कराते हुए बाहर आते हैं। मैं कह सकता हूं कि इस आंदोलन ने जो नेतृत्व तैयार किया है, वह आने वाले समय में पंजाब को बहुत कुछ देने वाला है। यह नेतृत्व देश में भी बड़ा बदलाव लाने वाला है। इस किसान आंदोलन ने एक वर्ष में सत्ता की तमाम साजिशों, भारी दमन और उकसावे की कार्यवाहियों का अडिग रहकर धैर्यपूर्वक जवाब दिया है। यह आंदोलन भारत जैसे विविधता समेटे देश में लोकतंत्र और उसकी संस्थाओं को चलाने की बड़ी सीख दे रहा है। अलग-अलग आर्थिक और सामाजिक पृष्ठभूमि के पांच सौ से ज्यादा संगठनों और इन संगठनों के कई समूहों/समन्वयों को लेकर बने संयुक्त किसान मोर्चा का एक साल से सफल संचालन इसका जीता-जागता उदाहरण है। इसमें बड़े किसान हैं, तो बड़ी संख्या मध्यम व सीमांत किसानों की भी है। खेत मजदूरों के संगठन और आदिवासियों के संगठन भी हैं। भारत की खेती-किसानी और गरीबों की खाद्य सुरक्षा पर हो रहे हमलों के खिलाफ वे इस आंदोलन में एक-दूसरे के साथ मजबूती के साथ खड़े हैं। यहां बहसें तो हैं ही, आंदोलन के मुद्दों से कुछ नेताओं के अंदर आ रहे भटकाओं पर उन्हें सजा देने और इस सजा को सहर्ष स्वीकार करने की परंपरा भी विकसित हुई है। आज जब इस आंदोलन को एक वर्ष पूरा होने जा रहा है, तो मैं कह सकता हूं कि इस आंदोलन की चालक शक्ति स्वयं भारत के लड़ाकू किसान हैं। इस आंदोलन का निशाना सिर्फ कॉरपोरेट परस्त सरकार ही नहीं है, बल्कि किसानों ने सीधे बड़े लुटेरे विश्व व्यापार संगठन को भी अपने निशाने पर लिया है। यह बात मजबूती से कही जा सकती है कि पंजाब और हरियाणा के किसानों के सिंघु और टिकरी बॉर्डर मोर्चों ने इस आंदोलन की रीढ़ का काम किया है।

एमएस धोनी को उम्मीद, इस मैदान पर होगा उनके करियर का आखिरी टी-20 मैच

नईदिल्ली,एजेंसी)। महेंद्र सिंह धोनी की कप्तानी वाली चेन्नई सुपर किंग्स ने शनिवार को अपने शहर में इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2021 का खिताब जीतने का जश्न मनाया। चेन्नई में आयोजित हुए इस कार्यक्रम में धोनी के अलावा तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन, सीएसके के मालिक एन श्रीनिवासन, बीसीसीआई सचिव जय शाह और दिग्गज क्रिकेटर कपिल देव भी शामिल हुए। इस कार्यक्रम के दौरान धोनी ने कहा कि उनका आखिरी टी-20 मैच चेन्नई में ही हो सकता है, लेकिन उन्होंने इस लुभावने टूनामेंट से संभावित संन्यास के बारे में किसी समय सीमा का जिक्र नहीं किया। पूर्व भारतीय कप्तान ने कहा कि उन्होंने हमेशा अपने क्रिकेट की योजना बनाई है। उन्होंने याद किया कि उन्होंने अपना आखिरी वनडे अपने गृहनगर रांची में खेला था। उन्होंने कहा, उम्मीद करता हूं कि मेरा आखिरी टी-20 मैच चेन्नई में ही होगा। यह अगले साल होगा या फिर अगले पांच सालों में, हम इसके बारे में नहीं जानते। बता दें कि धोनी ने आईपीएल 2021 के फाइनल के बाद फैंस को शुक्रिया कहते हुए कहा था, मैं फैन्स को धन्यवाद देना पसंद करूंगा। जहां भी हम खेले हैं, यहां तक ??कि जब हम दक्षिण अफ्रीका में थे, तब भी हमारे पास सीएसके फैन्स की अच्छी संख्या थी। आप उसी के लिए तरसते हैं। उन सभी की बदौलत ऐसा लगता है कि हम चेन्नई में खेल रहे हैं। उम्मीद है कि हम फैन्स के लिए चेन्नई वापस आएंगे।

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के सचिव जय शाह ने इस कार्यक्रम में कन्फर्म करते हुए कहा है कि आईपीएल 2022 का आयोजन यूएई में नहीं बल्कि भारत में ही होगा। उन्होंने कहा कि दो नई टीमों के शामिल होने से आईपीएल का रोमांच और बढ़ेगा। हमारे सामने मेगा ऑक्शन होने वाला है और ऐसे में नए समीकरण देखना दिलचस्प होगा। उन्होंने कहा, मुझे पता है कि आप चेन्नई सुपर किंग्स को चेपॉक स्टेडियम में खेलते हुए देखना चाहते हैं और ऐसा जल्दी ही होने वाला है।

तीसरे टी-20 मैच से पहले बीसीसीआई अध्यक्ष सौरव गांगुली ने इस बात के लिए भारत और न्यूजीलैंड को दी वॉर्निंग

नई दिल्ली। जयपुर और रांची में न्यूजीलैंड को पटखनी देने के बाद अब टीम इंडिया कोलकाता पहुंच चुकी है, जहां उसका लक्ष्य कीवी टीम का सूपड़ा साफ करने पर होगा। बतौर नियमित टी-20 कप्तान बनने के बाद रोहित शर्मा की यह पहली सीरीज है, जिसमें पहले दोनों मैचों में उन्होंने टॉस जीते हैं। इससे उन्हें हालात का फायदा उठाने में मदद मिली है, साथ ही गेंदबाजों और बल्लेबाजों का प्रदर्शन भी अच्छा रहा है। भारत और न्यूजीलैंड के बीच टी-20 सीरीज का तीसरा और आखिरी मैच शुरू होने से पहले बीसीसीआई अध्यक्ष सौरव गांगुली ने दोनों टीमों को ओस को लेकर सावधान किया है। गांगुली ने शुक्रवार को पिच को करीब से देखा और क्यूरेटर सुजान मुखर्जी और कैब अध्यक्ष अविषेक डालमिया से बात की। टी-20 सीरीज के पहले दो मैचों की तरह ही इस मैच में भी ओस शाम साढ़े सात बजे के बाद पड़ने की संभावना है। इसके अलावा इस मैच में भी ओस का प्रभाव कम करने के लिए खास तरह के स्प्रे का इस्तेमाल किया जाएगा। गांगुली का मानना है कि तीसरे टी-20 मुकाबले के दौरान ड्यू फैक?टर काफी प्रभावी रह सकता है। ईडन गार्डन में पत्रकारों से बातचीत के दौरान सौरव गांगुली ने कहा, मैच के लिए काफी शानदार पिच है, जैसा कि अक?सर ईडन गार्डन्स में किसी मुकाबले के लिए दी जाती है। मैच के दौरान ओस बड़ी भूमिका निभा सकता है और अब देखना होगा कि क्या होता है।

बता दें कि रोहित ने ईडन गार्डन्स पर ही वनडे क्रिकेट में 264 रन बनाए थे और यहीं पर कप्तान के तौर पर पहली सीरीज को 3-0 के अंतर से जीतना उनके लिए सोने पे सुहागा होगा। इसके अलावा कोच राहुल द्रविड़ को इस तरह की शानदार जीत के बाद नई भूमिका में ढलने में मदद मिलेगी। इसके एक सप्ताह के भीतर ही न्यूजीलैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज शुरू होने वाली है। रोहित और द्रविड़ अब रिजर्व खिलाड़ियों को मौका देकर परखना चाहेंगे। छठे गेंदबाज को चुनने की दशा में वेंकटेश अय्यर से गेंदबाजी कराई जा सकती है। ऋतुराज गायकवाड़, आवेश खान, युजवेंद्र चहल और इशान किशन उम्मीद कर रहे होंगे कि कप्तान उन्हें इस मैच में मौका देंगे।

हर्षल पटेल ने बताया कैसे एबी डिविलियर्स ने उन्हें बनाया बेहतर गेंदबाज

रांची। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के दौरान एबी डिविलियर्स से मिली सलाह को याद करते हुए भारत के तेज गेंदबाज हर्षल पटेल ने कहा कि रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) के पूर्व साथी खिलाड़ी का उनके करियर पर बड़ा असर रहा है। हर्षल ने न्यूजीलैंड के खिलाफ दूसरे टी20 मैच के जरिए शुक्रवार को इंटरनैशनल क्रिकेट में डेब्यू किया और 25 रन देकर दो विकेट लिए। भारत ने मैच सात विकेट से जीता और हर्षल प्लेयर ऑफ द मैच रहे। इसी दिन दक्षिण अफ्रीका के महान क्रिकेटर डिविलियर्स ने क्रिकेट के सारे फॉर्म से संन्यास की घोषणा भी की। हर्षल ने मैच के बाद कहा,एबी का मेरे करियर पर बड़ा असर रहा है। मैं हमेशा उन्हें चुपचाप देखता आया हूं। हाल ही में यूएई में मैने उनसे पूछा कि बड़े ओवरों में किफायती गेंदबाजी कैसे करूं। उन्होंने कहा कि जब बल्लेबाज अच्छी गेंद को भी पीटे तो भी बदलाव मत करो। अच्छी गेंदों को मारने के लिए बल्लेबाज को मजबूर करो क्योंकि वह सोचेगा कि आप दूसरी गेंद डालोगे लेकिन ऐसा होगा नहीं।

उन्होंने कहा, आईपीएल के दूसरे लेग में यह बात मेरे जेहन में रही और अब पूरे करियर में रहेगी। हर्षल ने आईपीएल के इस सीजन में सर्वाधिक विकेट लिए। अमेरिकी ग्रीनकार्ड धारक हर्षल अपने बड़े भाई के कहने पर भारत में रुके थे। उन्होंने कहा, बचपन में मैं बहुत अधीर था, लेकिन अपने अनुभवों, किताबों और कामयाब लोगों से सुनकर सीखा। उन्होंने कहा, संयम सबसे जरूरी है जो धीरे-धीरे आता है। अगर बेहतरी के लिये कोई बदलाव करना है तो उसके लिये काफी सब्र से काम लेना होगा । मैने भी इसे धीरे धीरे ही सीखा है।

बीसीसीआई सचिव जय शाह ने किया कन्फर्म, भारत में ही होगा आईपीएल 2022 का आयोजन

नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) सचिव जय शाह ने कन्फर्म करते हुए कहा है कि इंडियन प्रीमयर लीग (आईपीएल) 2022 का आयोजन भारत में ही होगा। उन्होंने कहा कि दो नई टीमों के शामिल होने से आईपीएल का रोमांच और बढ़ेगा। हमारे सामने मेगा ऑक्शन होने वाला है और ऐसे में नए समीकरण देखना दिलचस्प होगा। उन्होंने चेन्नई सुपर किंग्स द्वारा चेन्नई में आयोजित एक कार्यक्रम में इस बात की जानकारी दी। इस कार्यक्रम में भारत के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी और तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन भी मौजूद थे। बता दें कि

पिछले दो साल से आईपीएल का आयोजन भारत की बजाय यूएई में ही हो रहा है। जहां पिछले साल कोरोना वायरस की वजह से पूरे टूनामेंट का आयोजन यूएई में हुआ था, वहीं इस साल आईपीएल 2021 का दूसरा फेज यूएई में खेला गया था। इस साल धोनी की कप्तानी वाली सीएसके ने फाइनल मुकाबले में कोलकाता नाइट राइडर्स को हराकर चौथे आईपीएल खिताब पर कब्जा जमाया था। आईपीएल में अब कुल टीमों की संख्या आठ से 10 हो गई है। बीसीसीआई ने जिन दो नई टीमों को शामिल किया है, उसमें लखनऊ फ्रेंचाइजी और अहमदाबाद फ्रेंचाइजी का नाम शामिल है। संजीव गोयनका की मालिकाना हक वाली आरपीएसजी ग्रुप ने 7090 करोड़ रुपये की बोली लगाकर लखनऊ फ्रैंचाइजी हासिल की, जबकि सीवीसी कैपिटल ने अहमदाबाद फ्रैंचाइजी को पाने के लिए 5625 करोड़ रुपये की सफल बोली लगाई।

गेंदबाजों के दम पर पाकिस्तान ने जीती टी-20 सीरीज, दूसरे मैच में बांग्लादेश को 8 विकेट से पीटा

ढाका। सलामी बल्लेबाज फखर जमान की नाबाद फिफ्टी की बदौलत पाकिस्तान क्रिकेट टीम ने शनिवार को दूसरे टी-20 मुकाबले में मेजबान बांग्लादेश को एकतरफा अंदाज में आठ विकेट से हरा दिया। इस जीत के साथ पाकिस्तान ने तीन मैचों की इस सीरीज में 2-0 की अजेय बढ़त बना ली है। बांग्लादेशी टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में सात विकेट खोकर 108 का छोटा स्कोर बनाया। जवाब में पाकिस्तानी टीम ने 18.1 ओवर में दो विकेट खोते हुए 109 रन बना कर मैच जीत लिया। गेंदबाजों के अलावा पाकिस्तान की इस जीत के हीरो सलामी बल्लेबाज फखर जमान रहे, जिन्होंने दो चौकों और तीन छक्कों की मदद से 51 गेंदों पर 57 रनों की नाबाद अर्धशतकीय पारी खेली। उनके अलावा इनफार्म बल्लेबाज मोहम्मद रिजवान ने भी 45 गेंदों पर 39 रन बनाए। इससे पहले शानदार एवं किफायती गेंदबाजी की बदौलत पाकिस्तान ने बांग्लादेश को 108 के छोटे पर रोका। तेज गेंदबाज शाहीन आफरीदी ने चार ओवर में 15 रन देकर दो, शादाब खान ने चार ओवर में 22 रन देकर दो, मोहम्मद वसीम जूनियर ने तीन ओवर में नौ रन देकर एक, हैरिस रउफ ने तीन ओवर में 13 रन देकर एक और मोहम्मद नवाज ने चार ओवर में 25 रन देकर एक विकेट लिया। बांग्लादेश की टीम बल्लेबाजी के बाद गेंदबाजी में भी अपर्याप्त दिखी। बल्लेबाजी में जहां बल्लेबाजों ने निराश किया, वहीं कोई भी गेंदबाज प्रशावशाली गेंदबाजी नहीं कर पाया। पर्याप्त रन न होने के कारण गेंदबाज भी दबाव में दिखे। बांग्लादेश के कप्तान महमूदुल्लाह ने आठ गेंदबाजों का इस्तेमाल किया, जिसमें से केवल मुस्तफिजुर रहमान और अमिनुल इस्लाम को एक-एक विकेट मिला।

ऑस्ट्रेलियाई टेस्ट टीम का कप्तान बनने की होड़ में स्टीव स्मिथ का भी नाम आया सामने, कई सिलेक्टर सपोर्ट में

मेलबर्न। अनुभवी बल्लेबाज स्टीव स्मिथ शनिवार को ऑस्ट्रेलियाई टेस्ट टीम की कप्तानी के मजबूत उम्मीदवारों में से एक के रूप में उभरे। सिलेक्टर्स ने कथित तौर पर पूर्व कप्तान को बागडोर सौंपने का प्रस्ताव देश के क्रिकेट बोर्ड को भेजा है। टिम पेन के कप्तानी छोड़ने के बाद क्रिकेट बोर्ड के अधिकारियों ने कहा कि उप-कप्तान पैट कमिंस हालांकि इस बड़े पद के लिए सबसे आगे हैं, लेकिन स्मिथ भी इस दौड़ में बने हुए है। पेन ने एक महिला सहकर्मी को अपनी अश्लील फोटो और भद्दे मैसेज भेजने पर खेद जताते हुए शुक्रवारको कप्तानी छोड़ने का फैसला किया। यह मामला 2017 का है। पेन को 2018 में दक्षिण अफ्रीका में गेंद से छेड़खानी मामले में तत्कालीन कप्तान स्मिथ को बैन किए जाने के बाद ऑस्ट्रेलियाई टेस्ट टीम का कप्तान बनाया गया था। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के अध्यक्ष रिचर्ड फ्रायडेनस्टीन ने शनिवार को ऑनलाइन प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, ऐसे कई उम्मीदवार हैं जो उस भूमिका के लिए उपलब्ध हैं, स्टीव स्मिथ भी उन उम्मीदवारों में से एक हैं। इस बीच, ऐसी भी अटकलें हैं कि नेशनल टीम के सीनियर सिलेक्टर स्मिथ को कप्तान नियुक्त करने के पक्ष में हैं। एसईएन डॉट कॉम डॉट एयू ने हेराल्ड सन के हवाले से प्रकाशित रिपोर्ट में बताया, यह समझा जाता है कि सिलेक्टर स्मिथ को कप्तान बनाने के पक्ष में हैं और उन्होंने इसकी मंजूरी के लिए बोर्ड के पास प्रस्ताव भेजा है। उन्होंने कहा, इस मामले में हालांकि कमिंस का पलड़ा भारी है और स्मिथ को टीम का उप-कप्तान बनाया जा सकता है। अगर कमिंस कप्तान बनते है तो 1956 में रे लिंडवाल के बाद टीम की कप्तानी करने वाले पहले तेज गेंदबाज होंगे। लिंडवाल ने एक मैच में टीम का नेतृत्व किया था।

हर्षल पटेल से जमकर इम्प्रेस हुए कीवी दिग्गज डेनियल विटोरी, बोले- जसप्रीत बुमराह संग जोड़ी खूब जमेगी

नई दिल्ली। पहली बार नेशनल टीम की जर्सी में खेलने उतरे तेज गेंदबाज हर्षल पटेल ने शानदार गेंदबाजी करते हुए अपने डेब्यू मैच को खास बना दिया। उन्होंने रांची में न्यूजीलैंड के खिलाफ दूसरे टी-20 इंटरनेशनल में 25 रन देकर दो विकेट झटके। उन्हें इस शानदार प्रदर्शन की वजह से मैन ऑफ द मैच अवॉर्ड से भी नवाजा गया। भारत ने इस मैच को आसानी से सात विकेट से अपने नाम किया। इस मैच में आईपीएल 2021 में सबसे ज्यादा विकेट झटकने वाले हर्षल की गेंदबाजी को देखकर ऐसा लग ही नहीं रहा था कि यह गेंदबाज अपना डेब्यू मैच खेल रहा है। उनकी इस बॉलिंग से न्यूजीलैंड के दिग्गज गेंदबाज डेनियल विटोरी काफी प्रभावित हैं। उन्होंने कहा है कि उनकी भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह संग जोड़ी काफी कहर बरपा सकती है। ईएसपीएन क्रिकइंफो से बात करते हुए विटोरी ने कहा, टी-20 फॉर्मेट में डैथ ओवर काफी अहमियत रखते हैं। आखिरी ओवरों में अच्छा प्रदर्शन हर कोई बॉलर नहीं कर सकता और अगर भारत के पास बुमराह और हर्षल हैं तो फिर यह जोड़ी बहुत खतरनाक बन जाएगी। उन्होंने कहा, आप जानते हैं कि पावरप्ले के ओवरों में बल्लेबाज ज्यादा आक्रामक होकर खेलते हैं तो ऐसे में आप बुमराह-हर्षल की जोड़ी होने पर बदलाव के तौर पर पहले छह ओवरों में स्पिनरों से भी ओवर डलवा सकते हैं।

न्यूजीलैंड के खिलाफ दूसरे टी-20 मैच में मैन ऑफ द मैच अवॉर्ड जीतने के बाद हर्षल ने कहा कि उनके करियर में एबी डिविलियर्स का बड़ा असर रहा है। उन्होंने कहा, मैं हमेशा उन्हें चुपचाप देखता आया हूं। हाल ही में यूएई में मैंने उनसे पूछा कि बड़े ओवरों में किफायती गेंदबाजी कैसे करूं। उन्होंने कहा कि जब बल्लेबाज अच्छी गेंद को भी पीटे तो भी बदलाव मत करो। अच्छी गेंदों को मारने के लिए बल्लेबाज को मजबूर करो, क्योंकि वह सोचेगा कि आप दूसरी गेंद डालोगे, लेकिन ऐसा होगा नहीं। आईपीएल 2021 के दूसरे फेज में यह बात मेरे जेहन में रही और अब पूरे कैरियर में रहेगी।

सडक पार कर रहे व्यक्ति को बचाने में स्कूटी सवार दो लोग घायल

गोपीगंज। नगर के राष्ट्रीय राजमार्ग इस स्थित बड़ी चौराहे के पास अचानक सामने आ गये व्यक्ति को बचाने के प्रयास में कोतवाली अंतर्गत गहरपुर गांव के पूर्व ग्राम प्रधान इस्लामुद्दीन पोकू 65 व मोहम्मद नसीम 7० घायल हो गये। पूर्व प्रधान इस्लामुद्दीन गांव के मोहम्मद नसीम के साथ कही गये थे। शनिवार को दिन मे वापस घर लौटरहे थे कि सड़क पार करते समय अचानक उनके स्कूटी के सामने एक व्यक्ति आ गया जिसे बचाने के प्रयास में स्कूटी सहित गिर जाने से दोनों घायल हो गये। घायलो का इलाज निजी अस्पताल में कराया गया।

टिम पेन की मुश्किलें नहीं हो रही कम, अब क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने कप्तानी को लेकर दिया बड़ा बयान

सिडनी। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) के अध्यक्ष रिचर्ड फ्रायडेनस्टीन ने शनिवार को माना है कि बोर्ड ने महिला सहकर्मी को भद्दे मैसेज भेजने के मामले की शुरूआती जांच के बाद टिम पेन को टेस्ट कप्तानी से मुक्त नहीं कर के गलती की थी। पेन ने एक महिला सहकर्मी को अपनी अश्लील फोटो और भद्दे मैसेज भेजने पर खेद जताते हुए शुक्रवार को कप्तानी छोड़ने का फैसला किया। फ्रायडेनस्टीन ने सीए के मुख्य कार्यकारी अधिकारी निक हॉकले के साथ जॉइंट प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, मैं 2018 के फैसले के बारे में बात नहीं कर सकता, मैं वहां नहीं था। लेकिन मैं तथ्यों के आधार पर कह रहा हूं। आज के समय में बोर्ड उस तरह का फैसला नहीं करता।

उन्होंने कहा, मैं स्वीकार करता हूं कि उस फैसले ने स्पष्ट रूप से गलत संदेश दिया कि यह व्यवहार स्वीकार्य है और इसके गंभीर परिणाम नहीं होंगे। ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम के कप्तान की भूमिका में मानदंड हाई लेवल के होने चाहिए। यह मामला 2017 का है और जिसके बाद क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया और क्रिकेट तस्मानिया की जांच में उन्हें क्लीन चिट मिली थी। पेन को 2018 में दक्षिण अफ्रीका के दौरे पर गेंद से छेड़छाड़ के विवाद के बाद टीम का कप्तान नियुक्त किया गया था।

फ्रायडेनस्टीन ने कहा, आचार संहिता उपयुक्त है, यह ध्यान रखना महत्वपूर्ण है कि समय बीतने के साथ बहुत सी चीजें बदल गई हैं। रिपोर्ट के अनुसार क्रिकेट तस्मानिया की एक महिला कर्मचारी ने दावा किया है कि पेन ने उन्हें अपनी भद्दी तस्वीर के साथ अश्लील मैसेज भेजे।

2०० लाभार्थियों को सौंपी प्रधानमंत्री आवास की चाभी, जताया आभार

अखंड भारत संदेश

ज्ञानपुर। आज काशी नरेश राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय विद्यालय ज्ञानपुर के सभागार में आवास दिवस का द्वीप प्रज्जवल जिला पंचायत अध्यक्ष अनिरुद्ध त्रिपाठी विधायक भदोही रवींद्र नाथ त्रिपाठी मुख्य विकास अधिकारी भानू प्रताप सिंह परियोजना निदेशक मनोज कुमार राय द्वारा शुभारंभ किया गया। आवास विहीन गरीबों को छत मुहैया कराने के उद्देश्य से संचालित प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत शनिवार को जिले के सभी 6 विकासखण्डों के 33-33 लाभार्थियों सहित कुल 2०० लाभार्थियों को उनके आवास की चाभी गृह प्रवेश के रूप में प्रदान की गई। जिला पंचायत अध्यक्ष अनिरूद त्रिपाठी विधायक भदोही रवींद्र नाथ त्रिपाठी मुख्य विकास अधिकारी भानू प्रताप सिंह के एन पी जी के सभागार में आयोजित गृह प्रवेश चाभी वितरण एवं कार्यशाला में लाभार्थियों को चाभी प्रदान की और सरकार की विभिन्न योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया। मुख्य विकास अधिकारी भानू प्रताप सिंह ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना का शुभारम्भ 25 जून 2०15 को किया गया और इस योजना का उद्देश्य 2०22 तक सभी को घर उपलब्ध कराना है। उन्होंने बताया कि जनपद भदोही में इस वर्ष 7००7 पात्र लाभार्थियों को प्रधानमंत्री लाभ दिया जा चुका हैं। उन्होंने कहा कि योजना का तीसरा चरण अप्रैल 2०19 में प्रारम्भ किया गया है तथा इसे मार्च 2०22 तक हर पात्र को आवास मुहैया कराते हुए पूर्ण कराने का लक्ष्य निर्धारित है जिसके तहत लगातार पात्रों को लाभान्वित करने का काम किया जा रहा है। इस अवसर पर विधायक रवीन्द नाथ त्रिपाठी ने कहा कि हमारी सरकार द्वारा योजनाओं में बिचौलियों और दलालों का दखल समाप्त करते हुए योजना की धनराशि सीधे लाभार्थियों के खाते में भेजी जा रही है जिससे पात्र लाभार्थियों को योजनाओं का लाभ बिना किसी परेशानी के मिल रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार हर गरीब आवास विहीन को छत मुहैया कराने के लिए संकल्पित है और उसी दिशा में कार्य कर रही है।

ऑनलाइन जगा रहे संस्कृत की अलख

कस्तूरीपुर। उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थान लखनऊ भाषा विभाग से प्रशिक्षण प्रदान कर रहे हैं प्रशिक्षक राजन दुबे का कहना है कि उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थान लखनऊ द्वारा आयोजित 2० दिवसीय संस्कृत भाषा शिक्षण कार्यशाला का समापन सफलतापूर्वक हुआ। ज्ञात हो कि उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थान लखनऊ भाषा विभाग उत्तर प्रदेश शासन के अधीन एक स्वायत्तशासी संस्था है। जिसके माध्यम से निरंतर विगत कई वर्षों से संस्कृत भाषा के उत्थान और प्रचार .प्रसार के लिए प्रयास किए जा रहे हैं। कहा कि जन सरोकार से दूर साहित्य के पन्नों में सिमटती जा रही देव वाणी संस्कृत को संवारने के बीड़ा उठाया गया है। जन जन की भाषा बन सकेए इस मकसद से बालकों की बुनियाद में इसे बो रहे हैं।

कांग्रेस ने निकाली विजय दिवस जुलूस

अखंड भारत संदेश

ज्ञानपुर। केंद्र की मोदी सरकार द्वारा किसान विरोधी तीन कृषि कानून को वापस लेने की घोषणा को देश के अन्नदाता की जीत तथा अहंकार की हार बताते हुए शनिवार को कांग्रेस कार्यकताओं ने जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान जिला अध्यक्ष डॉ राजेंद्र कुमार दूबे राजन के नेतृत्व में सभा और जुलूस निकाल कर किसान विजय दिवस के रूप में मनाया। इस मौके पर गिरधर स्थित पार्टी कार्यालय से कार्यकताओं ने प्रदेश सचिव व जिला प्रभारी राजेश कुमार राकेश की उपस्थिति में जुलूस निकाल कर जीत गया। किसान हार गया अभिमान किसानों के सम्मान में कांग्रेस मैदान में के नारे लगाते हुए ज्ञानपुर स्थित दुगार्गंज तिराहे पर पहुंच कर समाप्त हुआ। सभा में जिला अध्यक्ष डॉ राजेंद्र कुमार दूबे राजन के कहा कि आगामी विधान सभा चुनाव में भाजपा की हार सुनिश्चित जान कर मोदी सरकार ने किसान विरोधी तीनों काले कृषि कानूनों का वापस लेने

की घोषणा की है यह देश के अन्नदाता संसद में राहुल गांधी के नेतृत्व में एकत्रित सम्पूर्ण विपक्ष तथा अहिंसक आंदोलन की जीत तथा मोदी के अहंकार की हार है। सभा में किसान आंदोलन में शहीद हुए सात सौ से अधिक किसानों के प्रति शोक संवेदना व्यक्त करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की गई तथा मृतक किसान परिवारों से एक एक सदस्य को नौकरी तथा एक एक करोड़ मुआवजा देने की भी मांग की गई। इस मौके पर पूर्व प्रदेश महासचिव डॉ धीरेंद्र पांडेय प्रदेश सचिव द्वय वसीम अंसारी करम चंद बिंद सत्येन्द्र प्रकाश तिवारी सुरेश चंद्र मिश्र राजेश दुबे राजेश्वर दूबे सुरेश गौतम स्वालेह अंसारी श्रीधर मिश्र मनोज गौतम सुमित सिंह महेश चन्द्र मिश्र अवधेश शुक्ला विजय गौतम सूफियान अहमद संतोष पाल राजेंद्र प्रसाद मौर्य हरिश्चंद दूबे अशोक कुमार मिश्र संतोष मिश्र त्रिलोकी बिंद विमलेश पाल राजेश विश्वकर्मा आदि सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल रहे। इसी तरह अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सदस्य जगदीश प्रसाद पासी एडवोकेट के नेतृत्व में सरई राजपुतानी के पंचायत भवन के प्रांगण से विजय दिवस की जुलूस निकली जो जौहरपुर जखांव टीकापुर पूरे दीवाना सरई पठखानी सरई मिश्रानी होते हुए सरईराजपुतानी होते हुए पद यात्रा निकाली गई जिसमें प्रतिज्ञा पत्र जन मानस को देते हुए नुक्कड़ सभा का समापन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता न्याय पंचायत अध्यक्ष सुदामा मिश्र ने किया

वरुण गांधी ने पीएम मोदी को लिखा पत्र

एमएसपी के लिए कानून बने और केंद्रीय मंत्री अजय मिश्रा पर सख्त कार्रवाई हो

नई दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सांसद वरुण गांधी ने तीन कृषि कानूनों को निरस्त किए जाने की घोषणा के एक दिन बाद शनिवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को एक पत्र लिख न्यूनतम समर्थन मूल्य के लिए कानून बनाने और लखीमपुर खीरी हिंसा मामले में केंद्रीय मंत्री अजय मिश्रा टेनी के खिलाफ कार्रवाई की मांग करते हुए कहा कि यह निर्णय यदि पहले ही ले लिया जाता तो 700 से अधिक किसानों की जान नहीं जाती। अक्सर किसानों का मुद्दा उठाने वाले उत्तर प्रदेश की पीलीभीत सीट से सांसद वरुण गांधी ने आंदोलन के दौरान मारे गए लोगों के परिजन को एक-एक करोड़ रुपये का मुआवजा देने की भी मांग की है। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री मोदी ने शुक्रवार की सुबह राष्ट्र को संबोधित करत हुए कृषक उपज व्यापार और वाणिज्य (संवर्धन और सरलीकरण) कानून, कृषि (सशक्तीकरण और संरक्षण) कीमत आश्वासन और कृषि सेवा करार कानून और आवश्यक वस्तु संशोधन कानून, 2020 को निरस्त



करने की घोषणा की। इसके साथ ही उन्होंने एमएसपी को प्रभावी और पारदर्शी बनाने के लिए एक समिति गठित किए जाने का भी ऐलान किया था।

प्रधानमंत्री को लिखे पत्र में उन्होंने एमएसपी को कानूनी रूप से बाध्यकारी बनाने की किसानों के मांग का उल्लेख करते हुए कहा कि देश में 85 प्रतिशत से ज्यादा छोटे, लघु और सीमांत किसान हैं और उनके सशक्तिकरण के लिए उन्हें फसलों का लाभकारी मूल्य दिलवाना सुनिश्चित करना होगा। उन्होंने कहा कि यह आंदोलन इस मांग के निस्तारण के बिना समाप्त नहीं होगा और किसानों में एक व्यापक रोष बना रहेगा, जो किसी न किसी रूप में सामने आता रहेगा। अतः किसानों को फसलों की एमएसपी की वैधानिक गारंटी मिलना अत्यंत आवश्यक है। सरकार को राष्ट्रहित में इस मांग को भी तत्काल मान लेना चाहिए। इससे, किसानों को एक बहुत बड़ा आर्थिक सुरक्षा चक्र मिल जाएगा और उनकी स्थिति में व्यापक सुधार होगा। उन्होंने कहा कि एमएसपी का निर्धारण कृषि लागत मूल्य आयोग के सी2 प्लस 50 प्रतिशत फामूर्ले के आधार पर होना चाहिए। इसके साथ ही गांधी ने कहा कि इस आंदोलन में 700 से ज्यादा किसान भाइयों की शहादत भी हो चुकी है। मेरा मानना है कि यह निर्णय यदि पहले ही ले लिया जाता तो इतनी बड़ी जनहानि नहीं होती। उन्होंने कहा कि आंदोलन में मारे गए किसानों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए इनके परिजन को एक-एक करोड़ रुपये का मुआवजा भी दिया जाना चाहिए। उन्होंने आंदोलनकारियों पर दर्ज फर्जी मुकदमों को भी वापस लेने की मांग की। लखीमपुर खीरी हिंसा मामले को लोकतंत्र पर काला धब्बा करार देते हुए भाजपा नेता ने कहा कि इस घटना में निष्पक्ष जांच एवं न्याय के लिए इसमें लिप्त एक केंद्रीय मंत्री पर भी सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि मेरा विश्वास है कि किसानों की उपरोक्त अन्य मांगों को मांग लेने, लखीमपुर खीरी की घटना में न्याय का मार्ग प्रशस्त करने से आपका सम्मान देश में और बढ़ जाएगा। मुझे आशा है कि इस विषय में भी आप ठोस निर्णय लेंगे। ज्ञात हो कि इन कृषि कानूनों के खिलाफ पिछले लगभग एक साल से राजधानी दिल्ली की विभिन्न सीमाओं पर खासकर पंजाब, हरियाणा और पश्चिमी उत्तर प्रदेश के किसान आंदोलन कर रहे हैं। तीनों कानूनों को निरस्त करने की घोषणा का स्वागत करते हुए किसान संगठनों ने भी एमएसपी के लिए कानून बनाने, आंदोलन में मारे गए किसानों के लिए मुआवजे सहित कुछ अन्य मांगें रखी हैं।

नीचे जेसीबी, ऊपर चॉपर, भारी बारिश से आंध्र प्रदेश का बुरा हाल, अब तक 17 की मौत

नई दिल्ली। आंध्र प्रदेश में लगातार बारिश के बाद आई बाढ़ में 17 लोगों के मारे जाने और 100 से अधिक के बह जाने की खबर है। भारी बारिश ने राज्य में तबाही मचा दी है। तिरुपति मंदिर से आ रही तस्वीरों में सैकड़ों तीर्थयात्री भीषण बाढ़ में फंसे हुए दिखाई दे रहे हैं। तिरुपति के बाहरी इलाके में स्थित स्वर्णमुखी नदी में बाढ़ आ गई है। बारिश से आई बाढ़ से हालात इतने खराब है कि बचाव कार्य के लिए चॉपर और जेसीबी की मदद ली जा रही है। आसमान में चॉपर और नीचे जेसीबी के जरिए लोगों की मदद की जा रही है। अनंतपुर जिले के कादिरी कस्बे में देर रात भारी बारिश के कारण एक पुरानी 3 मंजिला इमारत गिरने से 3 बच्चों और एक वृद्ध महिला की मौत हो गई। रेस्क्यू ऑपरेशन लगातार जारी है। इमारत के मलबे में अभी भी 4 से अधिक लोग फंसे हुए हैं। सर्कल इंस्पेक्टर सत्यबाबू ने यह जानकारी दी है।

घाट रोड और मंदिर के घरों वाले तिरुमाला हिल्स के रास्ते बंद कर दिए गए हैं। तिरुपति के बाहरी इलाके में मौजूद स्वर्णमुखी नदी में बाढ़ आ गई है और जलाशयों में पानी भर गया है। कई लोगों के बाढ़ में फंसे होने की खबर है। राज्य परिवहन की तीन बसें फंस गई हैं और 12 लोगों को बचाया नहीं जा सका है। स्थिति को संभालने के लिए राष्ट्रीय और राज्य आपदा राहत टीमों को तैनात किया गया है और बचाव कार्य जोरों पर है।

बाढ़ ने कई जगहों पर सड़कों को क्षतिग्रस्त कर दिया है और रेल, सड़क और हवाई यातायात प्रभावित हुआ है। रायलसीमा क्षेत्र सबसे ज्यादा प्रभावित है। राज्य के चित्तूर, कडपा, कुरनूल और अनंतपुर जिले प्रभावित हुए हैं। गुरुवार से बारिश थमी नहीं है और चेयुरु नदी उफान पर है। अन्नामय्या सिंचाई परियोजना भी प्रभावित हुई है। इलाके में भारी बारिश के कहर को देखते हुए कडप्पा एयरपोर्ट 25 नवंबर तक बंद रहेगा। बारिश ने तमिलनाडु और केरल में भी व्यवधान पैदा किया है। केरल के पथानामथिट्टा जिले में, पंबा नदी में बढ़ते जल स्तर के कारण कल पंबा और सबरीमाला की तीर्थयात्रा पर रोक लगा दी गई है।

कांग्रेस नेता चिदंबरम का भाजपा पर तंज

सिर्फ बीजेपी में...कृषि कानूनों की वापसी

नई दिल्ली। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पी चिदंबरम ने तीन केंद्रीय कृषि कानूनों को निरस्त किए जाने की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की घोषणा की पृष्ठभूमि में शनिवार को आरोप लगाया कि सिर्फ भाजपा की सरकार में कैबिनेट की मंजूरी के बिना कानून बनाए और निरस्त किए जाते हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने शुक्रवार को राष्ट्र के नाम अपने संबोधन में तीनों कृषि कानूनों को निरस्त करने के निर्णय की घोषणा करते हुए कहा कि संसद के आगामी सत्र में इसके लिए समुचित विधाई उपाय किए जाएंगे। चिदंबरम ने ट्वीट किया, गृह मंत्री ने प्रधानमंत्री की घोषणा को एक राजनेता की तरह उठाया गया कदम बताकर सराहना की। भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि प्रधानमंत्री को किसानों की बहुत फिक्र है। रक्षा मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री ने किसानों के कल्याण को ध्यान में रखकर फैसला किया है। उन्होंने सवाल किया, पिछले 15 महीनों में ये योग्य नेता और उनकी अच्छी सलाह कहां थी? क्या आप लोगों ने इसका संज्ञान लिया कि प्रधानमंत्री ने कैबिनेट की बैठक के बिना ही यह घोषणा की? पूर्व गृह मंत्री ने आरोप लगाया कि यह सिर्फ भाजपा के शासन में होता है कि कानून कैबिनेट की मंजूरी के बगैर बनाए और निरस्त किए जाते हैं।

देश में उस समय मजबूत नेतृत्व होता तो 1962 में चीन से नहीं मिलती हार : अरुणाचल गवर्नर

ईटानगर। सीमा पर किसी भी घटना के लिए सेना के जवानों को तैयार रहने का आह्वान करते हुए अरुणाचल प्रदेश के गवर्नर ब्रिगेडियर (रिटायर्ड) बीडी मिश्रा ने शनिवार को कहा कि यदि 1962 में देश में मजबूत नेतृत्व होता तो चीन के खिलाफ हार का सामना नहीं करना पड़ता। राजभवन की ओर से जारी बयान में यह कहा गया। चांगलांग जिले में राजपूत रेजीमेंट की 14वीं बटालियन के ऑपरेशनल बेस पर सैनिक सम्मेलन को संबोधित करते हुए राज्यपाल ने कहा कि देश को कभी भी अपनी तैयारी कम नहीं करनी चाहिए। गवर्नर ने कहा, यदि 1962 में भारत का नेतृत्व मजबूत होता तो चीन से शिकस्त नहीं मिलती। अब समीकरण बदल गए हैं। भारत दुनिया के सबसे शक्तिशाली सस्त्र शक्तियों में से एक है। हालांकि, हमें अपनी तैयारी कम नहीं करनी चाहिए। प्रत्येक सैनिक को हमारी सीमाओं पर किसी भी घटना के लिए खुद को तैयार करना चाहिए। मिश्रा ने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सेना के जवानों के कल्याण के लिए हमेशा चिंतित रहता है। सुरक्षा बलों के प्रति सरकार के रवैये में बड़ा बदलाव आया है। अब सर्वोच्च राजनीतिक नेतृत्व सुरक्षाबलों के कल्याण के लिए बेहद चिंतित रहता है। उन्होंने कर्मियों से अनुशासन बनाए रखने, खुद को कड़ी मेहनत से प्रशिक्षित करने और नागरिकों के साथ एक मिलनसार संबंध रखने की अपील की। उन्होंने कहा, ₹अगर वदीधांरी ठान लें तो वे अपने सभी प्रयासों में सफल होंगे।

भगवान बिरसा मुंडा की स्मृति में पहली बार हिमाचल के जनजातीय क्षेत्रों में पहली बार आदि महोत्सव का आयोजन

शिमला। भगवान बिरसा मुंडा की स्मृति में पहली बार हिमाचल के जनजातीय क्षेत्रों में पहली बार आदि महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। किन्नौर में इस महोत्सव का शुभारंभ सीएम जयराम ठाकुर और लाहौल स्पीति में केबिनेट मंत्री डा रामलाल मारकंडा ने किया। लाहौल के दुर्गम मयाड घाटी के तिंरगेट गांव में डा मारकंडा ने आदि महोत्सव का विधिवत शुभारंभ किया।

इस दौरान मारकंडा भगवान बिरसा मुंडा के छायाचित्र पर पुष्पांजलि आर्पित करते हुए उनके संघर्षों को नमन किया। यह महोत्सव पूरे देशभर में 16 से 30 नवंबर तक आयोजित किया जा रहा है। राष्टीय जनजातीय महोत्सव के रूप में पूरे देश में मनाए जा रहे आदि महोत्व पखवाडा के आयोजन की श्रृंखला में जनजातीय विकास मंत्री डा मारकंडा ने भगवान बिरसा मुंडा की स्मृति में आयोजित किए जा रहे महोत्व में शिरकत की। मारकंडा ने कहा कि जनजातीय अधिकारों के संघर्ष में बिरसा मुंडा को जनजातीय समुदाय के नायक के रूप जाना जाता है।

जनजातीय समुदाय में उन्हें भगवान का दर्जा दिया गया है। कहा कि आदि महोत्व का मकसद जहां एक और भगवान बिरसा मुंडा के संघर्षों को याद करके जनजातीय अधिकारों के लिए संघर्ष का प्रण लेना है वहीं पर आदिवासी संस्कृति की भावना, शिल्प, भोजन, व्यापार एवं आदिवासी कला तथा हस्तशिल्प को बढावा देना है।

इस मौके पर उरगोस महिला मंडल ने लोक नृत्य एवं लोकगीत की प्रस्तुति पेश कर मयाड घाटी समृद्ध संस्कृति का प्रदर्शन किया। महोत्सव में लाहौल की हस्तशिल्प कला के लिए मशहूर उनी वस्त्रों, जुराब, टोपी, पटटी, थोबी के साथ छरमा से बने उत्पादों का प्रदर्शनी भी लगाई गई। रविवार को सलपट गांव में आदि महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। मारकंडा कहा कि भारत सरकार की ओर छरमा प्रोसेसिंग के लिए 25 लाख रुपए स्वीकृत किए गए हैं। इस बजट से तिंगरेट, केलांग, जिस्पा और उदयपुर में छरमा से बने उत्पादों के निर्माण के लिए यनिटों की स्थापना की जाएगी। मारकंडा ने अपनी ऐच्छिक निधि से उरगोस महिला मंडल को 15000 रुपए की राशि प्रोत्साहन स्वरूप सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुती के लिए दी।

भारत को लेकर गलतफहमी में न रहे चीन, विदेश मंत्री जयशंकर की ड्रैगन को खरी-खरी

नई दिल्ली। भारतीय विदेश मंत्री ने एस जयशंकर ने चीन पर जोदरार हमले किए और संबंधों के लेकर भारत का रूख साफ कर दिया है। विदेश मंत्री ने चीन की खरी-खरी सुनाते हुए कहा कि भारत को लेकर चीन गलतफहमी ने न रहे। उन्होने कहा कि चीन को द्विपक्षीय संबंधों को लेकर भारत की स्थिति के बारे में कोई शक नहीं होना चाहिए। जयशंकर कड़े शब्दों में भारत और चीन अपने संबंधों को लेकर विशेषतौर पर खराब दौर से गुजर रहे हैं क्योंकि बीजिंग ने समझौतों का उल्लंघन करते हुए कुछ ऐसी गतिविधियां कीं जिनके पीछे उसके पास अब तक विश्वसनीय स्पष्टीकरण नहीं है। उन्होंने यह भी कहा कि चीन के नेतृत्व को इस बात का जवाब देना चाहिए कि द्विपक्षीय संबंधों को वे किस ओर ले जाना चाहते हैं। यहां ब्लूमबर्ग न्यू इकोनॉमिक फोरम में वृहद सत्ता प्रतिस्पर्धाः उभरती हुई विश्व व्यवस्था विषय पर आयोजित गोष्ठी में एक सवाल के जवाब में जयशंकर ने कहा, मुझे नहीं लगता कि चीन को इस बारे में कोई संदेह है कि हमारे संबंधों में हम किस मुकाम पर खड़े हैं और क्या गड़बड़ है। मेरे समकक्ष वांग यी के साथ मेरी कई बार मुलाकात हुई हैं। जैसा कि आपने भी यह महसूस किया होगा कि मैं बिलकुल स्पष्ट बात करता हूं, अतः समझा जा सकता है कि स्पष्टवादिता की कोई कमी नहीं है।

कृषि कानूनों की वापसी से भी नहीं पिघले किसान, राकेश टिकैत ने बताया आगे के आंदोलन का प्लान

गाजियाबाद। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी केंद्र ने तीनों विवादित कृषि कानून वापस लेने की घोषणा भले ही कर दी गई हो, लेकिन किसान आंदोलन अब भी जारी है। शनिवार को हुई संयुक्त किसान मोर्चा की कोर कमेटी की बैठक के बाद भारतीय किसान यूनियन (बीकेयू) के नेता राकेश टिकैत ने कहा कि 22, 26 और 29 नवंबर को जो कार्यक्रम होने वाले हैं उन्हें रोका नहीं जाएगा। गाजीपुर बॉर्डर पर आंदोलन की अगुवाई कर रहे राकेश टिकैत ने कहा कि अगर सरकार को कोई बातचीत करनी है तो वो बात कर सकते हैं। यह बातचीत अगर शुरू में ही हो गई होती तो इतने किसानों की मृत्यु नहीं होती। टिकैत ने कहा कि संसद में तीन कानूनों को निरस्त करने और फसलों के लिए एमएसपी की कानूनी गारंटी दिए जाने के बाद ही किसान आंदोलन वापस लिया जाएगा।

वहीं, किसान नेता दर्शन पाल सिंह ने कहा कि आंदोलन अभी जारी रहेगा। हमें 22 तारीख को लखनऊ की रैली को कामयाब करना है। अगर लखीमपुर खीरी में हमारे साथियों को परेशान करने की कोशिश की जाती है तो फिर हम लखीमपुर खीरी इलाके में आंदोलन चलाएंगे। आज की बैठक में फैसला लिया गया कि हमारे 22, 26 और 29 नवंबर को जो कार्यक्रम होने वाले हैं वो जारी रहेंगे। 22 को लखनऊ रैली के बाद 26 को पूरे देश में किसान आंदोलन के एक साल पूरे होने पर जश्न मनाया जाएगा और 29 को ट्रैक्टर मार्च (संसद तक) होगा। सिंघु बॉर्डर पर मौजूद किसान नेता गुरनाम सिंह चढूनी ने कहा कि सरकार ने तीनों कृषि कानूनों को वापस लेने के लिए बोला है तो वो इसको कब तक वापस लेंगे इसके बारे में कुछ ठोस नहीं है। टरढ पर अभी कोई ठोस बात नहीं हुई है और जो मामले किसानों पर दर्ज हुए हैं, उनको भी वापस लेना चाहिए। बता दें कि, 26 जनवरी को राजधानी में किसानों की ट्रैक्टर रैली ने हिंसक रूप ले लिया था। इस दौरान बेकाबू भीड़ लालकिले में घुस गई थी और वहां प्राचीर पर एक धार्मिक ध्वज फहरा दिया था।

पाकिस्तान में 11 साल के हिंदू लड़के की यौन उत्पीड़न के बाद हत्या

इस्लामाबाद, एजेंसी)। पाकिस्तान के सिंध प्रांत में 11 वर्षीय हिंदू लड़के का यौन उत्पीड़न कर बेरहमी से हत्या कर दी गई। शनिवार को मीडिया में आई खबर में यह जानकारी दी गई है।

लड़के के परिवार के सदस्यों ने कहा कि वह शुक्रवार शाम को लापता हो गया था और उसका शव शनिवार को प्रांत के खैरपुर मीर इलाके के बबरलोई कस्बे में एक सुनसान घर में मिला। द एक्सप्रेस ट्रिब्यून ने लड़के के संबंधी राज कुमार के

गुरु नानक जयंती कार्यक्रम में था परिवार

हवाले से कहा, पूरा परिवार गुरुनानक की जयंती के कार्यक्रमों में व्यस्त था।

हमें नहीं पता कि बच्चा कैसे लापता हो गया। वह 11 रात बजे घर में मृत मिला। बबरलोई थाने के एसएचओ ने कहा कि अपराधियों ने लड़के का यौन उत्पीड़न करने के बाद गला दबाकर उसकी हत्या कर दी। एसएचओ ने कहा, हमने दो लोगों को गिरफ्तार किया है, जिनमें से एक ने अपना अपराध कबूल कर लिया है।

बाल संरक्षण प्राधिकरण, सुक्कुर के जुबैर महर ने कहा कि नाबालिग के शरीर पर प्रताड़ना के भी निशान हैं। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ हफ्तों में सूबे में इस तरह की यह दूसरी घटना है। महर ने कहा, कुछ समय पहले, सुक्कुर जिले के सालेह पाट में हिंदू समुदाय की एक नाबालिग लड़की लापता हो गई थी। पुलिस ने उसकी बरामदगी के लिए 25 लाख रुपये के इनाम की भी घोषणा की, लेकिन यह सब व्यर्थ गया।

क्वॉड की अगली बैठक में चीन की दुखती रग पर होगी चर्चा, भारत भी है सदस्य

नई दिल्ली। हिवाइट हाउस के हिंद-प्रशांत क्षेत्र के कोऑर्डिनेटर कर्ट कैंपबेल ने जानकारी दी है कि क्वाड ग्रुप की अगली बैठक 2022 में होगी जिसकी मेजबानी जापान करेगा। यह क्वाड ग्रुप की दूसरी बैठक होगी जिसमें भारत, अमेरिका, जापान और ऑस्ट्रेलिया के टॉप लीडर आमने-सामने बैठेंगे। हिंद-प्रशांत और उसके बाहर चीन की बढ़ती आक्रामकता के खिलाफ यह चार देशों का गुट है। हालांकि आधिकारिक तौर पर ऐसा नहीं है लेकिन डिफेंस और जियोपॉलिटिकल एक्सपर्ट्स और एनालिस्ट्स यही मानते हैं। कैंपबेल ने जापान में आयोजित होने वाले

क्वाड ग्रुप की बैठक में बहुत विस्तार से नहीं बताया है लेकिन जापानी मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो यह बैठक 2022 के वसंत की शुरूआती मौसम में आयोजित किया जा सकता है। भारत को लेकर कैंपबेल ने कहा है कि भारत क्वाड ग्रुप का एक महत्वपूर्ण देश है। वाशिंगटन नई दिल्ली के साथ अपने संबंधों को बढ़ाने को लेकर संकल्पित है। मैं भारत को लेकर बहुत आशावादी हूं और मुझे लगता है कि हम सभी यह मानते हैं कि इस ग्रुप में भारत एक बेहद महत्वपूर्ण सदस्य है। उन्होंने आगे कहा है कि भारत 21वीं का प्रमुख खिलाड़ी है। भारत और वियतनाम जैसे देश एशिया के भविष्य की कहानी लिखेंगे। क्वाड बैठक में ताइवान को लेकर एक अलग सत्र का आयोजन संभव है। अमेरिकी स्टेट डिपार्टमेंट ने जानकारी दी थी कि ताइवान चीन के बढ़ते दबाव का सामना कर रहा है, ऐसे में क्वाड बैठक में ताइवान के साथ आर्थिक वार्ता का एक सत्र आयोजित किया जाएगा।

अंखड भारत संदेश के लिए स्वामी श्री योगी सत्यम क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान संस्थान झूंसी, प्रयागराज 211019 से प्रकाशित एवं रामा प्रिंटिग प्रेस 53/25/1ए बेली रोड नया कटरा प्रयागराज से मुद्रित।

मुद्रक/प्रकाशक

स्वामी श्री योगी सत्यम पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों से संबंधित विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा। आरएनआई नं. UPHIN 2001/9025